# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, सोमवार 28 अप्रैल 2025


आतंक के आकाओं का 'अंत' तय

## सीडीएस अनिल चौहान ने रक्षा मंत्री के सामने रखा 'प्लान'

**बैठक 'रणनीति' पर केंद्रित रही**



बैठक आतंकियों के खात्मे और जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति को मजबूत करने की रणनीति पर केंद्रित रही

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से ही सुरक्षाबलों का ऑपरेशन तेज है। एक के बाद एक आतंक के आकाओं के घर को उड़ाया जा रहा है। इसके अलावा पाकिस्तान की ओर से किए जा रहे फायरिंग का भी भारतीय सेना मुंहतोड़ जवाब दे रही है। इसी बीच रविवार को शाम 4 बजे भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) अनिल चौहान ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से उनके आवास पर मुलाकात की।

### बीएसएफ के डीजी भी पहुंचे गृह मंत्रालय

यह बैठक आतंकियों के खात्मे और जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति को मजबूत करने की रणनीति पर केंद्रित रही। दूसरी ओर, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के डायरेक्टर जनरल दलजीत सिंह चौधरी गृह मंत्रालय पहुंचे, जहां आतंकवाद के खिलाफ चल रही कार्रवाइयों और सीमा सुरक्षा पर चर्चा हुई।

### अभियानों की जानकारी भी दी

इस दौरान सुरक्षाबलों द्वारा चलाए जा रहे अभियान की जानकारी के अलावा सुरक्षा और आगे की रणनीति पर भी चर्चा हुई। सीडीएस ने बताया कि इंटेलिजेंस एजेंसियों ने जम्मू-कश्मीर में सक्रिय 14 स्थानीय आतंकियों की एक सूची तैयार की है। 20 से 40 वर्ष आयु वर्ग के ये आतंकी पाकिस्तान से आए विदेशी आतंकियों को जमीनी स्तर पर लॉजिस्टिक और अन्य सहायता प्रदान कर रहे हैं। ये आतंकी तीन बड़े पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठनों हिज्बुल मुजाहिदीन, लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े हुए हैं। इनमें से 3 आतंकियों का संबंध हिज्बुल मुजाहिदीन से, 8 का लश्कर-ए-तैयबा से और 3 का जैश-ए-मोहम्मद से है।

**डेडलाइन खत्म :** पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तानी नागरिकों को 27 अप्रैल रात 12 बजे तक भारत छोड़ देने का आदेश था

# भोपाल में करीब 235, इनमें से कई चले गए, इंदौर में 200 से अधिक...रात 12 बजे तक छोड़ा देश

पासपोर्ट विभाग ने लगातार पाकिस्तानी नागरिकों से संपर्क किया और उन्हें वाघा बॉर्डर के जरिए वापस भेजने की प्रक्रिया समझाई

कुछ नागरिकों ने विमान से भारत छोड़ा, चूंकि भारत का पाकिस्तान के साथ सीधा हवाई संपर्क नहीं है, इसलिए वे अन्य देशों के लिए रवाना हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल/नई दिल्ली

पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तानी नागरिकों को भारत छोड़ देने को कहा गया था। 27 अप्रैल की रात 12 बजे यह डेडलाइन पूरी हो गई। भारत सरकार ने शॉर्ट टर्म वीजा पर भारत में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को 27 अप्रैल तक भारत छोड़ने के आदेश दिए हैं। मेडिकल वीजा वालों के लिए समय-सीमा 29 अप्रैल तक है। इसके मद्देनजर भोपाल व इंदौर में पुलिस और प्रशासन पूरी मुस्तैदी से इस अभियान में जुटा रहा। पासपोर्ट विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे सभी संबंधित नागरिकों की पहचान कर उनकी जल्द से जल्द वापसी सुनिश्चित करें। भोपाल में करीब 235 पाकिस्तानी नागरिक आए हुए थे, जिनमें से कई पहले ही देश छोड़ चुके हैं।



### भोपाल में 3 पाकिस्तानी वीजा लेकर आए

*भोपाल में तीन पाकिस्तानी वीसा लेकर आए हैं। इनमें एक हिंदू और दो मुस्लिम युवक बताई जा रहे हैं। पाकिस्तानी हिंदू ने डेडलाइन देने से पहले आवेदन दे रखा था, उस पर विचार हो रहा है। बाकी दो के बारे में कुछ टेक्निकल इश्यू है। इस मुद्दे पर बात करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में प्रदेश के मुख्य सचिव व एडीजी इंटेलीजेंस शामिल हुए थे।*

### रविवार रात तक सबको निकाला

अब तक करीब हजार पाकिस्तानी नागरिक भारत से जा चुके हैं और रविवार तक बाकी को भी निकाल दिया गया। महाराष्ट्र से 107 लोग गायब बताए गए हैं। हालांकि, सीएम देवेंद्र फड़णवीस ने कहा कि कोई गायब नहीं हुआ है। महाराष्ट्र में करीब 5,050 पाकिस्तानी नागरिक रह रहे थे और उनमें से ज़्यादातर लंबी अवधि के वीज़ा पर थे।

### 629 भारतीय नागरिक भी पाकिस्तान से लौटे

अब तक महाराष्ट्र, तेलंगाना, केरल, मध्य प्रदेश, ओडिशा, गोवा, गुजरात और उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजा जा चुका है। महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा करीब 1,000 पाकिस्तानी नागरिक शॉर्ट-टर्म वीजा पर थे, जिनमें से कई ने देश छोड़ दिया है। कुछ नागरिकों ने विमान से भारत छोड़ा।

**यह परीक्षण भारतीय** नौसेना के जहाजों से किया गया

## भारतीय नौसेना ने की एंटी-शिप फायरिंग कहा- किसी भी मुकाबले के लिए तैयार

लंबी दूरी के सटीक आक्रामक हमले के लिए प्लेटफॉर्म, सिस्टम और चालक दल की तत्परता को पुनः प्रमाणित किया



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना राष्ट्र के समुद्री हितों की रक्षा के लिए किसी भी समय, कहीं भी और किसी भी प्रकार से मुकाबले के लिए तैयार है। अपनी यही तैयारी प्रदर्शित करते हुए नौसेना ने सफलतापूर्वक एंटी-शिप फायरिंग की है। यह परीक्षण भारतीय नौसेना के जहाजों से किया गया। नौसेना की इस एंटी-शिप फायरिंग ने लंबी दूरी के सटीक आक्रामक हमले के लिए प्लेटफार्म, सिस्टम और चालक दल की तत्परता को पुनः प्रमाणित किया है। रविवार को नौसेना ने बताया कि चालक दल की तत्परता को प्रदर्शित करने के लिए उन्होंने कई सफल एंटी-शिप फायरिंग की हैं।













### शाजापुर में बस बनी आग का गोला

**शाजापुर।** सनकोटा गांव के पास आगर मुंबई नेशनल हाईवे पर स्थित ढाबे पर खड़ी बस में



अचानक आग लग गई। चंद मिनटों में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। देखते ही देखते आग ने पूरी बस को चपेट में ले लिया। गनीमत रही कि जब बस में आग लगी, तब सभी यात्री ढाबे में खाना खाने नीचे उतर गए थे। इस घटना में बस में सो रहा एक यात्री आग की चपेट में आकर झुलस गया। बस कानपुर से सूरत की ओर जा रही थी।

*बड़ी सौगात : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केंद्रीय कर्मचारियों के समान महंगाई भत्ता 55% करने की घोषणा की*

# मप्र में सरकारी कर्मचारियों की मौज, बढ़ाया 3 प्रतिशत डीए, अगले माह से होगा लागू



प्रदेश के लगभग सात लाख नियमित अधिकारियों-कर्मचारियों की लंबित एक और मांग को मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने पूरा कर दिया

**अभी भी 50 प्रतिशत की दर से ही महंगाई भत्ता मिल रहा है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केंद्रीय कर्मचारियों के समान महंगाई भत्ता 55% करने की घोषणा की है। इसमें 3% भत्ता 1 जुलाई 2024 और 2% 1 जनवरी 2025 से बढ़ाया जाएगा।

एरियर का भुगतान 5 समान किस्तों में जून से अक्टूबर 2025 के बीच किया जाएगा। राजपत्रित अधिकारी संघ के सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की ने यह घोषणा की। प्रदेश के लगभग सात लाख नियमित अधिकारियों-कर्मचारियों की लंबित एक और मांग को मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने पूरा कर दिया। नार्मदीय भवन तुलसी नगर में आयोजित राजपत्रित अधिकारी संघ के सम्मेलन में उन्होंने केंद्रीय कर्मचारियों के समान महंगाई भत्ता पांच प्रतिशत बढ़ाकर 55 प्रतिशत करने की घोषणा की। इसमें तीन प्रतिशत भत्ता एक जुलाई 2024 और दो प्रतिशत एक जनवरी 2025 से बढ़ाया गया है। एरियर का भुगतान पांच समान किस्तों में जून से अक्टूबर 2025 के बीच किया जाएगा।

**3 प्रतिशत** भत्ता 1 जुलाई 2024 और 2% 1 जनवरी 2025 से बढ़ाया जाएगा

एरियर का भुगतान 5 समान किस्तों में जून से अक्टूबर 2025 के बीच किया जाएगा

### किस श्रेणी में कितना होगा लाभ

प्रथम
**5200 से 6300**
द्वितीय
**2300 से 3350**
तृतीय
**850 से 1550**
चतुर्थ
**700 से 850**

◆ राजपत्रित अधिकारी संघ के सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की ने यह घोषणा की



### दो बार महंगाई भत्ता बढ़ाया

प्रदेश के कर्मचारी को अभी भी 50 प्रतिशत की दर से ही महंगाई भत्ता मिल रहा है। इसकी घोषणा भी अक्टूबर 2024 में की गई और नौ माह का एरियर तीन किस्तों में दिया गया। जबकि, इस बीच केंद्र सरकार ने दो बार महंगाई भत्ता बढ़ा दिया। इसका लाभ केंद्रीय कर्मचारियों को जुलाई 2024 और जनवरी 2025 से मिला। प्रदेश में अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों का दो प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ाकर 55 प्रतिशत करने के आदेश 17 अप्रैल को जारी किए जा चुके हैं।

### कर्मचारियों के हित में हो रहा काम

*मुख्यमंत्री के समक्ष जब राजपत्रित अधिकारी संघ ने महंगाई भत्ता बढ़ाने की मांग रखी तो उन्होंने मंच से इसे स्वीकार करते हुए घोषणा कर दी। डॉ.यादव ने कहा कि सरकार कर्मचारियों के हित में लगातार काम कर रही है। वे भत्ते जो वर्षों से लंबित थे।*

### महंगाई राहत बढ़ाने छत्तीसगढ़ से ली जाएगी सहमति

*वित्त विभाग के अधिकारियों का कहना है कि पेंशनरों की महंगाई राहत (डीआर) में पांच प्रतिशत वृद्धि करने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार से सहमति मांगी जाएगी। इसके लिए उन्हें पत्र भेजा जाएगा और सहमति प्राप्त होते ही आदेश जारी कर दिए जाएंगे। दरअसल, राज्य पुनर्गठन अधिनियम की धारा 49 में पेंशनर के वित्तीय मामले में दोनों राज्यों की सहमति का प्रावधान है। वर्ष 2000 के पहले के कर्मचारियों की पेंशन में आने वाले वित्तीय भार का 73 प्रतिशत मध्य प्रदेश और 27 प्रतिशत छत्तीसगढ़ को उठाना पड़ता है। जबकि, पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के संरक्षक गणेश दत्त जोशी का कहना है कि इस प्रावधान को लेकर केंद्र सरकार अपना रुख स्पष्ट कर चुकी है। राज्य सरकार को निर्णय लेना है पर इसे लंबित रखा जा रहा है। पेंशनरों की महंगाई राहत में वृद्धि और एरियर का भुगतान कर्मचारियों की तरह ही होना चाहिए।*

बाइक से टकराकर **कुए में जा गिरी कार**



## 12 लोगों की मौत, बचाने उतरे एक शख्स ने भी दम तोड़ा दिया

◆ आंतरी माता जी के दर्शन के लिए जा रही कार बाइक से टकराकर बिना मुंडेर के कुए में गिरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर

जिले के नारायणगढ़ थाना क्षेत्र में रविवार को बड़ा हादसा हो गया। हादसे में एक बाइक सवार सहित कार सवार 12 लोगों की मौत हो गई। वहीं, चार लोग घायल हो गए जिन्हें इलाज हेतु जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। आंतरी माता जी के दर्शन के लिए जा रही कार बाइक से टकराकर बिना मुंडेर के कुए में जा गिरी।

सूचना पर पुलिस व प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। कार सवार सभी लोग रतलाम के बताए जा रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा,डीआईजी मनोज कुमार सिंह, कलेक्टर अदिति गर्ग, एसपी अभिषेक आनंद, एडिशनल एसपी गौतम सोलंकी और एसडीओपी नरेंद्र सोलंकी मौके पर पहुंच गए।



### कुए में पानी ज्यादा होने से रेस्क्यू में देरी

कुए में पानी ज्यादा होने से रेस्क्यू में टाइम लगा। कुए में पंप के जरिए पानी निकाला गया। वैन में सवार लोगों को बचाने कुए में उतरे मनोहर सिंह का शव की तलाश देर शाम तक जारी रही। वैन के फंसी तीन साल की बच्ची समेत चार लोगों को सुरक्षित निकालकर मंदसौर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

भोपाल में 11 दिन बाद पारा 40 डिग्री से नीचे 39.2 डिग्री रहा, रात में भी 3.4 डिग्री की कमी से कुछ राहत

गर्मी से कुछ राहत मिली पर उमस भी बढ़ी

## चार दिन प्रदेश में आंधी-बारिश ओले, भोपाल में बादल- बौछारें

दमोह, छिंदवाड़ा, जबलपुर, सिवनी, डिंडौरी सहित डेढ़ दर्जन जिलों में आंधी के साथ बारिश और ओले गिरने से बदला मौसम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश के दो दर्जन जिलों में रविवार को सुबह से देर शाम तक आंधी के साथ बारिश और कुछ जगह ओले गिरने का सिलसिला चला। भोपाल में बादल और बूंदाबांदी रही, जबकि सिवनी, छिंदवाड़ा, नरसिंगपुर, मंडला, डिंडोरी, जबलपुर, पन्ना, मैहर, रीवा, मऊगंज और बालाघाट में गरज के साथ बारिश हुई। करीब 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी का दौर रहा। विदिशा, सागर, दमोह, पूर्वी रायसेन, शहडोल, पांढुर्णा और उमरिया में भी हल्की बारिश रही। शाम के समय बांधवगढ़, अनुपपुर, सिंगरौली, सीधी, सतना, छतरपुर जिलों में भी बारिश होने से इन जिलों में तापमान में गिरावट रही।



### नौगांव में 10 डिग्री की गिरावट

भोपाल में 11 दिन बाद अधिकतम पारा 1.5 डिग्री गिरकर 40 डिग्री से नीचे 39.2 डिग्री रहा, जो सामान्य से 1.8 डिग्री कम है। इससे पहले 16 अप्रैल को यहां अधिकतम तापमान 39.8 डिग्री रहा था। बैतूल, ग्वालियर, रायसेन, शिवपुरी, छिंदवाड़ा, दमोह, खजुराहो, रीवा, सतना, सिवनी, टीकमगढ़ सहित दो दर्जन से ज्यादा जिलों में पारा 2 से 4 डिग्री तक गिरकर औसतन 40 डिग्री से नीचे पहुंच गया।

### 2 मई को कहीं बारिश, कहीं लू

अगले तीन दिन प्रदेश में बारिश आंधी के बीच एक से 2 मई की सुबह तक रायसेन, सिंगरौली, सीधी, सतना, अनुपपुर, शहडोल, डिंडोरी, जबलपुर, मंडला, बालाघाट, दमोह, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, मैहर जिलों में आंधी- बारिश होगी। वहीं, बुरहानपुर, अलीराजपुर, झाबुआ, इंदौर, रतलाम, देवास, गुना, अशोकनगर, खंडवा, खरगोन, नीमच, शिवपुरी में लू का असर भी रह सकता है।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद...

## केंद्र सरकार का एक और सख्त फैसला पाक हिंदुओं की चारधाम यात्रा पर रोक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम में हुए हालिया आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए पाकिस्तानी नागरिकों की चारधाम यात्रा पर रोक लगा दी है। सरकार के इस फैसले के बाद चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण करा चुके 77 पाकिस्तानी हिंदू श्रद्धालु अब यात्रा नहीं कर पाएंगे।

गौर हो कि चारधाम यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह देखने को मिल रहा है। अब तक कुल 21 लाख से अधिक लोगों ने पंजीकरण कराया है। विदेशों से भी 24,729 श्रद्धालुओं ने पंजीकरण कराया है। खास बात यह है कि इस यात्रा में शामिल होने के लिए पाकिस्तान से भी 77 श्रद्धालुओं ने अपना नाम दर्ज कराया था।

पंजीकरण करा चुके 77 पाकिस्तानी हिंदू श्रद्धालु अब यात्रा नहीं कर पाएंगे

यात्रा में भाग लेने के लिए विदेशों से भी 24,729 श्रद्धालुओं ने पंजीकरण कराया



**30 अप्रैल से उत्तराखंड में चारधाम यात्रा की शुरुआत होने जा रही**

30 अप्रैल से उत्तराखंड में चारधाम यात्रा की शुरुआत होने जा रही है। यात्रा को लेकर प्रशासन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। हर साल की तरह इस बार भी बाबा केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के दर्शन के लिए लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है।

### सुरक्षा कारणों का दिया हवाला

दरअसल, पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद सरकार सख्त है। इस हमले के बाद केंद्र सरकार ने त्वरित फैसला लेते हुए पाकिस्तानी श्रद्धालुओं को यात्रा की अनुमति नहीं देने का निर्णय लिया। सुरक्षा कारणों से ऐहतियात के तौर पर यह निर्णय लिया गया है। विदेशी श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई है।




सिद्धारमैया ने पुराने बयान पर अब लिया यू-टर्न

# पाकिस्तान को ऐसा सबक सिखाएं, दोबारा सोच भी न सके

## यह बोला था- एक देश के पास युद्ध अंतिम विकल्प

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

दक्षिण पहलगाम में पर्यटकों पर हमले के बाद भारत और पाकिस्तान संबंध एक बार फिर पटरी से उतर गए हैं। इस बीच, पाकिस्तान पर हमले को लेकर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के बयान पर चर्चा गरम है। सिद्धारमैया ने अपने बयान को लेकर कहा कि एक देश के पास युद्ध को अंतिम विकल्प होना चाहिए।

अब सिद्धारमैया ने कहा कि मैंने युद्ध के बारे में जो बयान दिया, उस पर हो रही बहसों और चर्चाओं को मैंने देखा है, चाहे वह पक्ष में हो या विपक्ष में। युद्ध हमेशा एक राष्ट्र का अंतिम विकल्प होना चाहिए। कभी भी पहला और एकमात्र विकल्प नहीं होना चाहिए। जब दुश्मन को हराने के लिए हर अन्य तरीका विफल हो चुका हो, तब एक देश को युद्ध में जाने के लिए मजबूर होना चाहिए। पाक के समर्थन से आतंकवादियों ने पहलगाम में खौफनाक हमला कर स्पष्ट कर दिया है कि हमारी खुफिया और सुरक्षा प्रणाली में गंभीर चूक हुई। अब सरकार की यह जिम्मेदारी है कि पहले इन कमियों को सही किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि भविष्य में ऐसी त्रासदियां फिर से न हों।

**हमें युद्ध की जरूरत नहीं**



*सरकार पहले अपनी कमियों को दूर करे कि ऐसी त्रासदी न हो*

### पीएम लोगों को गुमराह कर रहे

शनिवार को पत्रकारों से बातचीत में सिद्धारमैया ने कहा था कि हमले के बाद हुई सर्वदलीय बैठक के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी को वहां होना चाहिए था। वे बिहार में चुनाव प्रचार करने गए थे। ऐसे में सवाल है कि उनके लिए क्या महत्वपूर्ण है? वे लोगों को टोपी पहना रहे हैं (मतलब लोगों को गुमराह बना रहे हैं)। सिद्धारमैया ने कहा था कि युद्ध की कोई जरूरत नहीं है। हम इसके पक्ष में नहीं हैं। हमें कड़े कदम उठाने चाहिए। सुरक्षा बढ़ाई जानी चाहिए।

### हमें वैश्विक समर्थन का लाभ उठाना चाहिए

दुनियाभर के देशों ने पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद की कड़ी निंदा की है और भारत के साथ मजबूती से खड़े हैं। हमें इस अभूतपूर्व वैश्विक समर्थन का लाभ उठाना चाहिए और पाकिस्तान को ऐसा कड़ा सबक सिखाना चाहिए कि वे कभी भी ऐसे कृत्य दोबारा न करें।

भाजपा का सिद्धारमैया पर तंज

### 'पाकिस्तान रत्न', आप भी खुली जीप में घूमेंगे...

कर्नाटक भाजपा प्रमुख बीवाई विजयेंद्र ने एक्स पर लिखा, सीमा पार से वजार-ए-आला सिद्धारमैया के लिए बधाई! देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का



जिक्र करते हुए विजयेंद्र ने कहा कि नेहरू को रावलपिंडी की सड़कों पर खुली जीप में घुमाया गया था, क्योंकि पाकिस्तान सिंधु जल संधि पर हस्ताक्षर करने के लिए नेहरू से बहुत खुश था। क्या सिद्धारमैया भारत के अगले राजनेता होंगे जिन्हें पाकिस्तान में खुली जीप में घुमाया जाएगा? विपक्ष के नेता आर अशोक ने सिद्धारमैया को 'पाकिस्तान रत्न' बताया। आप अपने बचकाने और बेतुके बयानों के कारण रातों-रात पाक में विश्व प्रसिद्ध हो गए हैं।

कर्नाटक के मंत्री का बेहूदा बयान

### आतंकवादियों ने धर्म नहीं पूछा होगा



सिद्धारमैया द्वारा पाकिस्तान के साथ युद्ध के पक्ष में नहीं का बयान देने के एक दिन बाद ही उनकी सरकार के एक मंत्री ने अपने बयान की वजह से एक और विवाद खड़ा कर दिया है। उनके आबकारी मंत्री आरबी तिम्मापुर ने कहा कि आतंकवादी अपने लक्ष्य की हत्या करने से पहले उसका धर्म नहीं पूछते। तिम्मापुर नेकहा कि उन्हें नहीं लगता कि हत्यारों ने गोली मारने से पहले किसी का भी धर्म पूछा होगा? उन्होंने कहा, जो व्यक्ति गोली चला रहा है, क्या वह जाति या धर्म पूछेगा? वह बस गोली चलाकर चला जाएगा।

## खबर संक्षेप

### सुमन के काफिले पर करणी सेना का हमला

**अलीगढ़।** यहां से निकल रहे सपा के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के काफिले को विरोध का



सामना करना पड़ा। काफिले को करणी सेना व क्षत्रिय समाज ने काले झंडे दिखाए और टायर भी फेंके। पुलिस-प्रशासन ने काफिले को रोका और सुमन को वापस किया। बुलंदशहर में 21 अप्रैल को थार से दलित समाज के 4 लोगों को कुचल दिया था।

### दिल्ली में कई झुग्गियों में आग, 2 की मौत

**नई दिल्ली।** रोहिणी सेक्टर 17 स्थित एक झुग्गी में रविवार सुबह अचानक आग लग गई। आग आस



पास मौजूद करीब एक दर्जन से अधिक झुग्गियों को अपने चपेट में ले लिया। सूचना मिलते ही दमकल की 20 गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया है। 2 शव बरामद हुए हैं। अभी तलाशी अभियान जारी है। लोग दमकल को देरी से पहुंचने का आरोप लगाया है।

### 3200 करोड़ के घोटाले में फंसे वाईएस के नेता

**अमरावती।** 3200 करोड़ के कथित शराब घोटाले को लेकर आंध्र प्रदेश की राजनीति गरमा गई



है। एसआईटी के रिमांड नोट में बताया गया है कि इसमें वाईएसआरसीपी के कई बड़े नाम शामिल हैं, जिन्होंने घोटाले से हर महीने 50-60 करोड़ की रिश्वत ली और इस पैसे को पार्टी फंड में भी जमा किया गया। राजशेखर रेड्डी को प्रमुख बताया गया है।

### जेल से छूटे अपराधी ने एएमयू में फायरिंग की

**अलीगढ़।** मुस्लिम विश्वविद्यालय में सक्रिय रहने वाले अपराधी गुटों से जुड़े एक अपराधी ने जेल से



छूटने के दो दिन बाद शनिवार शाम एएमयू में फायरिंग कर दी। ये घटना एएमयू के ही विधि छात्र से कार गलत दिशा में लाने के विवाद में हुई। अपराधी ने अपना नाम बताते हुए फायरिंग कर दहशत बनाने की कोशिश की। घटना से अफरा-तफरी मच गई।

### डायरेक्टर खालिद के पास 'गांजा', अरेस्ट

**चेन्नई।** मलयालम फिल्म जगत से चौंकाने वाली घटना है। शनिवार देर रात ड्रग से संबंधित अपराधों के



लिए जाने-माने व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया। इसमें निर्देशक खालिद रहमान और शालेफ मोहम्मद के साथ अशरफ हमजा को हाईब्रिड गांजा रखने के आरोप में पकड़ा। कोच्चि के गोसरी ब्रिज के पास एक रिहायशी इलाके में कार्रवाई हुई।

'मन की बात' में पीएम मोदी ने 'आतंकी हमला' समेत कई मुद्दों पर की बात

# पहलगाम हमले के दोषियों को बख्शेंगे नहीं पीड़ितों को 'न्याय' जल्द ही मिलकर रहेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

'मन की बात' कार्यक्रम में पीएम मोदी ने एक बार फिर से पहलगाम हमले को लेकर दुख जताया और साथ ही पहलगाम के दोषियों को कड़ी सजा देने की बात दोहराई। उन्होंने कहा कि पहलगाम की घटना ने देशवासियों को पीड़ा पहुंचाई है और इसे लेकर देशवासियों के मन में गहरी पीड़ा है। लोग पीड़ित परिजनों के दर्द को महसूस कर सकते हैं। हर भारतीय का खून आतंक की तस्वीरों को देखकर खौल रहा है। ऐसे समय में जब कश्मीर में शांति लौट रही थी और लोकतंत्र मजबूत हो रहा था। पर्यटकों की संख्या में अभूतपूर्व बढ़ोतरी हो रही थी और लोगों की कमाई बढ़ रही थी, लेकिन देश के दुश्मनों को और जम्मू कश्मीर के दुश्मनों को ये रास नहीं आया। आतंकी चाहते हैं कि कश्मीर फिर से तबाह हो जाए। इस मुश्किल वक्त में 140 करोड़ देशवासियों की एकता सबसे बड़ा आधार है।

*अब देशवासियों के मन में गहरी पीड़ा देखी जा रही*

*हम दृढ़ राष्ट्र के रूप में इच्छाशक्ति को मजबूत करेंगे*

## दोषियों को कड़ी सजा देने की बात फिर दोहराई



'मन की बात' का 121वां एपिसोड

### हमें संकल्पों को और मजबूत करना होगा

पीएम मोदी ने कहा कि हमें इस चुनौती का सामना करने के लिए अपने संकल्पों को मजबूत करना है। हमें एक दृढ़ राष्ट्र के रूप में अपनी इच्छाशक्ति को मजबूत करना है। भारत के लोगों में जो आक्रोश है, वो पूरी दुनिया में हैं। इस आतंकी हमले के बाद दुनियाभर से लगातार संवेदनाएं आ रही हैं। सभी ने जघन्य तरीके से किए गए आतंकी हमले की सभी ने कठोर निंदा की है। मैं पीड़ित परिवारों को भरोसा देता हूं उन्हें न्याय मिलेगाऔर न्याय मिलकर रहेगा। इस हमले के दोषियों को कठोरतम जवाब दिया जाएगा।

### दुनियाभर ने की इस हमले की निंदा

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के हम लोगों में जो आक्रोश है, वो आक्रोश पूरी दुनिया में है। इस आतंकी हमले के बाद लगातार दुनिया भर से संवेदनाएं आ रही हैं। मुझे भी वैश्विक नेताओं ने फोन किए हैं, पत्र लिखे हैं, संदेश भेजे हैं। इस जघन्य तरीके से किए गए आतंकी हमले की सब ने कठोर निंदा की है। उन्होंने मृतकों के परिवारजनों के प्रति संवेदनाएं प्रकट की हैं। पूरा विश्व, आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई में, 140 करोड़ भारतीयों के साथ खड़ा है।

### बिहार से दी थी आतंक के आकाओं को चेतावनी

इससे पहले पपीएम मोदी ने बीते गुरुवार को बिहार की एक जनसभा में भी पहलगाम हमले के दोषियों को चेतावनी देते हुए कहा था कि आज बिहार की सरजमीं से मैं पूरी दुनिया से यह कहना चाहता हूं कि भारत इन लोगों की पहचान करेगा, उन्हें ढूंढेगा और हर आतंकी तथा उनकी मदद करने वालों को सजा देगा। हम उन्हें पृथ्वी के अंतिम छोर तक खदेड़ देंगे। भारत की आत्मा को आतंकवाद कभी नहीं तोड़ सकता। इंसाफ मिले, इसके लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

### आतंकियों और साजिशकर्ताओं को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी

पीएम मोदी ने कहा कि यह हमला सिर्फ निहत्थे पर्यटकों पर नहीं हुआ है, देश के दुश्मनों ने भारत की आत्मा पर हमला करने का दुस्साहस किया है। मैं बहुत स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूं कि जिन्होंने यह हमला किया है, उन आतंकियों को और इस हमले की साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी। सजा मिलकर रहेगी। अब आतंकियों की बची-खुची जमीन को भी मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। 140 करोड़ भारतीयों की इच्छाशक्ति अब आतंक के आकाओं की कमर तोड़कर रहेगी।

विश्व-मित्र के रूप में मानवता के लिए भारत की प्रतिबद्धता हमारी पहचान बनी

### 'ऑपरेशन ब्रह्मा' की भी याद दिलाई

### भारत की वैश्विक मित्रता और मानवता के प्रति समर्पण को रेखांकित किया

पीएम मोदी ने 'मन की बात' के 121वें एपिसोड में भारत की वैश्विक मित्रता और मानवता के प्रति समर्पण को रेखांकित किया। म्यांमार में आए भूकंप के बाद 'ऑपरेशन ब्रह्मा' के तहत भारत की त्वरित सहायता, इथियोपिया में प्रवासी भारतीयों द्वारा बच्चों के इलाज की पहल और अफगानिस्तान व नेपाल को वैक्सीन व दवाइयों की आपूर्ति जैसे प्रयासों का जिक्र करते हुए पीएम ने 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना को जीवंत किया। आपदा प्रबंधन में 'सचेत एप' की उपयोगिता पर जोर देकर उन्होंने तकनीक और सतर्कता के महत्व को भी उजागर किया।

मानसून सत्र में पेश होगा बीमा विधेयक

# बीमा में 100% एफडीआई 2047 तक सभी को बीमा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार बीमा संशोधन विधेयक को संसद के आगामी मानसून सत्र में पेश कर सकती है। इसमें इंश्योरेंस सेक्टर में 100 फीसदी एफडीआई का प्रस्ताव है। बताया जा रहा कि विधेयक का मसौदा तैयार है और इसे जल्द ही मंजूरी के लिए मंत्रिमंडल के सामने रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल की मंजूरी के बाद वित्त मंत्रालय के तहत वित्तीय सेवा विभाग विधेयक को संसद में पेश करने की प्रक्रिया शुरू करेगा। मानसून सत्र आमतौर पर जुलाई में शुरू होता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस साल के बजट भाषण में यह प्रस्ताव रखा था। उन्होंने कहा कि यह बढ़ी हुई सीमा उन कंपनियों के लिए होगी, जो भारत में पूरा प्रीमियम निवेश करती हैं। वित्त मंत्रालय ने बीमा अधिनियम, 1938 के विभिन्न प्रावधानों में संशोधन करने का प्रस्ताव दिया है, जिसमें बीमा क्षेत्र में एफडीआई को बढ़ाकर 100 प्रतिशत करना, चुकता पूंजी में कमी और समग्र लाइसेंस का प्रावधान शामिल है।

### समग्र लाइसेंस का भी प्रावधान होगा

सरकार 2047 तक 'सभी के लिए बीमा' के लक्ष्य पाना चाहती है। इस विधेयक में समग्र लाइसेंस का भी प्रावधान आ सकता है। इससे कंपनियों को भी फायदा होगा। अभी बीमा अधिनियम, 1938 के प्रावधानों के अनुसार, जीवन बीमा कंपनियां केवल जीवन बीमा कवर ही दे सकती हैं। साधारण बीमा कंपनियां स्वास्थ्य, मोटर, आग लगने जैसे गैर-बीमा उत्पाद दे सकती हैं। इरडा बीमा कंपनियों के लिए समग्र लाइसेंसिंग की अनुमति नहीं देता है। ऐसे में एक बीमा कंपनी एक इकाई के रूप में जीवन और गैर-जीवन, दोनों उत्पाद नहीं दे सकती है।

### कांग्रेस ने की विशेष सत्र की मांग!

पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर कांग्रेस संसद का एक विशेष सत्र बुलाने की मांग कर रही है। इसके लिए कांग्रेस ने अन्य विपक्षी दलों से भी संपर्क किया है। कांग्रेस द्वारा पत्र का मसौदा तैयार किया जा रहा है और पार्टी नेतृत्व इस मामले पर अन्य विपक्षी नेताओं से विचार-विमर्श कर रहा है। बताया जा रहा है कि यह पत्र जल्द ही भेजे जाने की संभावना है।

तमिलनाडु कृषि विवि में व्याख्यान में बोले उपराष्ट्रपति धनखड़

# किसान सिर्फ उत्पादक होने के ऊपर उठें और अब समृद्धि की ओर आगे बढ़ें

## धनखड़ का कृषि उद्यमिता को और बढ़ावा देने पर जोर

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ इस समय 2 दिनी तमिलनाडु के दौरे पर हैं। यहां रविवार को वे तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय (टीएनएयू) में एक व्याख्यान समारोह में शामिल हुए। इस दौरान धनखड़ ने कहा कि अब किसानों को सिर्फ उत्पादक होने से ऊपर उठना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीय कृषि एजेंडे के लिए खाद्य सुरक्षा से किसान समृद्धि की ओर बढ़ने का समय आ गया है। इस कार्यक्रम में राज्यपाल आरएन रवि और टीएनएयू के

### भारत अब कृषि उत्पादों का बड़ा निर्यातक बना

उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत अब कृषि उत्पादों का बड़ा निर्यातक है। हमारे कुल निर्यात में कृषि खाद्य उत्पादों का हिस्सा 11 प्रतिशत से अधिक है।अब समय



बदल गया है। हमें खाद्य सुरक्षा से किसान समृद्धि की ओर बढ़ना चाहिए। किसान समृद्ध होना चाहिए और यह आपके जैसे संस्थानों से विकसित होना चाहिए।हमारे 730 कृषि विज्ञान केंद्र किसानों को शिक्षित करने के लिए कार्रवाई के जीवंत केंद्र होने चाहिए। भूमि और प्रयोगशाला के बीच की खाई को पाटा जाना चाहिए। नवाचार और शोध पहलों का मूल्यांकन इस आधार पर किया जाना चाहिए कि उनका किसान पर क्या प्रभाव पड़ता है। केंद्र और राज्य सरकारों के अलावा उद्योग, व्यापार, व्यवसाय और वाणिज्य द्वारा भी शोध को समर्थन दिया जाना चाहिए।

### भारत में 46 प्रतिशत आबादी कृषि से जुड़ी

टीएनएयू में 'विकसित भारत के लिए कृषि-शिक्षा, नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देना' विषय पर छात्रों और अन्य लोगों को संबोधित करते हुए धनखड़ ने कहा कि भारत में 46 प्रतिशत आबादी कृषि से जुड़ी हुई है। बावजूद इसके यह क्षेत्र सकल घरेलू उत्पाद में केवल 16 प्रतिशत का योगदान देता है। ऐसे में टीएनएयू जैसे संस्थानों को आगे बढ़ना चाहिए

## पटना समेत बिहार के 6 जिलों में रेड अलर्ट



### वज्रपात, ओलावृष्टि की चेतावनी बारिश शुरू

पटना। राजधानी पटना समेत बिहार के 6 जिलों में अगले कुछ घंटों में वज्रपात, ओलावृष्टि और बारिश के साथ तेज हवा चलने की प्रबल संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने सारण,वैशाली, पटना, भोजपुर, अरवल और जहानाबाद में रेड अलर्ट जारी किया है। जहानाबाद और अरवल जिले में तो आंधी और बारिश शुरू भी हो गई है।

गोयल ने म्यूचुअल फंड मैनेजरों व वित्तीय सलाहकारों को किया संबोधित

# मुद्रा भंडार, तेज विकास दर से भारत में निवेश बढ़ रहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को कहा कि भारत का मजबूत विदेशी भंडार और दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती हुई जीडीपी घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों प्रकार के निवेश को आकर्षित कर रही है। दिल्ली में म्यूचुअल फंड मैनेजरों और वित्तीय सलाहकारों के कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ने कह कि भारत की ग्रोथ स्टोरी सुरक्षित, संरक्षित और स्थिर है। उन्होंने कहा कि मेक इन इंडिया जैसे इनिशिएटिव्स के माध्यम से हमारा देश अपनी प्रतिस्पर्धी शक्तियों और बढ़ती मैन्युफैक्चरिंग क्षमताओं के दम पर वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में एकीकृत हो गया है।

## वाणिज्य और उद्योग मंत्री बोले-देश वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में एकीकृत हो गया

### विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 6 माह में उच्चतम स्तर पर पहुंचा



गोयल का बयान ऐसे समय पर आया है, जब देश का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर छह महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। भारतीय रिजर्व बैंक के डेटा के अनुसार 18 अप्रैल को समाप्त हुए हफ्ते में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 8.3 अरब डॉलर बढ़कर 6 महीने के उच्चतम स्तर 686.15 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। बीते 6 हफ्तों में देश के विदेशी मुद्रा भंडार में 39.2 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है।

### विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि से रुपया मजबूत

देश के विदेशी मुद्रा भंडार में मजबूती से अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए को मजबूती मिलती है, जो अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा है। विदेशी मुद्रा भंडार में हाल ही में हुई वृद्धि से रुपया भी मजबूत हुआ है। पिछले सप्ताह जारी आईएमएफ की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना है।

### आर्थिक वृद्धि दर 2025 में 6.2 प्रतिशत रहेगी

आईएमएफ रिपोर्ट में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 2025 में 6.2 और 2026 में 6.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो दूसरे स्थान पर मौजूद चीन के लिए अनुमान 2025 में 4 प्रतिशत और 2026 में 4.6 प्रतिशत से 2 प्रतिशत अधिक है। रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया भर में टैरिफ उथल-पुथल मचाने वाले अमेरिका की इस साल जीडीपी वृद्धि धीमी होकर 1.8 प्रतिशत रहने की उम्मीद है, जो 2026 में और घटकर 1.7 प्रतिशत रह सकती है।

सीजेआई व एससीबीए-11 में क्रिकेट मैच

# सिब्बल ने की तारीफ- सीजेआई को कहीं हारने की आदत नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कपिल सिब्बल ने दिल्ली के मॉडर्न स्कूल क्रिकेट ग्राउंड में सीजेआई-11 और एससीबीए-11 के बीच क्रिकेट मैच में हिस्सा लिया।

इस दौरान सिब्बल ने सीजेआई संजीव खन्ना की तारीफ की। उन्होंने कहा किसीजेआई को हारने की आदत नहीं है। सिब्बल ने कहा कि चीफ जस्टिस जब आए तो टॉस हुआ तो उन्होंने जीता। वे बेंच पर भी बैठकर जीतते हैं। यहां भी क्रिकेट में



भी जीतते हैं। हमारी कोशिश है कि यहां पर तो उनको हराया जाए, लेकिन मुझे बहुत ही मुश्किल लगता है। उनकी टीम बड़ी मजबूत है। सीजेआई ने बड़े-बड़े प्लेयर उधार भी लिए हुए हैं, जो सुप्रीम कोर्ट के जज नहीं हैं। हम चाहते हैं कि इसके द्वारा ऐसे मैच भी हों, जहां बार एंड बेंच भी इकट्ठा होकर क्रिकेट खेलें।

जबलपुर
सोमवार, 28 अप्रैल 2025
■ वैशाख मास कृष्ण पक्ष-1
■ वर्ष : 19, अंक : 351
■ पृष्ठ : 8+6=14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 44
न्यून. 22

# हरिभूमि


मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

## खबर संक्षेप

### पिता ने बेटी और दामाद को गोली मारी



**जलगांव।** महाराष्ट्र के जलगांव जिले के चोपड़ा शहर में ऑनर किलिंग का मामला सामने आया है। सीआरपीएफ के रिटायर्ड पीएसआई किरण मंगले ने एक शादी समारोह में अपनी ही बेटी और दामाद पर गोली चला दी। गोलीबारी की इस घटना में बेटी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दामाद गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने के बाद जलगांव एसपी डॉ. महेश्वर रेड्डी मौके पर पहुंचे। घटना की गहन जांच के आदेश दिए। पिता बेटी के प्रेम विवाह से नाराज था।

### खरगोन में भिड़ीं दो बाइक,तीन की मौत




**खरगोन।** खरगोन में मोटरसाइकिलों की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई, जिनमें एक सात साल की बच्ची भी शामिल है और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना शनिवार रात बिस्तान पुलिस स्टेशन क्षेत्र के अंतर्गत महारेल और मोमाडिया गांवों के बीच हुई। दो मोटरसाइकिलों की आपस में टक्कर हो गई,जिससे दो आदमियों और एक लड़की की मौके पर ही मौत हो गई। दो घायलों अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## इंदौर के ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेन्टर में हुआ सफल 'टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव-2025' का आयोजन

# कॉन्क्लेव में 2815.5 करोड़ के निवेश प्रस्ताव, 27760 रोजगार होंगे 'सृजित'

### सीएम ने कहा कि मप्र अब मात्र वादों का नहीं, विकास के पथ पर अग्रसर होने वाला राज्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र अब मात्र वादों का नहीं, विकास के पथ पर अग्रसर होने वाला राज्य है। 'टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव-2025' मप्र की तकनीकी-परक औद्योगिक यात्रा का स्वर्णिम पड़ाव है।

यह दिन मप्र के टेक्नो-इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के इतिहास में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि इंदौर में टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव का सफल आयोजन सिर्फ एक कॉन्क्लेव नहीं है, बल्कि प्रदेश की तकनीकी-परक अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए ऐतिहासिक कदम है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को इंदौर के ब्रिलिएंट कन्वेशन सेन्टर में आयोजित 'टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव-2025' को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 में हमने दुनिया को मप्र की प्रौद्योगिकी क्षमता से रूबरू करवाया था। यह कॉन्क्लेव उसी संकल्प का जीवंत उदाहरण है, जहां हम इरादों को निवेश में और 'नीतियों को क्रियान्वयन' में बदल रहे हैं।

सीएम ने कहा कि इस कॉन्क्लेव का उद्देश्य ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) 2025 के निवेश इरादों को ठोस निवेश में बदलना, राज्य में तकनीकी विकास के लिए सक्षम पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना है।

टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव है प्रदेश की तकनीकी परक औद्योगिक यात्रा का स्वर्णिम पड़ाव

कॉन्क्लेव का सफल आयोजन हमारी 'प्रॉमिस्ड डिलीवरी' की प्रतिबद्धता को दर्शाता है



### मुख्यमंत्री और उद्योगपतियों के बीच विशेष बैठकें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इसका उद्देश्य पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं का लोकार्पण करना, जीसीसी, आईटी, आईटीईएस सेमीकंडक्टर्स, ड्रोन और एवीजीसी-एक्सआर पर चर्चा करके इन नीतियों का सफल क्रियान्वयन कराना, मुख्यमंत्री और उद्योगपतियों के बीच विशेष बैठकें आयोजित करना है। इसके अलावा निवेश स्वीकृतियों और परियोजना-स्तरीय चिंताओं पर चर्चा करना और रीयल-टाइम अपडेट और एंड-टू-एंड सुविधा प्रदान करने के साथ प्रदेश को नवाचार और निवेश के लिए एक वैश्विक गंतव्य के रूप में स्थापित करना है।

### सीसीआईपी के तहत 5 एकड़ भूमि आवंटित हुई, भूमिपूजन और शिलान्यास भी हुआ

कंट्रोल-एस डेटा सेंटर के लिए सीसीआईपी के तहत 5 एकड़ भूमि आवंटित हुई हैं। इनमें भोपाल के बड़वई आईटी पार्क में 12 मेगाबाइट का डेटा सेंटर का निर्माण किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट का अनुमानित निवेश लगभग 500 करोड़ रुपए हैं, जिससे प्रत्यक्ष रूप से 200 से अधिक लोगों को रोजगार प्राप्त होगा। इसी तरह पंचशील इंफ्रा डेवलपर्स में सीसीआईपी के तहत 10 एकड़ भूमि आवंटित की गई है।

### *मप्र भारत का टेक हब बनने की ओर तीव्रता से अग्रसर*

*मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे आपको यह बताते हुए और भी गर्व हो रहा है कि इस कॉन्क्लेव में ही कई परियोजनाओं के उद्घाटन भी हुए हैं जो विश्वास दिलाता है कि मप्र भारत का टेक हब बनने की ओर तीव्रता से अग्रसर है। आज जिन संस्थाओं की परियोजनाओं का उद्घाटन हुआ है उनमें बीईएल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस और सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट सेंटर जो कि इंदौर के सिन्हासा आईटी पार्क में एमपीएसईडीसी के साथ स्थापित है। यह सेंटर एआई तकनीकों पर केंद्रित है। इस प्रोजेक्ट में लगभग 3 करोड़ रुपए का निवेश हुआ है, जिससे प्रत्यक्ष रूप से लगभग 50 लोगों को रोजगार प्राप्त हुआ है। जबलपुर आईटी पार्क ब्लॉक बी में आईटी, आईटीईएस इकाइयों के लिए रेडी टू टेक बिल्डिंग है। इसे 25 करोड़ रुपए के निवेश से नई सुविधा सम्पन्न स्थान एमपीएसईडीसी से निर्मित किया गया है, जिससे प्रत्यक्ष रूप से लगभग 500 लोगों को रोजगार प्राप्त होगा।*

## राजधानी के एक कॉलेज में लव जिहाद मामले में सीएम सख्त, कहा

# प्रदेश में किसी प्रकार के जिहाद या लव जिहाद की अनुमति नहीं

### किसी भी अपराधी को छोड़ेंगे नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल में लव जिहाद का मामला सामने आने के बाद आरोपियों से पूछताछ में नए-नए खुलासे हो रहे हैं।



आरोपी गैंग बनाकर वारदात को अंजाम दे रहे थे। इस मामले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को कहा कि मध्यप्रदेश सुशासन के लिए जाना जाता है, इसलिए यहां अपराध और अपराधी के लिए कोई जगह नहीं है। जो अपराध करेगा उसे सजा मिलेगी, हमारी सरकार ने प्रदेश की धरती पर किसी प्रकार के जिहाद या लव जिहाद की अनुमति नहीं दी है। जो हमारी धरती पर यह करता पाया जाएगा उसे छोड़ेंगे नहीं, वह राज्य के अंदर हो या राज्य से बाहर भागा हो, हमारी पुलिस उसे हर जगह से पकड़ कर लाएगी।

### संगठित अपराध के एंगल से भी जांच

बता दें राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने भोपाल पुलिस से रिपोर्ट तलब की है और आयोग की टीम जल्द ही भोपाल पहुंचेगी। इसके साथ ही राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी इस मामले पर गंभीरता से विचार करते हुए कार्रवाई के संकेत दिए हैं। आरोपी हिंदू छात्राओं को फंसा कर उनसे दरिंदगी कर रहे थे। उनको अपनी गिरफ्त में रखने के लिए ड्रग्स का आदी बना रहे थे। उनका वीडियो बनाकर बलैकमेल किया जा रहा था। पुलिस मानव तस्करी और देह व्यापार जैसे बड़े संगठित अपराध के एंगल से भी जांच कर रही है।

## सामाजिक विज्ञान की नई किताब में नई शिक्षा नीति के तहत कई बदलाव किए

# मुगलकाल आउट और महाकुंभ शामिल, एनसीईआरटी ने 7वीं की किताब में जोड़े 'भारतीय परंपरा' के नए चैप्टर्स

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कक्षा 7 के बच्चों की सामाजिक विज्ञान की किताब में एनसीईआरटी ने बड़ा बदलाव किया है। अब इन छात्रों को मुगलों का इतिहास नहीं पढ़ाया जाएगा, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क (एनसीएफ) के तहत एनसीईआरटी की किताब में अब ये चैप्टर नहीं होंगे। उनकी जगह अब मगध, मौर्य और शुंग सातवाहन जैसे प्रचीन राजवंशों पर नए चैप्टर शामिल किए गए हैं, जो कि भारतीय लोकाचार पर केंद्रित हैं। इतना ही नहीं, नई किताबों में उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित 2025 महाकुंभ मेले का संदर्भ भी शामिल है।

■ अब मगध मौर्य और शुंग सातवाहन जैसे प्रचीन राजवंशों पर नए चैप्टर शामिल

### भारतीयता पर केंद्रित किताबें

एनसीईआरटी ने पहले मुगलों और दिल्ली सल्तनत पर सेक्शन छोटे कर दिए थे, जिनमें मुगल सम्राटों की उपलब्धियों की दो पन्नों की तालिका और मामलूक, तुगलक, खलजी और लोदी जैसे राजवंशों का विस्तृत विवरण शामिल था, जो 2022-23 में कोविड-19 महामारी के दौरान अपने पाठ्यक्रम को सान और छोटा बनाने का हिस्सा था।




LOK | SAATCHI & SAATCHI

चिंतन

# अत्यधिक गरीबी में कमी सुखद, पर चुनौती बाकी

पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद का सामना कर रहे भारत के लिए पहलगाम आतंकी घटना की पीड़ा के बीच गरीबी के मोर्चे पर सकारात्मक खबर आई है। विश्व बैंक की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2011-12 से वर्ष 2022-23 के बीच करीब दस वित्त वर्ष में भारत ने 17.1 करोड़ लोगों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकाला है। गरीबी के खिलाफ भारत की यह बड़ी जीत है। सतत विकास व जनकल्याण योजनाओं के लगातार कार्यान्वयन से सरकार को अत्यधिक श्रेणी की गरीबी को कम करने में मदद मिली है। रिपोर्ट के मुताबिक, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में गरीबी में भारी कमी आई है, इससे पता लगता है कि देश में रोजगार से लेकर स्वरोजगार की स्थिति बेहतर हुई है और सरकार की गरीबी उन्मूलन योजनाओं का असर पड़ा है। विश्व बैंक की इस रिपोर्ट के अनुसार अब भारत निम्न-मध्यम आय वर्ग के देशों में शुमार हो गया है। इससे भारत को विकसित राष्ट्र बनने में मदद मिलेगी। विश्व बैंक की हालिया 'पोवर्टी एंड इक्विटी ब्रीफ' रिपोर्ट के अनुसार, 2011-12 से 2022-23 तक के दशक में अत्यधिक गरीबी 16.2 प्रतिशत से घटकर 2.3 फीसदी हो गई। अत्यधिक गरीबी को प्रतिदिन 2.15 अमेरिकी डॉलर (लगभग 172 रुपये) से कम आय के रूप में परिभाषित किया गया है। विश्व बैंक की रिपोर्ट में कहा गया है, ग्रामीण क्षेत्रों में अत्यधिक गरीबी 18.4% से घटकर 2.8% हो गई और शहरी क्षेत्रों में 10.7% से 1.1% हो गई, जिससे ग्रामीण-शहरी अंतर 7.7 से 1.7 प्रतिशत अंक तक कम हो गया। ये 16 प्रतिशत की वार्षिक गिरावट है। गावों और शहरों दोनों में अत्यधिक गरीबी में कमी आना दर्शाता है कि देश प्रगति पथ पर है। हालांकि अधिकांश राज्यों में गरीबी अभी भी बड़ी समस्या है, बेरोजगारी चिंता का विषय है, स्वरोजगार की स्थिति कमजोर है, कई राज्यों की वित्तीय स्थिति भी अच्छी नहीं है। लेकिन कुछेक राज्यों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। भारत के पांच सबसे अधिक आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल, और मध्य प्रदेश, 2011-12 में देश के 65% अत्यधिक गरीबों के लिए जिम्मेदार थे। इन राज्यों ने 2022-23 तक अत्यधिक गरीबी में दो-तिहाई कमी में योगदान दिया। हालांकि, ये राज्य अभी भी 54% अत्यधिक गरीब और 51% बहुआयामी गरीब आबादी का हिस्सा हैं। अत्यधिक गरीबी कम होने में महिलाओं को मिले रोजगार की अहम भूमिका है। गरीबी में सुधार का आंकलन बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य और जीवनशैली जैसे मानदंडों के आधार पर किया गया है। गरीबी पर नीति आयोग 2024 रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में पिछले 9 सालों में 24.8 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। इसमें सबसे ज्यादा 5.94 करोड़ उत्तर प्रदेश के हैं। बिहार में 3.77 करोड़, मध्य प्रदेश में 2.30 करोड़ और राजस्थान में 1.87 करोड़ लोगों की गरीबी के स्तर में सुधार हुआ। भारत में गरीबी दर 2013-14 में 29.17% से घटकर 2022-23 में 11.28% रह गई है। पिछले 9 सालों में 17.89% की कमी आई। यह आंकड़ा बेशक राहत देने वाला है, लेकिन अत्यधिक गरीबी और बहुआयामी गरीबी उन्मूलन की दिशा में अभी बहुत कुछ किए जाने की जरूरत है। इसमें मनरेगा, मुद्रा योजना, विश्वकर्मा योजना जैसे रोजगारपरक कार्यक्रम को बढ़ावा दिए जाने की जरूरत है। भारत के लिए लो मिडिल इनकम ग्रुप में से मध्यम मिडिल इनकम ग्रुप व हाई मिडिल इनकम ग्रुप के देशों में शामिल होने की चुनौती है। चूंकि वर्ष 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य है, इसलिए गरीबी उन्मूलन की दिशा में तेजी से कार्य करने की आवश्यकता है।



पहलगाम
प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

# आतंक का करारा जवाब देना जरूरी

> भारत जैसे सहिष्णु देश में पहलगाम की इस घटना ने पूरे भारतीय मानस को अपनी सहिष्णु-स्वभाव पर प्रश्न करने के लिए बाध्य किया है। क्या उसे सहते रहना चाहिए? पूरा देश भारतीय सहिष्णु-स्वभाव को लेकर अब यह सवाल कर रहा है कि हमारे यहां जो हम सर्वे भवन्तु सुखिनः की कामना करते नहीं थकते, क्या उससे शांति व अमन की गुंजाइश समाप्त सी हो चली है? देश यह सोचने को बाध्य हुआ है कि क्या इस अच्छी कामना को कुछ समय के लिए अपने अंतस से निकाल देना चाहिए? हथियारबन्द चरमपंथियों ने पहलगाम में पर्यटकों पर जो हमला किया, यह भारत जैसे तेजी से दुनिया की प्रतिस्पर्धाओं में उभरते हुए देश के लिए कोई सामान्य बात नहीं है।

आतंकवाद से भारत की आत्मा को कुचलने की पहलगाम में क्रूर कोशिश की गयी। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् में इन आतंकवादी घटनाओं के बाद जो औपचारिकताएं की जाती रही हैं, उसको दुहराया गया है। सुरक्षा परिषद में सम्मिलित 15 देश विश्व को सन्देश देकर कि आतंकवाद अपने सभी रूपों व अभिव्यक्तियों में, अन्तरराष्ट्रीय शान्ति व सुरक्षा के लिए सबसे गम्भीर ख़तरों में से एक है, ऐसा कह दिया है। सुरक्षा परिषद ने इस 'निंदनीय आतंकी कृत्य' के दोषियों, इसे अंजाम देने वालों, उनकी वित्तीय मदद करने वालों और प्रायोजकों की जवाबदेही तय करने और उन्हें न्याय के कटघरे में लाने की आवश्यकता को रेखांकित भी किया। लेकिन सवाल यह है कि अब तक के आतंकवादी इतिहास के बाद ऐसे वक्तव्य कितने कारगर साबित हुए और क्या यहीं तक अब जिम्मेदारियां निभाने की रस्म काफी हैं?

भारत जैसे सहिष्णु देश में पहलगाम की इस घटना ने पूरे भारतीय मानस को अपनी सहिष्णु-स्वभाव पर प्रश्न करने के लिए बाध्य किया है। क्या उसे सहते रहना चाहिए? पूरा देश भारतीय सहिष्णु-स्वभाव को लेकर अब यह सवाल कर रहा है कि हमारे यहां जो हम सर्वे भवन्तु सुखिनः की कामना करते नहीं थकते, क्या उससे शांति व अमन की गुंजाइश समाप्त सी हो चली है? निःसंदेह देश यह सोचने को बाध्य हुआ है कि क्या इस अच्छी कामना को कुछ समय के लिए अपने अंतस से निकाल देना चाहिए? हथियारबन्द चरमपंथियों ने जम्मू-कश्मीर में लोकप्रिय पर्यटन स्थल पहलगाम स्थित बैसरन घाटी में पर्यटकों पर जो हमला किया और उसमें 26 लोगों को मार दिया गया, यह भारत जैसे मजबूत व तेजी से दुनिया की प्रतिस्पर्धाओं में उभरते हुए देश के लिए कोई सामान्य बात नहीं है। यह जन हानि नहीं है, बल्कि यह भारत को चुनौती दी गयी है। हथियारबंद चरमपंथी कोई एक दिन की फसल नहीं हैं। ये वे नासूर हैं जो अपने हथियारों के साथ क्रूर खेल खेल गए। यह लोग नशे में चूर ऐसी कौम से आते हैं जो इंसानियत में न विश्वास करते हैं और न ही शांति, अमन-ओ-चैन में, इससे यह पता चला है। इन्हें जहां से भी खाद-पानी मिला है, वे पूरी सभ्यता के दुश्मन हैं, यह बात तो सिद्ध हो गयी है। पहलगाम में क्रूरता की सारी हदें पार करके धर्म, संस्कृति व अस्मिता को चोट पहुंचाकर इन लोगों ने भारत को भयभीत करने की मंशा से इस घटना को अंजाम दिया है लेकिन एक बात यह भी सही है, जो उन्हें समझना चाहिए कि आतंकवाद का सहारा लेने वाले सबसे बड़े कायर व भयभीत लोग हैं। सच यह है कि इन्हें न ही संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सन्देश से कोई असर पड़ने वाला है, न ही संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुटेरेस के सन्देश से लेना-देना है। यह लोग सुधरने वाले भी नहीं हैं। भारत को ऐसे में क्या करना चाहिए, आज यह जटिल सवाल है। भारत ने ऐसे विपरीत समय में संयम से फिर भी काम लिया है। वह अगर एकतरफ़ा कार्रवाई पर विचार करे तो यह उसका अब नैतिक कर्त्तव्य के रूप में ही लिया जाना चाहिए। भोले-भाले लोगों को जो पर्यटन के लिए, अपना जीवन जीने के लिए जम्मू पहलगाम आए, उनका आना उनके जीवन का अंतिम अध्याय बन गया। ऐसे में सरकार यदि कोई कारगर कदम उठाए तो यह कार्रवाई निश्चय ही सभी देशों की ओर से समर्थन पाने



का अधिकारी है। सवाल यह भी है कि आखिर भारत के बहुसंख्यक क्यों सहें? वे इतना विवश ही क्यों होकर जियें वो भी अपने ही देश में? वैसे देखा जाए तो चरमपंथी भले ही अपने मन को तसल्ली दे रहे हों, लेकिन कश्मीर का कितना आर्थिक नुकसान इन लोगों ने किया है, उसका अंदाज़ा भी नहीं है उन्हें। करोड़ों लोगों के आगमन का रास्ता उन्होंने रोक दिया। उभरती हुई कश्मीर की पर्यटन अर्थव्यवस्था की भी उन्होंने इस नरसंहार के साथ हत्या कर दी। भारतीय भोली चेतना के ऊपर इसका गहरा असर हुआ है। यह वर्षों तक मानस पर बने रहने वाला है। असुरक्षा के भाव को निकालना किसी भी देश के लिए बहुत आसान नहीं है। निःसंदेह भारत की नरेंद्र मोदी सरकार ने धारा 370 में बदलाव के साथ जिस कश्मीर में बदलाव की उम्मीद की व तत्परता से इस क्षेत्र को नया परिवेश देने की कोशिश की उस पर इस घटना ने ग्रहण लगा दिया। यद्यपि यह तय है कि भारत सरकार अपनी प्रतिबद्धता से भारतीय मानस में पुनः विश्वास तो हासिल कर लेगी, लेकिन इसमें वक्त लगेगा। चरमपंथी व उनको सहयोग करने वाले लोगों को ज़रूर इस बात पर विचार करना चाहिए कि उन्होंने अपने ही लोगों के बढ़ते व्यापार, आमदनी व उनकी खुशहाली के साथ क्या किया? उन्होंने कश्मीर के साथ क्या किया? उन्होंने अपने भारतीय भाइयों के साथ क्या किया जो आज़ादी के इतने वर्षों बाद पुनः उनके साथ मिलजुलकर आगे बढ़ने का मन बना चुके थे? यह ठीक नहीं किया। आतंकवाद किसी भी समस्या का समाधान तो बिलकुल नहीं है। हिंसा सभी आने वाले अवसरों पर दुधारी तलवार की तरह होती है और आतंकवाद का तो सहारा लेने वाले आत्महंता होते हैं। इनके जैसा कोई कायर होता ही नहीं है। उन्होंने किसी मनुष्य को नहीं मारा है बल्कि खुद को मारा है लेकिन वे समझें तो समझें कैसे? भारत में सहिष्णुता को चोट पहुंचाने वाले, देश को तोड़ने वाले, देश में अस्थिरता पैदा करने वाले लोग सैकड़ों वर्षों से ऐसे क्रूर षड्यंत्र करते रहे हैं लेकिन वे सफल नहीं हुए हैं। उन्हें आगे भी सफलता नहीं मिलने वाली है। यदि कुछ बड़ा कदम भारत ने उठा लिया तो निश्चय ही वे लोग इसमें पिस जाएंगे जिनका आतंकवाद से कोई लेना-देना नहीं है। जो अपना जीवन शांति से जीना चाहते हैं, उनका अहित ज़रूर होगा। आखिर कोई भी देश कब तक ऐसी पिशाच शक्तियों के घृणित कार्य के सामने चुप बैठेगा? उसे कोई न कोई निर्णायक पहल करनी ही पड़ेगी। यह किसी सुरक्षा परिषद की निंदा से तो बात बनने वाली नहीं ही है। हालांकि भारत ने बहुत आत्मनियंत्रित होकर वैश्विक शांति का पक्षधर होने की मिसाल प्रकट की है। यदि देश के वे लोग और पड़ोसी देशों के वे लोग जो इस आंच में किसी अहितकारी बुरे वक्त की आहट को समझ पा रहे हैं तो उन्हें इस पर ज़रूर विचार करना चाहिए कि ऐसी घटनाओं को यहीं विराम मिले। यदि वे इसमें घी डालकर आग को और अधिक हवा देना चाहेंगे तो निश्चय ही इसमें धन, जन सबकी हानि होगी। ऐसे में आज जो परिस्थितियां हैं, वह बहुत ही विचित्र, वीभत्स और मनुष्यता के विपरीत हैं। इसे रोकना मानवाधिकारों व मनुष्यता में विश्वास करने वालों का दायित्व है। यद्यपि यह घटना अक्षम्य है लेकिन इसके एवज में यदि हिंसा का सहारा लेकर कार्रवाई हुई तो उसमें केवल हानि ही हाथ लगेगी। जिनके परिवार के लोगों ने अपना जीवन गंवा दिया और जिन परिवारों ने अपने सामने सबकुछ लुटते हुए देखा है, वह अकल्पनीय और अविस्मरणीय है। जिस दिन इसे महसूस करके इस पर भी हमारा मन, मानस यह बात बिठा सका कि ऐसी पुनरावृति न हो, वह भी मनुष्यता की बड़ी जीत होगी। सहिष्णु भारत को आतंक की चोट करने वाले इससे निश्चय ही मात खायेंगे।

(लेखक महामहिम राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी रह चुके हैं व केंद्रीय विश्वविद्यालय पंजाब में चेयर प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

विश्व बैंक की रिपोर्ट
सुनील कुमार महला




# अत्यधिक गरीबी उन्मूलन की दिशा में महती प्रगति

पहलगाम आतंकी हमले की बहुत ही दुखद खबर के बाद हाल ही में विश्व बैंक से एक अच्छी खबर आई है। यह खबर ग़रीबी उन्मूलन पर है। गरीबी वास्तव में एक बहुत बड़ी व ज्वलंत समस्या है। यदि हम यहां गरीबी की साधारण परिभाषा की बात करें तो बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त धन या संसाधनों की कमी होना, जैसे भोजन, कपड़े, और आवास ग़रीबी के अंतर्गत माना जाता है। ऐसी स्थितियों में एक आम आदमी को बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए भी बहुत संघर्ष करना पड़ता है। अमूमन गरीबी को तीन प्रकारों में विभाजित किया जा सकता है, जिनमें क्रमशः निरपेक्ष, सापेक्ष और बहु-आयामी गरीबी को मान सकते हैं। यदि निरपेक्ष गरीबी की बात करें तो एक निश्चित आय स्तर से नीचे होना इसमें आता है। वहीं सापेक्ष गरीबी समाज में अन्य लोगों की तुलना में गरीब होने को शामिल करती है तथा बहुआयामी गरीबी आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय पहलुओं के अभाव को शामिल करती है। बहरहाल, अच्छी खबर यह है कि 10 साल में भारत के 17 करोड़ लोग अत्यंत गरीबी से बाहर निकले हैं। वर्ल्ड बैंक के मुताबिक, भारत ने वर्ष 2011-12 से वर्ष 2022-23 के बीच 17 करोड़ से ज्यादा लोगों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकाला है और इस दौरान यह दर 16.2 प्रतिशत से घटकर मात्र 2.3 प्रतिशत ही रह गई है। तात्पर्य यह है कि भारत में 171 मिलियन लोग गरीबी रेखा से ऊपर हैं। रिपोर्ट बताती है कि ग्रामीण क्षेत्रों में अत्यधिक गरीबी दर 18.4 प्रतिशत से घटकर जहां 2.8 प्रतिशत रह गई है, वहीं शहरी क्षेत्रों में यह 10.7 प्रतिशत से घटकर 1.1 प्रतिशत रह गई है। इससे ग्रामीण और शहरी इलाकों के बीच का अंतर 7.7 प्रतिशत से घटाकर 1.7 प्रतिशत रह गया है, जो सालाना 16 प्रतिशत की गिरावट है। दरअसल, 37.8 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं, जो कि जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा है और यह काबिले-तारीफ है कि भारत ग़रीबी उन्मूलन की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है। दरअसल,वर्ल्ड बैंक की हालिया 'पॉवर्टी एंड इक्विटी ब्रीफ' रिपोर्ट में इस बात का खुलासा हुआ है। भारत के पांच सबसे अधिक जनसंख्या वाले राज्य उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल, और मध्य प्रदेश ने 2022-23 तक अत्यधिक गरीबी में दो-तिहाई की गिरावट में योगदान दिया है। हालांकि, अब भी इन राज्यों में भारत की 54 प्रतिशत अत्यधिक गरीब आबादी है और 51% बहुआयामी गरीब आबादी का हिस्सा हैं। रिपोर्ट में यह बात सामने आई है कि वर्ष 2019-21 तक नॉन मोनेटरी गरीबी दर 53.8 प्रतिशत से घटकर 16.4 प्रतिशत रह गई है। इतना ही नहीं, रोजगार वृद्धि ने भी कामकाजी उम्र की जनसंख्या को पार कर लिया है तथा शहरों में बेरोजगारी 6.6 प्रतिशत पर पहुंच गई है, जो वर्ष 2017-18 के बाद से सबसे कम है। युवा बेरोजगारी दर 13.3 प्रतिशत है। कृषि सेक्टर में रोजगार अब भी अधिकांश रूप से असंगठित है। हालांकि, स्वरोजगार और महिलाओं की रोजगार दर में वृद्धि हो रही है। बहरहाल, यहां यह कहना ग़लत नहीं होगा कि आज भारत लगातार हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। भारत की वैश्वीकरण नीतियों से देश विश्व व्यापार में शामिल हुआ है और विदेशी निवेश को आकर्षित किया है, जिससे रोजगार सृजन हुआ है और ग़रीबी कम हुई है। सच तो यह है कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में गरीबी में भारी कमी, रोजगार के नए अवसरों का सृजन, और भारत का निम्न-मध्यम आय वर्ग में कदम रखना, यह सब हमारे देश की प्रगति, इसके उन्नयन को ही दर्शाता है। सच तो यह है कि भारतीय अर्थव्यवस्था में तेजी से विकास हुआ, फायदों की वृद्धि हुई, विदेशी निवेश बढ़ा, और भारतीय अर्थव्यवस्था वैश्विक अर्थव्यवस्था में एकीकृत हुई है। पिछले कुछ सालों से रोज़गार सृजन कार्यक्रम, आय समर्थन कार्यक्रम, रोज़गार गारंटी तथा आवास योजना, प्रधानमंत्री जन धन योजना जैसे कार्यक्रमों से भारत विकास के सोपानों को लगातार छू रहा है। भारत में लगातार शिक्षा, स्वास्थ्य की उपलब्धता हर गांव-ढाणी में सुनिश्चित हुई है। महिलाओं के सशक्तीकरण से आर्थिक असमानता दूर हुई है तथा पोषण और स्वच्छता कार्यक्रमों से हम प्रगति के पथ पर अग्रसर हैं। संसाधनों और सेवाओं तक समान पहुंच सुनिश्चित होने से विकास को पंख लगे हैं। वास्तव में उच्चतम और निम्न-मध्यम आय वाली गरीबी में तेज गिरावट, साथ ही ग्रामीण-शहरी गरीबी के अंतर में कमी, भारत सरकार के प्रभावी प्रयासों को दर्शाती है। इसके अतिरिक्त, रोजगार में वृद्धि, विशेष रूप से महिलाओं के बीच और बहुआयामी गरीबी में कमी जीवन स्तर में व्यापक सुधार की ओर इशारा करती है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार और साहित्यकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## कर्मों से उपार्जित सुख



संकलित
दर्शन

संसार के सारे क्रियाकलाप, मानव-समाज में हो रही गति, यह सब केवल मन का ही खेल है। मनुष्य की इच्छा शक्ति का प्रकाश मात्र है। अनेक प्रकार के यंत्र, युद्धपोत आदि सभी मनुष्य की इच्छा शक्ति के विकास मात्र हैं। मनुष्य की यह इच्छाशक्ति चरित्र से उत्पन्न होती है और वह चरित्र कर्मों से गठित होता है। अतएव कर्म जैसा होगा, इच्छाशक्ति का विकास भी वैसा ही होगा। संसार में प्रबल इच्छा शक्ति संपन्न जितने महापुरुष हुए हैं, वे सभी उत्कृष्ट कर्मी थे। उनकी इच्छाशक्ति ऐसी थी कि वे संसार को भी उलट-पुलट कर सकते थे। यह शक्ति उन्हें युग-युगांतर तक निरंतर कर्म करते रहने से प्राप्त हुई थी। बुद्ध एवं ईसा मसीह में जैसी प्रबल इच्छाशक्ति थी, वह एक जन्म में प्राप्त नहीं की जा सकती और उसे हम आनुवंशिक शक्तिसंचार भी नहीं कह सकते, क्योंकि हमें ज्ञात है कि उनके पिता कौन थे। हम नहीं कह सकते कि उनके पिता के मुंह से मनुष्य जाति की भलाई के लिए शायद कभी एक शब्द भी निकला हो। जोसेफ (ईसा मसीह के पिता) के समान तो असंख्य बढ़ई आज भी हैं, बुद्ध के पिता के सदृश लाखों छोटे-छोटे राजा हो चुके हैं। अतः यदि वह बात केवल आनुवंशिक शक्तिसंचार के कारण हुई हो, तो इसका स्पष्टीकरण कैसे कर सकते हैं कि इस छोटे से राजा को, जिसकी आज्ञा का पालन शायद उसके स्वयं के नौकर भी नहीं करते थे। ऐसा एक सुंदर पुत्र-रत्न लाभ हुआ, जिसकी उपासना लगभग आधा संसार करता है?

## प्रत्येक वस्तु पर हमारा ही अधिकार हो



संकलित
प्रेरणा

एक राजा ने यह घोषणा करवा दिया कि कल सुबह जब मेरे महल का मुख्य दरवाज़ा खोला जायेगा तब जिस व्यक्ति ने भी महल में जिस वस्तु या जीव को हाथ लगा दिया वह वस्तु या जीव उसकी हो जाएगी। कुछ लोग कहने लगे मैं तो सोने को हाथ लगाऊंगा, कुछ लोग चांदी को तो कुछ लोग कीमती जेवरात को, कुछ लोग घोड़ों को तो कुछ लोग हाथी को, कुछ लोग दुधारू गाय को हाथ लगाने की बात कर रहे थे। जब सुबह महल का मुख्य दरवाजा खुला और सब लोग अपनी अपनी मनपसंद वस्तु या जीवों के लिये दौड़ने लगे। सबको इस बात की जल्दी थी कि पहले मैं अपनी मनपसंद वस्तु या जीव को हाथ लगा दूँ ताकि वह वस्तु या जीव हमेशा के लिए मेरी हो जाए। राजा अपनी जगह पर बैठा सबको देख रहा था और अपने आस-पास हो रही भाग दौड़ को देखकर मुस्कुरा रहा था। उसी समय उस भीड़ में से एक व्यक्ति राजा की तरफ बढ़ने लगा और धीरे-धीरे चलता हुआ राजा के पास पहुँच कर उसने राजा को छू लिया। राजा को हाथ लगाते ही राजा उसका हो गया और राजा की हर वस्तु भी उसकी हो गयी। जिस तरह राजा ने उन लोगों को मौका दिया और उन लोगों ने गलतियां की। ठीक इसी प्रकार सारी दुनियाँ के कर्ता प्रभु भी हम सबको प्रत्येक दिन अवसर देते हैं, लेकिन हम लोग भी प्रत्येक दिन वही गलतियाँ करते रहिते हैं। हम प्रभु को पाने की बजाए उस परमपिता की बनाई हुई दुनियाँ की चीजों की कामना करते हैं। लेकिन कभी भी हम लोग इस बात पर गौर नहीं करते कि क्यों न दुनियां के बनाने वाले प्रभु को पा लिया जाए।

## सटाका




## आज की पाती

### नशा बनाता है हैवान

नशा किस तरह किसी व्यक्ति को हैवान बना देता है, इसके बारे में हम खबरों के जरिए भी जानते हैं। इन खबरों में इनसानियत को शर्मसार करने की हरकतों या अपराध का जिक्र होता है। कभी नशे की खातिर कोई अपनी मां की, कोई बाप की, कोई भाई की तो कभी किसी और की हत्या कर देता है। नशा बल-बुद्धि, शरीर और परिवार के लिए घातक होता है। नशा इनसान को हैवान भी बना देता है, हैवानियत के कारण नशेड़ी इनसान अपने घर-परिवार के सदस्यों के साथ, यहां तक कि अपने बच्चों के साथ भी क्रूरता भरा व्यवहार करने से गुरेज नहीं करता है। मां-बाप अपने बच्चों को लाड़ प्यार से पाल कर उनके भविष्य के लिए सुनहरे सपने संजोते हैं, लेकिन जब कोई बच्चा बचपन या जवानी की दहलीज पर पांव रखते ही नशे के दलदल में धंसना शुरू होता है, तो उन्हें बड़ी परेशानी होती है। - *मुकेश यादव, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### पीड़ितों को न्याय मिलेगा



पहलगाम में आतंकी हमले के पीड़ित परिवारों के प्रति हर भारतीय के मन में गहरी संवेदना है। मैं पीड़ित परिवारों को फिर भरोसा देता हूं कि उन्हें न्याय मिलेगा, न्याय मिलकर रहेगा। इस हमले के दोषियों और साजिश रचने वालों को कठोरतम् जवाब दिया जाएगा।
- **नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### गंगा एक्सप्रेस-वे




इंफ्रास्ट्रक्चर किसी भी देश के विकसित होने की आधारभूत शर्त होती है। आज जनपद हरदोई, शाहजहांपुर एवं हापुड़ में गंगा एक्सप्रेस-वे के निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य को पूर्ण करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।
**-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### दोषियों पर कार्रवाई करें



यूपी में दलितों पर हमले तथा उनके मसीहा डा. भीमराव अम्बेडकर व गौतम बुद्ध की प्रतिमा के अनादर की घटनाएं अति-चिन्तनीय हैं। सरकार दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई व प्रभावी कदम भी उठाए।
**-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र**


### एआई का महत्व



हमारे न्यूज़फीड से लेकर बोर्डरूम तक, एआई हमारे जीने और काम करने के तरीके को आकार दे रहा है। 2025 तक बाज़ार 250 बिलियन डॉलर को पार कर चुका है, यह तो बस शुरुआत है।
**-अनिल अग्रवाल, उद्यमी**

## करंट अफेयर


# सिंगापुर के लिटिल इंडिया को समेटा एक किताब में



सिंगापुर के 'लिटिल इंडिया' के इतिहास को एक किताब में समेटा गया है। इस जगह का इतिहास 1822 से शुरू होता है, जब यहां बसने वाले प्रारंभिक भारतीय समुदाय के सदस्यों ने सांस्कृतिक और वाणिज्यिक गतिविधियों की शुरुआत की थी। लेखिका सौंदरा नायकी वैरावन ने रविवार को कहा, 'यह किताब 1822 में लिटिल इंडिया परिसर के मुख्य मार्ग सेरांगून रोड की स्थापना से लेकर आज तक का विवरण प्रस्तुत करती है कि किस प्रकार यह भारतीय मूल के लोगों के लिए वाणिज्यिक और सांस्कृतिक केंद्र के रूप में कार्य करता है।' भारत के उच्चायुक्त शिल्पक अम्बुले और सिंगापुर के पूर्व विदेश मंत्री जॉर्ज यो ने 187 पन्नों की कॉफी टेबल पुस्तक 'लिटिल इंडिया एंड द सिंगापुर इंडियन कम्युनिटीः थ्रू द एजेस' का शुक्रवार को संयुक्त रूप से विमोचन किया। सौंदरा ने बताया कि इसमें सेरांगून रोड के सामाजिक परिवर्तन, दुकानें, प्रारंभिक सामाजिक जीवन, परिसर में आयोजित होने वाले त्योहार, पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र, महत्वपूर्ण जगहें और व्यापार करने में आने वाली चुनौतियों का विवरण दिया गया है। उन्होंने पर्यटकों और यहां आने वाले नियमित आगंतुकों के बारे में कहा, लिटिल इंडिया सिंगापुर में रहने वाली सभी मूल के लोगों के लिए खास स्थान है।

## ऑफ बीट

# अकेलापन समझने के तरीके को बदल देता है



अगर कोई एक चीज़ है जो इंसानों के रूप में हम सब में एक जैसी है, तो वह यह है कि हममें से अधिकांश ने कभी न कभी अकेलापन महसूस किया है। लेकिन क्या सामाजिक रूप से अलग-थलग महसूस करने से होने वाला दर्द इंसान होने का एक हिस्सा है? जब हम अकेलापन महसूस करते हैं तो दुनिया इतनी अलग क्यों लगती है? हाल के शोध ने कुछ उत्तर देना शुरू कर दिया है। और यह पता चला है कि अकेलापन आपकी धारणा और संज्ञान को प्रभावित कर सकता है। अध्ययनों ने अकेलेपन से जुड़े मस्तिष्क क्षेत्रों में अंतर की पहचान की है। अकेले युवा वयस्कों में, सामाजिक अनुभूति और सहानुभूति से संबंधित मस्तिष्क के क्षेत्रों में कम घना सफेद पदार्थ (तंत्रिका तंतुओं का एक बड़ा नेटवर्क जो आपके मस्तिष्क के विभिन्न क्षेत्रों के बीच सूचना और संचार के आदान-प्रदान का काम करता है) होता है। लेकिन अकेले वृद्ध वयस्कों में, संज्ञानात्मक प्रसंस्करण और भावनात्मक विनियमन के लिए महत्वपूर्ण मस्तिष्क क्षेत्र वास्तव में मात्रा में छोटे होते हैं। एक हालिया अध्ययन में पाया गया कि अकेले लोगों का दिमाग दुनिया को अजीब तरीके से संसाधित करता है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

नक्सलियों के सामने मरो या सरेंडर करो की स्थिति, 10 हजार से अधिक जवानों ने की घेराबंदी

# गुफा तक पहुंची फोर्स

## मौजूदगी के निशान मिले




# लंबा खिंचेगा आपरेशन, नक्सलियों के पास एक महीने का राशन-पानी


हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नक्सलियों के खिलाफ पांचवें दिन भी कर्रेगुट्टा की पहाड़ी पर अभियान जारी रहा। फोर्स ने शिकंजा कस लिया है और वे धीरे-धीरे आगे बढ़ रहे हैं। फोर्स पहाड़ी के एक हिस्से में पहुंची जहां एक गुफा में उनकी मौजूदगी के निशान पाए गए। गुफा इतनी बड़ी है कि उसमें एक हजार लोग जमा हो सकते हैं। सूत्रों का कहना है कि नक्सलियों के पास इस समय लगभग एक माह का रसद है। पानी की व्यवस्था भी है। नक्सलियों के सामने अब मरो या सरेंडर करो की स्थिति बनी हुई है। सूत्रों का कहना है कि कर्रेगुट्टा की पहाड़ी पर सेंट्रल कमेटी मेंबर (सीसीएम) माड़वी हिड़मा के अलावा अन्य सीसीएम दामोदर, बंडी प्रकाश, आजाद, चन्द्रान्ना जे, सुजाता, कट्टाराम चन्द्र रेड्डी, विकल्प, विज्जो, उर्मिला, गंगा, मंगड्डु, अभय के अलावा दंडकारण्य जोनल कमेटी (डीकेएसजेडसी) पापाराव व देवा की भी मौजूदगी है। यह नक्सलियों के थिंक टैंक माने जाते हैं। फोर्स ने इनके साथ बड़ी संख्या में पहाड़ी पर मौजूद नक्सलियों पर शिकंजा कस दिया है। मौके पर तैनात जवान कठिन भौगोलिक परिस्थितियों, भीषण गर्मी व अन्य चुनौतीपूर्ण



परिस्थितियों के बावजूद डटे हुए हैं।भारी गर्मी के चलते कुछ जवान डिहाइड्रेशन का शिकार हो गए हैं, जिन्हें सेना के हेलीकॉप्टर से अस्पतालों में पहुंचाया जा रहा है तथा उनकी जगह दूसरे जवानों को एक्सचेंज किया जा रहा है।

सूत्रों के अनुसार नक्सलियों के पास एक महीने तक का राशन है। साथ ही बारह माह नाला पहाड़ी के उपर होने से पानी की कमी नहीं होगी। लेकिन नक्सलियों की संख्या बहुत ज्यादा है। इसी तरह शिकंजा कसता रहा तो कुछ दिनों में नक्सलियों के सामने खाने के लाले पड़ना लाजमी है। साथ ही मानसिक और शारीरिक दबाव भी नक्सलियों पर होगा। जिसके बाद मरो या सरेंडर करो की स्थिति निर्मित हो सकती है।



आईईडी की चपेट में आने से 3 जवान घायल

### ड्रोन से रखी जा रही नजर

नक्सलियों के खिलाफ अब तक के सबसे बड़े अभियान में दस हजार से अधिक जवानों को तैनात किया गया है। इस अभियान में राज्य, केन्द्र सरकार, पुलिस मुख्यालय, केंद्रीय अर्धसैनिक बलों/ पड़ोसी राज्यों की फोर्स के अलावा बस्तर रेंज में तैनात डीआरजी, एसटीएफ, कोबरा, सीआरपीएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी, सीएएफ, बस्तर फाइटर व अन्य सुरक्षाबल शामिल है। लगभग 150 किमी इलाके पर ड्रोन से नजर रखी जा रही है तथा

## पाक रक्षामंत्री ने नक्सली हिंसा को बताया बगावत

एजेंसी ▶▶| इस्लामाबाद

देश-दुनिया में पहलगाम में आतंकी हिंसा को लेकर चर्चा चली रही है। इस बीच, पाकिस्तान के रक्षामंत्री ख्वाजा आसिफ ने छत्तीसगढ़ में नक्सली हिंसा का जिक्र किया है। पाक रक्षा मंत्री ने दावा किया है कि भारत के भीतर ही राज्यों में लोग सरकार के खिलाफ बगावत कर रहे हैं। इस बात को स्थापित करने के लिए उन्होंने छत्तीसगढ़ का नाम लिया, पाकिस्तानी रक्षा मंत्री का इशारा छत्तीसगढ़ में जारी नक्सली हिंसा की ओर था वह इसे ही बगावत बता रहे थे। ख्वाजा आसिफ ने कहा- पाकिस्तान का इससे कोई ताल्लुक नहीं है। यह सारी होम ग्रोन सिचुएशन इंडिया के खिलाफ है। मुख्तलिफ जो उनकी सोकॉल्ड रियासतें हैं उनमें बगावतें हो रही हैं। पाक रक्षा मंत्री ने कहा कि एक दो नहीं, दर्जनों के हिसाब से नागालैंड से लेकर कश्मीर तक और साउथ, छत्तीसगढ़, मणिपुर, इन सारी जगह पर हिंदुस्तान की जो दिल्ली में जो हुकूमत है, उसके खिलाफ बगावत हो रही है। लोग अपने हुकूक (अधिकार) मांग रहे हैं। ख्वाजा आगे कहते हैं- एक हिंदुत्व वाली गवर्नमेंट जो लोगों को एक्सप्लोइड कर रही है, माइनॉरिटी को जिसमें मुसलमान भी है क्रिश्चियन भी है बुद्धिस्ट भी है।



# अदालत के आदेश पर कब्जा दिलाने पहुंचे कर्मी को जमीन पर पटका, लात-घूसों से पिटाई


हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद कोर्ट के आदेश पर कब्जा दिलाने गए कर्मी पर जानलेवा हमला कर दिया गया। प्रकरण में पुलिस ने हमले करने वाले 6 लोगों को भेजा गया जेल। वहीं, कर्मी को बेरहमी से पिटाई का किए जाने वाला वीडियो भी जमकर वायरल हो रहा है।

गरियाबंद के मैनपुर विकासखंड अंतर्गत थाना अमलीपदर क्षेत्र में न्यायालय के आदेश पर जमीन का कब्जा दिलाने मूढगेलमाल के माहुलपारा पहुंचे कोर्ट कर्मचारी के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घटना 24 अप्रैल की है, जब आदेशिका वाहक रामराव सोलंके जमीन कब्जा से संबंधित न्यायालयी कार्रवाई के तहत मौके पर पहुंचे थे।

### वीडियो वायरल, छह आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार





### कब्जा दिलाने गए थे, विवाद में घिर गए

जानकारी के अनुसार, कब्जा दिलाने के दौरान वहां मौजूद कुछ लोगों ने आपत्ति जताई और कर्मी पर लात-घूसे, लाठी से जानलेवा हमला कर दिया। बैग छीनकर दस्तावेज को फाड़ने की कोशिश की गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। मामले में पीड़ित रामराव सोलंके ने थाना अमलीपदर में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है।

### मामले में जांच जारी

थाना प्रभारी फैजुल शाह ने बताया कि रिपोर्ट पर से आरोपी मेघनाथ यादव, दिलेश्वरी यादव, चूलेश्वर यादव समेत कुल 6 आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 126(2), 221, 121(1), 132, 296, 351(2), और 191(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। मामले की जांच जारी है।

## हाईकोर्ट ने कहा-डीएनए की पुष्टि जरूरी नहीं

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने अपहरण और हत्या के मामले में दो आरोपियों आकाश कोसरे और संजू वैष्णव की दोषसिद्धि और आजीवन कारावास को बरकरार रखा है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा की खंडपीठ ने चतुर्थ अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश दुर्ग द्वारा पारित निर्णय के विरुद्ध दायर आपराधिक अपील को खारिज कर दिया है। अपने फैसले में कोर्ट ने कहा है कि मृतक के परिजनों द्वारा पहचानी गई अंगूठियों और अन्य वस्तुओं की पहचान विश्वसनीय थी। डीएनए की पुष्टि नहीं होने के बावजूद साक्ष्यों की पूरी श्रृंखला अभियुक्तों की संलिप्तता की पुष्टि करती है। कोर्ट ने यह भी कहा कि यदि हर मामले में शव की बरामदगी पर जोर दिया जाएगा तो आरोपी हत्या के बाद शव को नष्ट करने का हर संभव प्रयास करेगा।

गिरफ्तार आरोपियों ने सिंडिकेट बनाकर घोटाले को अंजाम दिया

# भारतमाला प्रोजेक्ट मुआवजा घोटाला में चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतमाला प्रोजेक्ट मुआवजा राशि घोटाला में छापे की कार्रवाई के बाद ईओडब्लू, एसीबी ने घोटाला को अंजाम देने बनाए गए सिंडिकेट की चार अहम कड़ी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों को ईओडब्लू की विशेष अदालत में पेश कर पूछताछ करने एक मई तक पुलिस रिमांड हासिल पर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में एक दंपति शामिल है। 48 करोड़ रुपए से ज्यादा के भारतमाला परियोजना मुआवजा घोटाला के आरोप में केदार तिवारी, उसकी पत्नी उमा तिवारी के साथ कारोबारी हरमीत सिंह खनूजा तथा विजय जैन को गिरफ्तार किया गया है।


भारतमाला में करोड़ों की हेराफेरी, दुर्ग, रायपुर समेत कई शहरों के 20 ठिकानों पर छापे

### अन्य पर जल्द गिर सकती है गाज

भारतमाला प्रोजेक्ट घोटाला के आरोप में गिरफ्तार किए गए आरोपियों से पूछताछ के आधार पर ईओडब्लू तथा एसीबी की टीम घोटाले में शामिल अन्य आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी कर सकती है।

### इस तरह रही भूमिका

- *उमा, केदार तिवारी - दूसरे व्यक्ति की मुआवजा राशि दो करोड़ रुपए अवैध तरीके से प्राप्त करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया।*
- *हरमीत सिंह खनूजा - उमा तिवारी के सहयोगी के रूप में अधिग्रहण का पैसा अवैध तरीके से प्राप्त करने तथा कई किसानों की मुआवजा राशि हड़पने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।*
- *कारोबारी विजय जैन - उमा तिवारी के सहयोगी के रूप में अधिग्रहण का पैसा अवैध तरीके से प्राप्त करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।*

वनस्थली विद्यापीठ 1935 सा विद्या या विमुक्तये

BANASTHALI VIDYAPITH
(Notified as Deemed to be University Under Section 3 of the UGC Act)
University for women: University with a difference



Banasthali Vidyapith, the world's largest fully residential university for women is NAAC 'A++', the second highest ranked women's university in the world having more than 15000 students on its 850-acre campus situated amidst rural setting in Rajasthan, having a distinct educational ideology and offering a variety of programmes from nursery up to doctoral level across a wide spectrum of disciplines to prepare enlightened citizens with strong value-base.

Programmes offered

ENGINEERING & TECHNOLOGY
B.Tech.* (Comp. Sc.& Engg./Comp. Sc.-Artificial Intelligence/Electronics & Comm./ Electronics & Instru./Electrical & Electronics/Mechatronics/ IT/Biotech./Chemical Engg./Electronics Engg.-VLSI Design and Technology)
M.Tech. Integrated* (Comp. Sc./Mechatronics)*
M.Tech. (Artificial Intelligence)
M.Tech. (Computer Science/IT)
M.Tech. (Robotics & Automation)
M.Tech. (VLSI Design)
M.Tech. (Remote Sensing)
M.Tech. (Biotechnology)
M.Tech. (Chemical Engineering)
Three Year Diploma (Electronics & Instru./ Electrical & Electronics/Mechatronics )*

MATHEMATICAL & PHYSICAL SCIENCES
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$
(Phy./Chem./Maths/Comp.Sc./Elect./Stats)
BCA/BCA Hons./BCA Hons. with Research$
B.Sc. (Data Science)/B.Sc. (Data Science) Hons.
M.Sc. (Computer Science)
M.Sc. (Data Science) | M.Sc. (Electronics)
M.Sc. (Mathematics/Statistics/Operations Research)
M.Sc. (Physics)
MCA/PGDCA

ARCHITECTURE & PLANNING
B.Arch.+

LAW
B.A./BBA/B.Com. LL.B. (Integrated)
LL.M.* (Constitution Law/Criminal Laws & Forensics)

LIFE SCIENCES
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$
(Chemistry, Zoology, Botany & Microbiology)
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$
(Biotechnology)
B.Pharm.*
M.Pharm. (Pharmaceutical Chemistry, Pharmaceutics, Pharmacology)
M.Sc. (Chemistry) | M.Sc. (Microbiology)
M.Sc. (Botany) | M.Sc. (Zoology)
M.Sc. (Biotechnology) | M.Sc. (Bioinformatics)
M.Sc. (Applied Microbiology & Biotechnology)

EARTH SCIENCES
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$
(Geology/Geography)
M.Sc. (Geography) | M.Sc. (Geology)
M.Sc. (Environmental Science)

MANAGEMENT STUDIES
B.Com./B.Com. Hons./B.Com. Hons. with Research$
BBA/BBA Hons./BBA Hons. with Research$
MBA (Integrated) | BSW | M.Com.
MBA* (Business Analytics/Entrepreneurship/HR/ Finance/Marketing/Aviation/Public Policy/Banking and Finance Management)

FINE ARTS
M.A. Music (Vocal/Instru.), Dance (Kathak/Bharatnatyam), Dramatic Art (Theatre), Drawing and Painting

AVIATION
B.Sc./B.Sc. Hons. (Aviation Science)

DESIGN
B.Des. (Fashion & Lifestyle Design/Communication Design/Industrial Design)
M.A. (Textile Designing) | M.Des.

JOURNALISM & MASS COMMUNICATION
B.A./B.A. Hons./B.A. Hons. with Research$
(Journalism and Mass Communication)
M.A. (Journalism and Mass Communication)

HUMANITIES & SOCIAL SCIENCES
B.A./B.A. Hons./B.A. Hons. with Research$
(Hindi, Sanskrit, English, Sociology, History, Maths, Statistics, Applied Statistics, Political Sc., Public Adm., Economics, Management, Music, Dance, Drama & Theatre Art, French, Drawing & Painting, Home Science, Textile Designing, Computer Application, Geography, Psychology, German)
M.A. (Economics, History, Sociology, Political Sc., Psychology, Geography, Mathematics, Statistics, Operations Research, Hindi, English & Sanskrit)
Master of Social Work

EDUCATION
B.A.B.Ed.*/B.Sc.B.Ed.* (Secondary/Middle)#, B.Ed., M.Ed.

HOME SCIENCE
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$
(Home Science)
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$
(Home Science) Food Science & Nutrition
M.Sc. (Home Science) (Human Development/Food Science & Nutrition/Clothing & Textile)

NURSING
B.Sc. Nursing*

*Admission to this course shall be based on all India merit-cum-aptitude test.
One year PG Programmes available for 4 years Hons./Hons. with Research Graduates.
Foreign/NRI Admissions : A limited number of seats are available for direct admission of Foreign/NRI students in select courses.
Ph.D. : Visit the University website for further details of Ph.D. in all Subjects mentioned above.

$Lateral entry also available
For queries related to lateral entry call: +91-8946925269

Toll Free 1800-270-5855

Admission 2025-26
Scan to explore for detailed information

+JEE-2 & NATA qualified
#Subject to approval
LAST DATE FOR APPLICATION
30 April, 2025

SCHOOL EDUCATION DIVISION
New admissions shall be made only to classes VI*, IX* & XI Arts/Science(Maths/Bio)/Commerce.
For admission enquiry: +91-9116624101, +91-9352878388
Email: school_admissions@banasthali.in

Enquiries can be made at
- For general enquiry:
+91-9352879844, +91-9352879855, +91-9352879866
- For UG/PG Admissions:
+91-9116624102 (Engineering & Technology)
+91-9116624103 (Mathematical & Physical Sciences)
+91-9116624104 (Life Science, Aviation, Earth Sc.)
+91-9116624105 (Law & Management Studies)
+91-9352879847 (Humanities, Social Sc., Home Sc.)
+91-9352803156 (Design, Architecture, Fine Arts, Education & Nursing)
Email: ug_admissions@banasthali.in; pg_admissions@banasthali.in

How to Apply
For each programme a separate application is required through either:
Option 1 : Online submission of application at the University's website: http://www.banasthali.org or
Option 2 : Send a DD for Pre-application fee of Rs. 1000/- in favour of "Banasthali Vidyapith" Payable at Banasthali/Jaipur to: Secretary-Banasthali Vidyapith, P.O. Banasthali Vidyapith-304022 (Raj.)
Scan to explore

Scholarships
The Vidyapith provides financial support to the needy students in the form of merit-cum-need scholarships. It also encourages meritorious students by awarding them merit scholarships.

BANASTHALI VIDYAPITH
P.O. Banasthali Vidyapith (Raj.) 304022 • Phone : +91-1438228384, +91-1438228990
Mob.: +91-9352879844, +91-9352879855, +91-9352879866 • Email : admissions@banasthali.in
Visit us at http://www.banasthali.org
Connect with us on www.facebook.com/banasthali.org
Connect with us on www.instagram.com/banasthali_vidyapith_official

NAAC 'A++' 3.63
THE WORLD UNIVERSITY RANKINGS 2025
nirf All India Rank
QS UNIVERSITY RANKINGS ASIA

# महिंद्रा एंड महिंद्रा करेगी एसएमएल इसुजु का टेकओवर, 555 करोड़ होंगे निवेश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

महिंद्रा एंड महिंद्रा ने एसएमएल इसुजु लिमिटेड में 58.96 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने का ऐलान किया है। महिंद्रा एंड महिंद्रा 650 रुपए प्रति शेयर के हिसाब से 555 करोड़ रुपए खर्च करेगी। इसके अलावा महिंद्रा एंड महिंद्रा, सेबी के नियमों के अनुसार कंपनी के टेकओवर के लिए ओपन ऑफर भी लाएगी। इस डील की जानकारी महिंद्रा एंड महिंद्रा ने सभी के साथ साझा किया है। महिंद्रा एंड महिंद्रा इस डील के तहत एसएमएल के प्रमोटर सुमितो कॉरपोरेशन से 43.96 प्रतिशत हिस्सा खरीदेगी। वहीं, एसएमएल इसुजु लिमिटेड के पब्लिक शेयर होल्डर्स से कंपनी 15 प्रतिशत हिस्सा खरीदेगी।

- कंपनी 650 रुपए प्रति शेयर के हिसाब से 555 करोड़ रुपए करेगी खर्च

महिंद्रा एंड महिंद्रा को इसके बाद 26 प्रतिशत हिस्सा खरीदना ही होगा। सेबी के नियमों के अनुसार महिंद्रा एंड महिंद्रा को अतिरिक्त 26 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए ओपन ऑफर लाना होगा।

## महिंद्रा ने 58.96 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने का किया ऐलान

### महिंद्रा के शेयर एक साल में 36 फीसदी चढ़े

शुक्रवार को महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के शेयर बीएसई में 1.33 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2862.20 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था। कंपनी के शेयरों की कीमतों में एक साल के दौरान 36 प्रतिशत की तेजी आई है। अब सोमवार यानी कल कंपनी के शेयर फोकस में रहेंगे।



### दिग्गज कंपनी है एसएमएल इसुजु

एसएमएल इसुजु एक स्थापित और लोकप्रिय ब्रांड है। कंपनी की मौजूदगी देश भर में है। एसएमएल इसुजु आईएलसीवी सेगमेंट में एक लीडिंग कंपनी है। बस सेगमेंट में एसएमएल इसुजु की कुल हिस्सेदारी 16 प्रतिशत की है। वित्त वर्ष 2024 के दौरान कंपनी का ऑपरेटिंग रेवन्यू 2196 करोड़ रुपए रहा था। वहीं, इबिडाटा इस दौरान 179 करोड़ रुपए रहा था।

### महिंद्रा की पोजीशन होगी मजबूत

इस प्रस्तावित अधिग्रहण से महिंद्रा एंड महिंद्रा की 3.5 टन कॉमर्शियल सेगमेंट में स्थिति और मजबूत हो जाएगी। मौजूदा समय में महिंद्रा एंड महिंद्रा का इस सेगमेंट में 3 प्रतिशत हिस्सा है। वहीं, 3.5 टन एलसीवी सेगमेंट में महिंद्रा एंड महिंद्रा की हिस्सेदारी 52 प्रतिशत है। महिंद्रा एंड महिंद्रा का कहना है कि इस अधिग्रहण के बाद उनका मार्केट शेयर 6 प्रतिशत हो जाएगा।

## खबर संक्षेप

### रिलायंस रिटेल के मुनाफे में 29 फीसदी की वृद्धि



**नई दिल्ली।** उद्योगपति मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की खुदरा कारोबार इकाई रिलायंस रिटेल वेंचर लिमिटेड (आरआरवीएल) का शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष (2024-25) की जनवरी-मार्च तिमाही में 29.1 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 3,545 करोड़ रुपये रहा है।

### विलय के बाद जियोस्टार का राजस्व 10,006 करोड़ पहुंचा



**नई दिल्ली।** रिलायंस के मीडिया कारोबार और वैश्विक मीडिया दिग्गज वॉल्ट डिज्नी के भारतीय कारोबार के विलय के बाद बने संयुक्त उद्यम जियोस्टार ने 774 करोड़ रुपये की कर-पूर्व कमाई के साथ 10,006 करोड़ रुपये का राजस्व दर्ज किया। जियोहॉटस्टार ने पांच सप्ताह के भीतर भुगतान वाले 10 करोड़ उपयोगकर्ताओं का आंकड़ा पार कर लिया।

### एथर एनर्जी ने बड़े निवेशकों से जुटाए 1340 करोड़ रुपए



**नई दिल्ली।** एथर एनर्जी ने अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) खुलने से पहले एंकर निवेशकों से 1,340 करोड़ रुपये जुटाए हैं। कंपनी 28 अप्रैल को अपना 2,981 करोड़ रुपये का आईपीओ लेकर आ रही है। इसका मूल्य दायरा 304-321 रुपये प्रति शेयर रखा गया है। एथर एनर्जी ने बड़े (एंकर) निवेशकों से 1,340 करोड़ रुपये जुटाए हैं।

### नोकिया इंडिया ने वीआईएल में एक फीसदी हिस्सेदारी बेची



**नई दिल्ली।** नोकिया सॉल्यूशंस एंड नेटवर्क्स इंडिया ने कर्ज में डूबी दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) में करीब एक प्रतिशत हिस्सेदारी खुले बाजार में 786 करोड़ रुपये में बेच दी। नोकिया सॉल्यूशंस एंड नेटवर्क्स इंडिया ने 102.70 करोड़ शेयर बेचे, जो वोडाफोन आइडिया में 0.95 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है।

## पिछले आठ वर्षों में 18 पीएसयू कंपनियां हुई सूचीबद्ध

# सीपीएसई के आईपीओ निवेशकों को आठ साल में बंपर रिटर्न मिला, मझगांव डॉक सबसे ऊपर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पिछले आठ वर्षों में सूचीबद्ध 18 सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों में 15 ने बंपर रिटर्न दिया है। इनमें मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स सबसे ऊपर है, जिसने निवेशकों को 37 गुना तक अमीर बनाया।

विश्लेषण से पता चलता है कि बीमा कंपनियों को छोड़कर, मई 2017 से सूचीबद्ध सभी केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) ने निवेशकों को सकारात्मक प्रतिफल दिया। इनमें विशेष रूप से पोत परिवहन और रेल क्षेत्रों की कंपनियां सबसे आगे रहीं।



**सार्वजनिक क्षेत्र की 15 कंपनियों ने दिया बंफर रिर्टन**
**डॉक शिपबिल्डर्स ने निवेशकों को 37 गुना अमीर बनाया**
**लाभ देने में पोत और रेल विकास निगम सबसे आगे रहे**

### आईआरसीटीसी ने दिया 1000 प्रतिशत रिटर्न

मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स, रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल), गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड और भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) ने आईपीओ निवेशकों को 1,000 प्रतिशत से अधिक का प्रतिफल दिया।

### आईआरसीटीसी बढ़कर 3872 पहुंचा

रेलवे सीपीएसई में, आरवीएनएल ने 1,866 प्रतिशत का प्रतिफल दिया। कंपनी का शेयर 2019 में 19 रुपये के आईपीओ मूल्य से बढ़कर इस समय 373.6 रुपये पर पहुंच गया है। इसी तरह आईआरसीटीसी के शेयर 2019 में 320 रुपये से बढ़कर 3,872.75 रुपये प्रति शेयर पर पहुंच गए।

### एचएएल ने भी दिया अच्छा रिटर्न

रक्षा क्षेत्र के सीपीएसई - हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स (एचएएल) और भारत डायनेमिक्स (बीडीएल) ने आईपीओ निवेशकों को क्रमशः 605 प्रतिशत और 558 प्रतिशत का प्रतिफल दिया।

### रेलवे का प्रदर्शन रहा बेहतर



क्षेत्रवार विश्लेषण से पता चलता है कि रेलवे और पोत परिवहन सीपीएसई ने अन्य क्षेत्रों के सीपीएसई से बेहतर प्रदर्शन किया है। मझगांव डॉक 2020 में 145 रुपये के निर्गम मूल्य पर शेयर बाजारों में सूचीबद्ध हुआ था। दिसंबर 2024 में शेयर विभाजन के बावजूद 22 अप्रैल, 2025 को यह 5,510.2 रुपये प्रति शेयर पर कारोबार कर रहा था।



*इरेडा 458 प्रतिशत चढ़ा : भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी (इरेडा) के शेयर 2023 में 32 रुपये के निर्गम मूल्य पर सूचीबद्ध हुए और 458 प्रतिशत बढ़कर 178.6 रुपये प्रति शेयर पर पहुंच गए हैं। हालांकि, इस दौरान न्यू इंडिया एश्योरेंस, लाइफ इंश्योरेंस कॉरपोरेशन और जनरल इंश्योरेंस कॉरपोरेशन (जीआईसी) के शेयरों में गिरावट हुई।*

**कोचीन शिपयार्ड 2017 में हुआ सूचीबद्ध :**



गार्डन रीच शिपबिल्डर्स 2018 में 118 रुपये के निर्गम मूल्य पर शेयर बाजारों में सूचीबद्ध हुआ था। इस समय शेयर की कीमत 1,733.9 रुपये प्रति शेयर है। कोचीन शिपयार्ड 2017 में सूचीबद्ध हुआ था। इसका शेयर 432 रुपये के आईपीओ निर्गम मूल्य से बढ़कर 2,979.7 रुपये पर है। यह प्रतिफल शेयर विभाजन के बावजूद है।

# एआई का मतलब कौशल विकास, नौकरी खत्म होना नहीं: टीसीएस



- कार्य की प्रकृति को नया आकार देगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रमुख सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) की कृत्रिम मेधा (एआई) इकाई के वैश्विक प्रमुख अशोक कृष ने कहा कि एआई नई प्रौद्योगिकियों के सृजन को बढ़ावा देगी तथा कार्य की प्रकृति को नया आकार देगी।

कृष ने कहा कि एआई को कौशल परिवर्तन के उत्प्रेरक के रूप में देखा जाना चाहिए, न कि नौकरियों के लिए खतरे के नजरिए से। कृष ने बातचीत में बताया कि एआई केवल एक प्रौद्योगिकी बदलाव नहीं है, बल्कि एक सांस्कृतिक परिवर्तन है जिसके लिए ऐसे कार्यान्वयन के साथ-साथ लोगों के काम करने के तरीके को बदलने की आवश्यकता है। पिछले तीन दशकों में विघटनकारी प्रौद्योगिकियों - मेनफ्रेम से लेकर इंटरनेट, ई-कॉमर्स, डिजिटल और क्लाउड तक की बार-बार लहरें देखी गई हैं। प्रत्येक बदलाव ने भविष्य की संभावनाओं के बारे में आशंकाएं और कभी-कभी 'भयभीत करने वाली' भावनाएं पैदा की हैं। व्यापक रुझान को देखते हुए, उन्होंने कहा कि एआई सिर्फ़ अगला विकास है, जो अंततः अधिक प्रौद्योगिकी के निर्माण की ओर ले जाएगा, क्योंकि यह पूरी प्रक्रिया को सरल बनाता है। कृष ने कहा, "इसलिए मुझे लगता है कि इसे नौकरी घटने के नजरिए से देखना गलत है और यह कौशल विकास का एक अवसर है।"

### काम की प्रकृति भिन्न होगी

कृष ने कहा कि एआई मौजूदा तकनीक का विस्तार करेगा, लेकिन इसके जरिये किए जाने वाले काम की प्रकृति भिन्न होगी।

# पोटाश खनन में हिंदुस्तान जिंक के उतरने की योजना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड (एचजेडएल) पोटाश खनन में उतरने की योजना बना रही है और राजस्थान में एक ब्लॉक पर नज़र गड़ाए हुए है, जिसमें लिथियम भंडार होने की भी अच्छी संभावना है।

कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। भारत पोटाश के आयात पर बहुत अधिक निर्भर है और इसे कम करने के तरीकों की खोज कर रहा है। भारत का पोटाश आयात मुख्य रूप से रूस, कनाडा, बेलारूस और इज़राइल जैसे देशों से आता है। कंपनी मूल धातुओं- जस्ता और सीसा और कीमती धातु चांदी के साथ-साथ सभी महत्वपूर्ण खनिजों से परे विस्तार करने की योजना बना रही है जो कंपनी के लिए रणनीतिक हित में हैं। हिंदुस्तान जिंक को राजस्थान में दुगोचा गोल्ड ब्लॉक के लिए पसंदीदा बोलीदाता घोषित किया गया, जिसके परिणामस्वरूप कीमती धातुओं के अपने पोर्टफोलियो का विस्तार हुआ। "हम सभी महत्वपूर्ण खनिजों में विस्तार करेंगे, जो भी हमारे लिए रणनीतिक हित में है, जिसमें न केवल खनिज शामिल हैं, बल्कि पोटाश भी शामिल है।



- वेदांता समूह की कंपनी है हिंदुस्तान जिंक
- राजस्थान में एक ब्लॉक पर नजर गड़ाए हुए है

### कंपनी सभी खनिज ब्लॉकों के नीलामी में भाग लेगी

हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड को आंध्र प्रदेश में बालेपालयम टंगस्टन ब्लॉक आवंटित किया गया। उन्होंने कहा कि कंपनी देश में होने वाले सभी खनिज ब्लॉकों की नीलामी में भाग लेने पर विचार कर रही है।

## नेफेड की बिकवाली जारी रहने से सोयाबीन तिलहन में गिरावट



**नई दिल्ली।** सहकारी संस्था नेफेड द्वारा सोयाबीन की बिकवाली जारी रहने के बीच बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजार में सोयाबीन तिलहन के दाम में गिरावट दर्ज हुई जबकि विदेशों में खाद्यतेलों के दाम मजबूत होने से बाकी सभी तेल-तिलहनों में सुधार देखने को मिला। मंडियों में आवक कम रहने और सुस्त कारोबारी गतिविधियों के बीच मूंगफली तेल-तिलहन के भाव अपरिवर्तित रहे। बाजार सूत्रों ने कहा कि सहकारी संस्था नेफेड की ओर से न्यूनतम समर्थन मूल्य से कमजोर हाजिर दाम पर सोयाबीन की बिकवाली जारी रहने के बीच सोयाबीन तिलहन के भाव गिरावट के साथ बंद हुए।

# रिलायंस ने सौर ऊर्जा विनिर्माण की अपनी पहली इकाई शुरू की

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने सौर पैनलों के निर्माण के लिए अपनी पहली इकाई चालू कर दी है और बैटरी भंडारण उत्पादन सुविधाओं का निर्माण करने की दिशा में आगे बढ़ रही है।

कंपनी ने निवेशकों के समक्ष प्रस्तुति में यह जानकारी दी। रिलायंस ने 2021 में नवीकरणीय ऊर्जा, भंडारण और हाइड्रोजन को कवर करते हुए 10 अरब डॉलर की योजना का अनावरण किया था क्योंकि इसने 2035 तक शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन की स्थिति का अनुसरण कर रही है। रिलायंस भारत का सबसे बड़ा समूह है, जो तेल और पेट्रोकेमिकल्स से लेकर दूरसंचार और खुदरा क्षेत्र तक में सक्रिय है। शुक्रवार को पिछले वित्त वर्ष (2024-25) की आय की घोषणा करते हुए एक निवेशक प्रस्तुति पोस्ट में रिलायंस ने कहा, "सौर पीवी मॉड्यूल की पहली लाइन चालू हो गई है। उद्योगपति मुकेश अंबानी द्वारा संचालित यह कंपनी अदाणी समूह, टाटा, वारी एनर्जी और विक्रम सोलर जैसी कंपनियों में शामिल हो गई है जो सौर पीवी मॉड्यूल बनाती हैं।



- 10 गीगावाट क्षमता का लक्ष्य
- कंपनी जामनगर में 5,000 एकड़ की जगह पर 'गीगा फैक्ट्रियां' बना रही

## नाकोडा ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज की बड़े विस्तार की योजना

**जबलपुर।** नाकोडा ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज जो प्रीमियम क्वालिटी टूटी फ्रूटी (कैंडिड फ्रूट्स), ड्राई फ्रूट्स और डिहाइड्रेटेड फ्रूट्स के निर्माण और निर्यात में संलग्न है, ने अब ड्रिंक्स और बेवरेज सेगमेंट में विस्तार की रणनीतिक घोषणा की है। कंपनी अब मिनरल वॉटर, एरेटेड ड्रिंक्स और नॉन-अल्कोहॉलिक बेवरेज जैसे उत्पादों को अपनी रेंज में शामिल करेगी। कंपनी के ब्लू-चिप ग्राहकों में ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड, पारले एग्रो, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड, हल्दीराम्स आदि शामिल हैं।

NO CTRL

# डिक्सन इलेक्ट्रॉनिक कलपुर्जे बनाएगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण सेवा कंपनी डिक्सन टेक्नोलॉजीज इलेक्ट्रॉनिक्स कलपुर्जा विनिर्माण क्षेत्र में प्रवेश करेगी और निर्यात पर विचार करने से पहले उन्हें निजी जरूरतों के लिए उपयोग करेगी। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार, टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स सरकार द्वारा शुरू की गई 23,000 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन योजना के तहत इलेक्ट्रॉनिक्स कलपुर्जों के विनिर्माण के लिए 2,000 करोड़ रुपये का निवेश कर सकती है।



- टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स कर सकती है 2,000 करोड़ रुपए का निवेश

टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स ने इस संबंध में भेजे गए प्रश्न पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स ने इस संबंध में भेजे गए प्रश्न पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। इलेक्ट्रॉनिक्स कलपुर्जा विनिर्माण योजना (ईसीएमएस) के बारे में बात करते हुए डिक्सन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अतुल लाल ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स कलपुर्जा कंपनी के लिए विकास का अगला चरण है।

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

## राशिफल

**मेष** — धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** — वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** — सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।


**धनु** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** — मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** — परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

## शब्द पहेली - 5850



**बाएँ से दाए-**
2. पिता की बहन-2
5. कठोर-2
7. खून, रुधिर-2
8. मशरुम, फफूंद-3,2
9. इसे मकड़ी बुनती है-2
10. अपशिष्ट पदार्थ-2
11. धैर्य, संयम-2
13. स्फूर्ति, चंचलता-4
15. ओस, निशाजल-4
17. राशि निर्धारण-5
18. हलकापन-5
20. खालीपन, रिक्तता-4
23. स्नान करवाना-4
26. दंड-2
27. कार्य-2
28. कुर्बानी-2
29. कहानी का लेखक-5
30. प्रतिबिंब-2
31. गाना, नगमा-2
32. मां की मां-2

**ऊपर से नीचे**
1. बंदूक की गोली-4
3. व्याकुलता-4
4. दौरान, मध्य में-5
5. सत्ताधारी-4
6. नरम, अकठोर-4
10. शराब, सुरा-2
12. ईश्वर-2
14. गतिशीलता-5
16. नवीन, नया -2,3
19. उद्योगपति अनिल अंबानी की पत्नी का पूर्व नाम-5
20. प्रतिपूर्त व अनुपुर्त करना (अंग्रेजी-4)
21. मवाद-2
22. नाजुकता-4
23. मना करना-4
24. मैं का बहुवचन -2
25. नाकारा, बेकार-4

### शब्द पहेली -5849 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| का | म | या | ब | | र | | श | ब | न | म |
| | म्मी | | र | फू | च | क्क | र | | र्म | |
| आ | | मा | स | | ना | | मा | ह | | प्र |
| स | ह | ला | ना | | का | | ना | रा | य | ण |
| | थ | | | | र | | | | ज़ो | |
| ह | क | ब | का | ना | | अ | प | ना | प | न |
| | र | | | | ख | | | | वी | |
| मे | घा | ल | य | | ल | | क | म | त | र |
| घ | | त | म | | ना | | ल | त | | क्षा |
| | थं | | रा | सा | य | नि | क | | कै | |
| म | हा | रा | ज | | क | | ल | म्बो | द | र |

## सूडोकु नवताल - 5860

***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | | | 3 | |
| | | 6 | | 2 | | 4 | | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 7 | | | | 4 | | | | 9 |
| | 9 | | | | | | 5 | |
| | | | 2 | | | 1 | | |
| | | 1 | | 7 | | 6 | | |
| | 5 | | | | 3 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5859 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 7 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 | 5 | 8 |
| 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 6 | 1 | 3 | 8 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 1 | 7 | 6 |
| 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 3 | 5 | 2 | 4 |






# कोपा डेल रे कप : बार्सिलोना 32वें बार बना चैंपियन, 43वें बार खेला फाइनल मुकाबला

एजेंसी ⏭ सेविले

जूल्स कौंडे के 116वें मिनट में अतिरिक्त समय में किए गए गोल की मदद से बार्सिलोना ने कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट के रोमांचक फाइनल में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी रियल मैड्रिड को 3-2 से हराया। राइट बैक कौंडे ने लुका मोड्रिक के पास पर 116वें मिनट में यह गोल किया जिससे बार्सिलोना रिकॉर्ड 32वां कोपा डेल रे खिताब जीतने में सफल रहा। बार्सिलोना इसके अलावा चैंपियंस लीग और स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा का खिताब जीतने की दौड़ में भी बना हुआ है। बार्सिलोना चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल के पहले चरण में बुधवार को इंटर मिलान का सामना करेगा। वह ला लिगा में भी रियल मैड्रिड से चार अंक आगे शीर्ष पर काबिज है।

3-2 से रियल मैड्रिड को हराया ▶ 11 बार उपविजेता रही टीम ▶ चैंपियंस लीग और ला लिगा खिताब से एक कदम दूर ▶ 20 बार रियल मैड्रिड चैंपियन ▶ 24 खिताब के साथ बिलबाओ दूसरे स्थान पर



### अतिरिक्त समय में मिली जीत

पेड्रि गोंजालेज ने ला कार्टुजा स्टेडियम में 28वें मिनट में बार्सिलोना को बढ़त दिलाई। रियल मैड्रिड ने दूसरे हाफ में दो गोल करके बढ़त हासिल की। किलियन एमबापे ने 70वें मिनट में फ्री किक पर गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद खेल के 77वें मिनट में मिडफील्डर ऑरेलियन टचौमेनी के हेडर से गोल करके स्कोर 2-1 से रियल मैड्रिड के पक्ष में कर दिया। बार्सिलोना की तरफ से फेरान टोरेस ने 84वें मिनट में बराबरी का गोल करके मैच को अतिरिक्त समय तक खींच दिया।

### सत्र में तीसरी जीत

बार्सिलोना ने इस सत्र में रियल मैड्रिड के खिलाफ जो तीन मैच खेले हैं उन सभी में उसे जीत मिली। उसने पिछले साल अक्टूबर में ला लिगा के मैच में रियल मैड्रिड को 4-0 से हराया था। इसके बाद उसने जनवरी में स्पेनिश सुपर कप फाइनल में 5-2 से जीत हासिल की थी।

## एफए कप फाइनल में पहुंचा क्रिस्टल पैलेस

**लंदन।** क्रिस्टल पैलेस ने इस्माइला सा के दो गोल की मदद से शनिवार को वेम्बली स्टेडियम में एस्टन विला को 3-0 से हराकर तीसरी बार एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। क्रिस्टल पैलेस इससे पहले 1990 और 2016 में इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचा था लेकिन दोनों अवसरों पर उसे मैनचेस्टर युनाइटेड ने हरा दिया था। इस्माइला सा की मदद से खेल के 31वें मिनट में एबेरेची एज़े ने गोल करके क्रिस्टल पैलेस से को शुरुआती बढ़त दिलाई। इसके बाद उन्होंने 58वें और फिर स्टॉपेज टाइम के चौथे मिनट में गोल करके अपनी टीम की बड़ी जीत सुनिश्चित की। क्रिस्टल पैलेस 17 मई को होने वाले फाइनल में मैनचेस्टर सिटी या नॉटिंघम फ़ॉरेस्ट से भिड़ेगा।

## रोनाल्डो ने दागा टूर्नामेंट का अपना 8वां गोल



**जेद्दा।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो की अगुआई में सऊदी अरब की टीम अल-नसर ने एएफसी चैंपियंस लीग एलीट के क्वार्टर फाइनल में जापान के योकोहामा एफ मैरिनोस को 4-1 से शिकस्त दी। चालीस साल के रोनाल्डो ने मैच के 38वें मिनट में टूर्नामेंट का अपना आठवां गोल किया। मौजूदा सत्र में यह उनका 33वां गोल है। इससे पहले एस्टन विला से 100 मिलियन डॉलर से अधिक में इस साल जनवरी में अनुबंधित हुए जॉन डुरान ने 27वें मिनट में गोल कर अल-नसर का खाता खोला जबकि सादियो माने ने इसके चार मिनट के बाद टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। डूरान ने दूसरे हाफ (49वां मिनट) में अपना दूसरा गोल कर टीम को 4-0 की बढ़त दिला दी। एंडरसन लोपेस ने पांच बार की चैंपियन जापान की टीम के लिए सांत्वना गोल किया।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 8 | 6 | 2 | 12 |
| मुंबई | 10 | 6 | 4 | 12 |
| दिल्ली | 8 | 6 | 2 | 12 |
| बेंगलुरु | 9 | 6 | 3 | 12 |
| पंजाब | 9 | 5 | 3 | 11 |
| लखनऊ | 10 | 5 | 5 | 10 |
| कोलकाता | 9 | 3 | 5 | 7 |
| हैदराबाद | 9 | 3 | 6 | 6 |
| राजस्थान | 9 | 2 | 7 | 4 |
| चेन्नई | 9 | 2 | 7 | 4 |

ऑरेंज कैप



सूर्यकुमार
427 रन
मुंबई

पर्पल कैप



जोश हेजलवुड
17 विकेट
बेंगलुरु

### खबर संक्षेप

#### प्रभसिमरन इस सत्र में अधिक परिपक्व

**कोलकाता।** जाब किंग्स के स्पिन गेंदबाजी कोच सुनील जोशी का मानना है कि सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र ने अधिक



परिपक्वता दिखा रहे हैं तथा टीम प्रबंधन में उन पर जो भरोसा दिखाया है उस पर खरा उतर रहे हैं। पंजाब के अनुभवी बल्लेबाज प्रभसिमरन ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ शनिवार को यहां खेले गए मैच में शुरू में सतर्कता बरतने के बाद 49 गेंद पर 83 रन की आकर्षक पारी खेली जिससे पंजाब ने चार विकेट पर 201 रन का मजबूत स्कोर बनाया। बारिश के कारण हालांकि यह मैच धुल गया।

#### आक्रामक गेंदबाजी से उनका भी दिन बन जाएगा

**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस के स्टार तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग में बल्लेबाज पावर-हिटिंग को एक अलग स्तर पर ले जाते हैं, लेकिन



अगर गेंदबाज सटीकता से समझौता किए बिना आक्रामक बने रहने पर ध्यान केंद्रित करते हैं तो उनका भी दिन बन जाएगा। बोल्ट ने कहा कि टी20 क्रिकेट बल्लेबाजों द्वारा बड़े शॉट लगाने के तरीके खोजने के साथ विकसित हुआ है, लेकिन इससे गेंदबाजों को भी विकेट लेने का मौका मिलता है। न्यूजीलैंड के इस तेज गेंदबाज ने कहा कि डेथ ओवरों में गेंदबाजी करना एक बड़ी चुनौती बन गई है।

#### टीसीएस वर्ल्ड 10के में शीर्ष पर रहे सारा और जोशुआ

**बेंगलुरु।** सारा चेलंगट और जोशुआ चेप्टेगी ने रविवार को यहां आयोजित टीसीएस वर्ल्ड 10के दौड़ में क्रमशः महिला और पुरुष वर्ग में शीर्ष स्थान हासिल किए। विश्व एथलेटिक्स के 'गोल्ड लेबल रोड रेस' के दोनों वर्गों में इस तरह युगांडा के धावकों का दबदबा रहा। सारा और चेप्टेगी अपने देश के पहले एथलीट हैं, जिन्होंने टीसीएस वर्ल्ड 10के खिताब के साथ-साथ 26,000 डॉलर का पुरस्कार भी जीते हैं।

## आईपीएल : 10 मैच में 12 अंक लेकर नंबर 2 बनी इंडियंस

# मुंबई की लगातार पांचवीं जीत, बुमराह का 'चौका', रिकलटन और सूर्या के अर्धशतक

एजेंसी ⏭ मुंबई

मुंबई इंडियंस रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स को 54 रन से हराकर लगातार पांचवीं जीत से तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई। आईपीएल में हमेशा की तरह धीमी शुरूआत के बाद लय पकड़ने वाली मुंबई इंडियंस 10 मैच में 12 अंक लेकर गुजरात टाइटन्स (12 अंक) से नीचे बनी हुई है। एलएसजी 10 अंक से छठे स्थान पर है।

मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट पर 215 रन बनाए। जवाब में लखनऊ की टीम 161 रन ही बना सकी। विकेटकीपर बल्लेबाज रेयान रिकलटन (58 रन) और सूर्यकुमार यादव (54 रन) के अर्धशतकों के बाद तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह (चार विकेट) की अगुआई में शानदार गेंदबाजी की।



### स्कोर बोर्ड

| मुंबई इंडियंस | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रिकलटन का बदोनी बो राठी | 58 | 32 | 6 | 4 |
| रोहित का प्रिंस बो मयंक | 12 | 05 | 0 | 2 |
| विल जैक्स बो प्रिंस यादव | 29 | 21 | 3 | 1 |
| सूर्यकुमार का मार्श बो आवेश | 54 | 28 | 4 | 4 |
| तिलक का प्रिंस बो बिश्नोई | 06 | 05 | 1 | 0 |
| हार्दिक पंड्या बो मयंक | 05 | 07 | 0 | 0 |
| नमन धीर नाबाद | 25 | 11 | 2 | 2 |
| बॉश का पूरन बो आवेश | 20 | 10 | 2 | 1 |
| दीपक चाहर नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 05, कुल : 20 ओवर में 215/7
गेंदबाजी : मयंक 4-0-40-2, प्रिंस 4-0-44-1, राठी 4-0-48-1, बिश्नोई 4-0-41-1, आवेश 4-0-42-2.

| लखनऊ सुपर जायंट्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मार्श का तिलक बो बोल्ट | 34 | 24 | 3 | 2 |
| मारक्रम का नमन बो बुमराह | 09 | 11 | 2 | 0 |
| पूरन का सूर्यकुमार बो जैक्स | 27 | 15 | 1 | 3 |
| पंत का कर्ण बो जैक्स | 04 | 02 | 1 | 0 |
| बदोनी का जैक्स बो बोल्ट | 35 | 22 | 2 | 2 |
| मिलर का बॉश बो बुमराह | 24 | 16 | 3 | 0 |
| अब्दुल समद बो बुमराह | 02 | 04 | 0 | 0 |
| रवि बिश्नोई बो बॉश | 13 | 14 | 0 | 2 |
| आवेश खान बो बुमराह | 00 | 01 | 0 | 0 |
| प्रिंस यादव नाबाद | 04 | 09 | 0 | 0 |
| दिग्वेश राठी बो बोल्ट | 01 | 03 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 08, कुल : 20 ओवर में 161/10
गेंदबाजी : बोल्ट 4-0-20-3, चाहर 3-0-38-0, बुमराह 4-0-22-4, जैक्स 2-0-18-2, कर्ण शर्मा 2-0-25-0, पंड्या 1-0-10-0, बॉश 4-0-26-1.

### सूर्या के 4 हजार रन पूरे

सूर्यकुमार यादव ने आईपीएल में सबसे तेज 4 हजार रन पूरे कर लिए हैं। एबी डिविलियर्स और क्रिस गेल के बाद सूर्या ने सबसे कम गेंदों में ऐसा कारनामा किया है। गेल ने 4 हजार रन पूरे करने के लिए 2653 गेंदों का सामना किया था, जबकि डिविलियर्स ने 2658 गेंदों का सामना किया था। वहीं, सूर्या ने इसे करने के लिए 2705 गेंदों का सामना किया है।


### ऑरेंज कप पर सूर्या का कब्जा

ऑरेंज कप यानी आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में सूर्यकुमार यादव अब सबसे आगे निकल गए हैं। उन्होंने साई सुदर्शन को पीछे छोड़ दिया है। 10 मैच में सूर्या के बल्ले से अबतक 427 रन निकले हैं, जबकि 8 पारियों में साई ने 417 रन बनाए हैं। वहीं तीसरे नंबर पर विराट कोहली हैं जो 9 मैच में 392 रन बनाए हैं।

### खेल स्ट्राइक

#### इस्लामाबाद वॉलीबॉल खेलने नहीं जाएगा भारत

लाहौर। पाकिस्तान वॉलीबॉल महासंघ ने रविवार को कहा कि भारत ने अगले महीने इस्लामाबाद में होने वाले मध्य एशियाई वॉलीबॉल प्रतियोगिता से अपना दल हटा लिया है। पीवीएफ के अधिकारी अब्दुल अहद ने कहा कि भारत ने 28 मई से जिन्ना परिसर में शुरू होने वाली चैंपियनशिप के लिए 22 खिलाड़ियों सहित 30 सदस्यीय टीम भेजने की पुष्टि की थी। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में 26 पर्यटक मारे गए थे जिससे दोनों देशों के बीच कूटनीतिक तनाव बढ़ गया है। अहद ने कहा, 'भारतीय वॉलीबॉल अधिकारियों ने क्षेत्रीय संस्था को सूचित किया है कि उनकी सरकार ने पहलगाम में हुई घटना के बाद टूर्नामेंट के लिए उन्हें जारी किए गए एनओसी को रद्द कर दिया है। यह जानकर निराशा हुई कि भारत ने चैंपियनशिप से नाम वापस ले लिया है और उनकी जगह अफगानिस्तान या श्रीलंका की टीम लेगी।'



#### पीएसएल में शामिल भारतीय स्वदेश लौटे

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने रविवार को 23 भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी की सुविधा प्रदान की जो पाकिस्तान सुपर लीग के प्रोडक्शन और प्रसारण टीम का हिस्सा थे। पहलगाम आतंकी हमले के बाद दोनों देशों के बीच कूटनीतिक और सीमा तनाव बढ़ने के बाद पाकिस्तान सरकार ने पाकिस्तान में सभी भारतीय नागरिकों को 30 अप्रैल तक देश छोड़ने के लिए कहा था। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए हमले में 26 निर्दोष पर्यटकों को आतंकवादियों ने गोली मार दी थी। पीसीबी के एक अधिकारी ने पुष्टि की कि पीएसएल मैचों के प्रोडक्शन और प्रसारण के लिए पाकिस्तान में मौजूद 23 भारतीय नागरिकों को वापस भेज दिया गया है।

#### खिलाड़ियों ने बांधी काली पट्टी



**कोलंबो।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले के पीड़ितों के प्रति शोक जताते हुए रविवार को यहां श्रीलंका के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला के पहले एकदिवसीय मैच के दौरान बांह पर काली पट्टी बांधकर मैदान में उतरे। दक्षिण अफ्रीका इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाली तीसरी टीम है।

### सुदीरमन कप

# भारत पहले मुकाबले में डेनमार्क से 1-4 से हारा



एजेंसी ⏭ शियामेन

पीवी सिंधू और एचएस प्रणय जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की हार के झटके से उबरने में नाकाम रही भारतीय टीम को बीडब्लूएफ सुदीरमन कप फाइनल्स में ग्रुप डी के अपने पहले मैच में रविवार को यहां डेनमार्क के खिलाफ 1-4 से करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा।

इंडोनेशिया और इंग्लैंड के साथ एक कठिन ग्रुप में रखे गए भारत को अपनी क्वालिफिकेशन उम्मीदों को जीवित रखने के लिए मजबूत शुरुआत की जरूरत थी लेकिन टीम ऐसा करने में विफल रही। डेनमार्क ने पांच मैचों के मुकाबले के पहले तीन मैच जीतकर 3-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। तनिषा क्रास्टो और ध्रुव कपिला की मिश्रित युगल जोड़ी ने भारतीय अभियान की शुरुआत की, लेकिनजेस्पर टोफ्ट और अमाली मैगेलुंड की दुनिया की सातवें नंबर की जोड़ी से 13-21, 14-21 से हार गई। प्रणय इसके बाद दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी एंडर्स एंटोनसेन को कड़ी टक्कर नहीं दे सके। उन्हें सीधे गेम में 15-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। मुकाबले में भारत को बनाये रखने की जिम्मेदारी अब हरिहरन अम्सकरुणन और रुबन कुमार रेथिनासाबापति की अनुभवहीन भारतीय पुरुष युगल जोड़ी पर थी लेकिन यह मुकाबला पूरी तरह एकतरफा साबित हुआ।

### सिंधू फार्म में नहीं, वापसी में फेल



चोट से वापसी के बाद खराब लय से गुजर रही विश्व रैंकिंग में 18वें स्थान पर काबिज सिंधू दोनों गेम में 20-16 और 19-12 की बड़ी बढ़त को भुनाने में नाकाम रही। इस साल पांच टूर्नामेंटों में सिर्फ तीन जीत दर्ज करने वाली सिंधू को लाइन होजमार्क केजेर्सफेल्ड ने 22-20, 23-21 से शिकस्त दी। तनीषा क्रास्टो और श्रुति मिश्रा ने महिला युगल में जीत हासिल करके भारत के लिए कुछ सम्मान बचाया। भारतीय जोड़ी ने निचली रैंकिंग वाली डेनमार्क की जोड़ी नतास्जा पी. एंथनीसन और एलेक्जेंड्रा बोजे को हराया। भारत का अगला मुकाबला 29 अप्रैल को इंडोनेशिया की मजबूत टीम से होगा।

## भारत के 14 मुक्केबाज एशियन चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचे

**अम्मान।** भारत के 14 मुक्केबाज यहां चल रही एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 मुक्केबाजी चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंच गए। अंडर-15 वर्ग के सेमीफाइनल में भाग ले रही भारत की 12 मुक्केबाजों में से 10 ने शनिवार को प्रतियोगिता के आठवें दिन अपने-अपने मुकाबले जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। कोमल (30-33 किग्रा), नव्या (58 किग्रा) और सुनैना (61 किग्रा) ने आरएससी (रेफरी द्वारा मुकाबला रोकना) में जीत हासिल की, जबकि खुशी अहलावत (35 किग्रा), तमन्ना (37 किग्रा), प्रिंसी (52 किग्रा) और तृषाना मोहिते (67 किग्रा) ने भी दमदार जीत दर्ज की। मिल्की मीनम (43 किग्रा) को जीत के लिए थोड़ा संघर्ष करना पड़ा। उन्होंने अपनी प्रतिद्वंद्वी को 3-2 से हराया। स्वी (40 किग्रा) और वंशिका (70 किग्रा से अधिक) को सेमीफाइनल में बाई मिली थी। पुरुषों की अंडर-15 प्रतियोगिता में संस्कार विनोद (35 किग्रा) किर्गिस्तान के आर्सेन जोरोबेव पर आरएससी की जीत के साथ खिताबी मुकाबले में जगह पक्की करने वाले पहले खिलाड़ी बने। उनके अलावा रुद्राक्ष सिंह खैदेम (46 किग्रा), अभिजीत (61 किग्रा) और लक्ष्य फोगाट (64 किग्रा) ने भी फाइनल में जगह बनाई।

## भारतीय महिला टीम ने श्रीलंका को नौ विकेट से रौंदा, प्रतिका की फिफ्टी

एजेंसी ⏭ कोलंबो

सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल के शानदार नाबाद अर्धशतक से पहले स्पिनर स्नेह राणा और पदार्पण कर रही श्री चरणी की बेहतरीन गेंदबाजी से भारत ने रविवार को यहां महिला त्रिकोणीय श्रृंखला के वर्षा बाधित पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में श्रीलंका को नौ विकेट से हराया।



बारिश के कारण मैच शुरू होने में तीन का घंटे का विलंब हुआ और इसे 39 ओवर का कर दिया गया। भारत ने श्रीलंका की पारी को 38.1 ओवर में 147 रन पर समेट दिया। ऑफ स्पिनर राणा और बाएं हाथ के स्पिनर चरणी ने आठ-आठ ओवर के अपने कोटे को पूरा करते हुए क्रमशः 31 रन पर तीन और 26 रन पर दो विकेट चटकाए। अनुभवी ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा ने भी 5.1 ओवर में 22 रन देकर दो विकेट चटकाए। भारत ने 29.4 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर आसानी से इस लक्ष्य को हासिल कर लिया। अनुभवी स्मृति मंधाना (43) ने टीम को तेज शुरुआत दिलायी जिसके बाद प्रतिका (नाबाद 50) और हरलीन देओल (नाबाद 48) ने 95 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को जीत दिला दी। भारत का अगला मुकाबला 29 अप्रैल को दक्षिण अफ्रीका से होगा।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग ( भ / स ) संभाग मण्डला (म.प्र.)**

निविदा सूचना क्रमांक 02 / 2025-26 निविदा **निविदा आमंत्रण सूचना** मण्डला, दिनांक 24.04.2025

निम्नलिखित कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग के मार्फत निविदा आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त बेवसाईड पर ऑनलाईन भुगतान करने पर बेवसाईड के माध्यम से प्राप्त हो सकेगें।

| ग्रु प. क्र. | टेण्डर आई.डी. | जिला | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | ठेके की अनुमानित राशि (रू. लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र की राशि | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2025_PWDRB_418599_1 | मण्डला | टिकरिया सिंगौधा पाठा चुटका मार्ग पर डब्ल्यू. एम. एम. एवं बी. टी. पेंच रिपेयर कार्य । | प्रथम आमंत्रण | 19.96 | 39920 | 2000 | 02 माह वषार्काल सहित |
| | | | | योग रु. | 19.96 | | | |

उपरोक्त वेबसाइट पर आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) प्राप्त हो सकेगा । निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 13/05/2025 (17.30) बजे तक निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधनों का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा । पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। सभी दस्तावेज ऑनलाईन ही स्वीकार किये जावेंगें। अलग से कोई भी दस्तावेज इस कार्यालय में प्राप्त नहीं किया जावेगा ।

कार्यपालन यंत्री,
लो. नि. विभाग ( भ / स )
संभाग मण्डला

G-12073/25 "स्वच्छता ही सेवा"

**कार्यालय वनमंडलाधिकारी, पांढुर्णा वनमंडल सा. वर्ष 2025-26 हेतु वाहन किराये पर लेने हेतु निविदा सूचना**

पांढुर्णा वनमंडल सा. अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में गश्ती कार्य के लिये अनुबंधित वाहन हेतु विभिन्न फर्मो से ई-टेंडर पद्धति के माध्यम से ऑनलाईन निविदा mptenders.gov.in पर आमंत्रित की जाती है । समस्त शर्ते एवं अन्य जानकारी वनसुरक्षा शाखा से कार्यालयीन समय में अथवा ऑनलाईन पोर्टल mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्रमांक | वाहन का विवरण | अनुमानित मात्रा |
|---|---|---|
| 1 | अनुबंधित वाहन बोलेरो / स्कॉर्पियो वाहन मॉडल 2023 अथवा उनके | 5 |

| | |
|---|---|
| Purchase of tender start date and time<br>निविदा क्रय की प्रारंभिक तिथि | 02/05/2025 Time 11:30 AM |
| Bid submission start date and time<br>निविदा दर प्रस्तुत करने की प्रारंभिक तिथि | 02/05/2025 Time 12:30 PM |
| Bid submission closing date and time<br>निविदा दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 13/05/2025 Time 02:00 PM |
| Bid Opening date and time<br>निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 15/05/2025 Time 02:30 PM |

टीप- उपरोक्त निविदा अंतर्गत सफल निविदाकार प्राप्त ना होने की दशा में पुन: टेंडर द्वितीय चरण में ऑनलाइन जारी किया जावेगा, जिस हेतु पृथक से प्रकाशन नहीं किया जावेगा । कृपया एम. पी. टेंडर की वेवसाइट पर द्वितीय चरण की तिथि का अवलोकन करें ।

वनमंडलाधिकारी
पांढुर्णा वनमंडल सा.

G-12079/25 "स्वच्छता ही सेवा"

# वकीलों ने एसआई पर कराई एफआईआर, युवा मोर्चा नेता ने लगाया मारपीट का आरोप

## पुलिस का वाहन चैकिंग अभियान बना विवाद का अखाड़ा

*पुलिस का वाहन चैकिंग अभियान विवादों के घेरे में आ गया है, दरअसल पुलिस के व्यवहार और रौबदारों का रौब दोनों ही इस अभियान की धुरी में विवाद की जड़ बन रहे। माढोताल में एक सब इंस्पेक्टर और वकील के बीचप्र का नतीजा यह हुआ की वकीलों ने सब इंस्पेक्टर सहित पुलिस कर्मियों के खिलाफ माढोताल थाने में एफआईआर दर्ज करा दी।*

**हरिभूमि, जबलपुर।**

सोशल मीडिया पर पुलिस के खिलाफ जमकर प्रहार किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर तिलवारा थाना में एक भाजयूमों नेता के साथ कथित मारपीट का मामला भी गर्मा गया है। इसी तरह संजीवनी नगर थाना क्षेत्र में गुरुवार को गढ़ा ट्रैफिक थाने में पदस्थ एक एएसआई से एक युवक की तीखी झड़प हो गई। जिसकी रिपोर्ट संजीवनी नगर थाने में दर्ज कराई गई। इन सब मामलों में पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय का कहना है की दुर्घटनाओं में कमी लाने लोगों को यातायात नियमों का पालन कराने पुलिस प्रयास कर रही है। लिहाजा इस तरह की घटनाएं ठीक नहीं हैं। उन्होंने स्वीकार किया की दोनों पक्षों को एकदूसरे का सम्मान और सहयोग करना चाहिये।

बहरहाल यहां सवाल यह भी उठता है की आखिर जब आनलाईन चलान की व्यवस्था है तो पुलिस हुज्जत क्यों करती है। रौबदारों को अपना रौब दिखाने का अवसर क्यों देती है। इसमें भी कोई शक नहीं की पुलिस किसी की भी परेशानी सुनने तैयार नहीं होती। पिस्ता आम आदमी ही है, गुंडे बदमाश और बिना नम्बर वाहन लेकर घूमने वाले मवाली पुलिस की चेकिंग देखते ही दाएं बाएं होकर निकल जाते हैं।


फाइल फोटो

### भाजयुमो मंत्री से मारपीट

तिलवारा थाने के सामने वाहन चैकिंग के दौरान भारतीय जनता युवा मोर्चा के मंडल मंत्री पवन शर्मा ने तिलवारा प्रभारी ब्रजेश मिश्रा और अन्य पुलिस कर्मियों पर मारपीट का आरोप लगाया है। पवन शर्मा का कहना है कि वे अपने दोस्त के साथ नर्मदा दर्शन के लिये जा रहे थे। तभी तिलवारा थाने के सामने चालानी कार्यवाही के दौरान उन्हें रोका तो पुलिस बदसलूकी पर उतर आई और चालान कटवाने के लिये राजी होने के बाद भी उनके साथ मारपीट की गई। घटना शनिवार रात की बताई गई है। पुलिस मारपीट में उनके हाथ पीठ और कंधे पर चोट आई है। कंधे में क्रेक बताया जा रहा है। तिलवारा थाना प्रभारी ब्रजेश मिश्रा मारपीट के आरोप को सिरे से खारिज किया है।


### वकीलों ने कराई एसआई पर एफआईआर

माढोताल थाना क्षेत्र में जिला अधिवक्ता संघ के सचिव ज्ञान प्रसाद त्रिपाठी और अधिवक्ता दशरथ अहिरवार ने एफआईआर दर्ज कराई है की अधिवक्ता संघ के सदस्य अपोलो हास्पिटल में शामिल संवाद कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। इसी बीच माढ़ोताल थाने के समीप पुलिस ने चैकिंग लगा रखी थी। पुलिस ने अधिवक्ता दशरथ अहिरवार को रोका और उनके एक्टिवा की चाबी निकाल ली। जब उन्होंने परिचय दिया तो बहस होने लगी। आरोप है की एसआई विजेन्द्र तिवारी ने गाली गलौच की आरक्षक सत्यम पटेल व अन्य पुलिस कर्मियों ने झूमा झपटी की और जाती गत रूप से अपमानित किया। घटना की सूचना मिलने पर जिला अधिवक्ता संघ के सचिव ज्ञान प्रसाद त्रिपाठी पहुंचे उनके साथ अधिवक्ता दशरथ अहिरवार भी मौके पर गये। इस दौरान तीखी बहस हो गई अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन भी किया। आरोप है की पुलिस ने दशरथ अहिरवार को जातिगत रूप में अपमानित भी किया। पुलिस ने धारा 296 115(2), 351(3), 3(5) के अलावा धारा 3(1) ध अनुसूचित जाती एवं जनजाति अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### अप्रैल माह में ही विद्यार्थियों तक पहुँची पाठ्य पुस्तकें

# प्रदेश में कक्षा एक से 12वीं तक 72 लाख से अधिक विद्यार्थियों का नामांकन

**हरिभूमि जबलपुर।**



शैक्षणिक सत्र 2025-26 में अब तक कक्षा एक से 12वीं तक लगभग 72 लाख 40 हजार से अधिक विद्यार्थी निर्धारित कक्षाओं में अपना नामांकन दर्ज करवा चुके हैं। वहीं कक्षा 5 उत्तीर्ण करने वाले लगभग 5 लाख विद्यार्थी कक्षा में 6 में तथा कक्षा 8 उत्तीर्ण करने वाले करीब 4 लाख 84 हजार से अधिक विद्यार्थी कक्षा 9 में प्रवेश ले चुके हैं। कक्षा एक से 8वीं तक में लगभग 59 लाख 66 हजार से अधिक एवं कक्षा 9 से 12वीं में 12 लाख 73 हजार से अधिक विद्यार्थी अभी तक नये शैक्षणिक सत्र वर्ष 2025-26 में प्रवेश ले चुके हैं।

प्रदेश में एक अप्रैल से शुरू हुए नये शैक्षणिक सत्र में अब तक लगभग एक लाख 62 हजार से अधिक बच्चों का कक्षा एक में प्रवेश हो चुका है। इनमें से लगभग एक लाख से अधिक बच्चों के अभिभावकों ने उनका प्रवेश शासकीय विद्यालयों में कराया है। शेष करीब 35 हजार बच्चे निजी विद्यालयों की कक्षा एक में प्रवेश ले चुके है। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष तक स्कूल चलें हम अभियान का संचालन जून माह में किया जाता था जिसे इस वर्ष मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में एक अप्रैल से ही संचालित किया गया है।

#### ▸ एज्युकेशन पोर्टल 3.0 से मॉनिटरिंग

स्कूल चलें हम अभियान के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यार्थियों के नामांकन के लिए एज्युकेशन पोर्टल 3.0 का एक अप्रैल को लोकार्पण किया था। पोर्टल के माध्यम से शालाओं में कक्षावार नामांकन की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। नामांकन का कार्य सतत प्रगति पर है तथा अधिकांश चिन्हित बच्चे निर्धारित कक्षाओं में प्रवेश ले रहे हैं।

#### ▸ कक्षा एक में प्रवेश योग्य बच्चों की सूची की उपलब्धता से सहजता

इस वर्ष समय डेटा के आधार पर कक्षा एक में प्रवेश के लिये योग्य बच्चों की ग्राम और वार्ड वार सूची भी शिक्षकों को पहले से ही उपलब्ध कराई गई है। जिससे शिक्षकों के द्वारा इन बच्चों के अभिभावकों से संपर्क कर शाला प्रवेश कार्य में सुविधा हो रही है।

#### ▸ परीक्षा परिणामों की समयबद्ध घोषणा

प्रदेश में परीक्षा परिणामों की समयबद्ध घोषणा माह अप्रैल में ही की गई है। इस वजह से आशाजनक कक्षावार नामांकन का एक प्रमुख कारण यह भी है। प्रदेश में कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड पैटर्न परीक्षाओं के अलावा अन्य सभी कक्षाओं की स्थानीय परीक्षाओं और कक्षा 5वीं और 8वीं की बोर्ड पेटर्न परीक्षाओं के परिणाम भी इस वर्ष मार्च अंत तक घोषित किये जा चुके हैं, जिससे विद्यार्थियों के द्वारा आगामी कक्षाओं में समय से प्रवेश लिया जा रहा है।

#### ▸ निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण

स्कूल शिक्षा विभाग ने इस वर्ष नवीन सत्रारंभ की पूर्व तैयारी इस प्रकार की जिसमें प्रथम दिवस एक अप्रैल से ही कक्षा शिक्षण में कोई कठिनाई नहीं हुई। इस के लिये योजना तैयार कर एक अप्रैल के पहले ही नवीन सत्र की पाठ्य पुस्तकें विद्यालयों तक पहुंचाई गई। निःशुल्क पाठ्य पुस्तक का वितरण इस वर्ष एक अप्रैल से ही प्रारंभ हुआ। अद्यतन स्थिति में लगभग 85 प्रतिशत से अधिक पाठ्य पुस्तकें शालाओं में उपलब्ध कराई जा चुकी हैं। स्कूल शिक्षा विभाग ने इस सत्र में निःशुल्क गणवेश एवं निःशुल्क साईकिल वितरण भी जुलाई माह तक पूर्ण करने का कार्यक्रम तैयार किया गया है।

## एक ट्रिप चलेगी एलटीटी-सहरसा स्पेशल ट्रेन

**जबलपुर।** पमरे ने एक ट्रिप एलटीटी-सहरसा स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया हैं जिसका इटारसी, जबलपुर एवं सतना स्टेशन पर ठहराव होगा। रेल प्रशासन द्वारा 2 मई से नियमित तौर पर एलटीटी-सहरसा अमृत भारत एक्सप्रेस चलाये जाने का निर्णय लिया है लेकिन गर्मी के सीजन में अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए नियमित ट्रेन सेवा से पहले एक ट्रिप स्पेशल ट्रेन सेवा एलटीटी-सहरसा के बीच चलाने का निर्णय लिया गया है। यह स्पेशल गाड़ी संख्या 01019 एलटीटी-सहरसा एक तरफ़ा स्पेशल ट्रेन 27 अप्रैल को एलटीटी से रवाना होकर सहरसा जाएगी। गाड़ी संख्या 01019 एलटीटी-सहरसा एक तरफ़ा स्पेशल ट्रेन 27 अप्रैल को लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्टेशन से सुबह 10:30 बजे प्रस्थान कर भुसावल शाम 17:15 बजे, इटारसी रात्रि 20:55 बजे, अगले दिन जबलपुर 03:40 बजे, सतना सुबह 06:45 बजे, प्रयागराज छिवकी 10:40 बजे और अन्य स्टेशनों से होते हुए तीसरे दिन मध्य रात्रि 02:15 बजे सहरसा स्टेशन पहुंचेगी। इस ट्रेन के हाल्ट ठाणे, कल्याण, नासिक रोड, जलगांव, भुसावल, इटारसी, जबलपुर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिजर्ापुर, पंडित दिलदयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर जंक्शन, हाजीपुर जंक्शन, मुज़फ़्फ़रपुर, समस्तीपुर, हसनपुर रोड जंक्शन, सलौना एवं खगडिय़ा जंक्शन में होंगे वहीं स्पेशल ट्रेन में 8 स्लीपर, 11 जनरल, 2 एलएलआरडी एवं 01 पेन्ट्रीकार सहित कुल 22 एलएचबी कोच रहेंगे।

### जीसीएफ मजदूर संघ ने हाईकोर्ट में केवियट दायर की

## आर्डिनेंस कर्मियों के भुगतान में क़ानूनी अड़चन

**जबलपुर।** छठवें वेतन आयोग के लागू होने के पश्चात ऑर्डिनेंस फैक्ट्री कर्मियों के लिए नए फार्मूले से ओवरटाइम का भुगतान किया जाता रहा। यह भुगतान कारखाना अधिनियम 1948 में दिए गए प्रावधानों को शामिल न कर अर्थात मकान किराया भत्ता, ट्रांसपोर्ट अलाउंस इत्यादि को ओवरटाइम कैलकुलेशन में शामिल न कर सीधे मासिक वेतन के आधार पर दिया जाता रहा। जीसीएफ मजदूर संघ हथौड़ा ( लाल झंडा) तथा ऑल इंडिया एसोसिएशन ऑफ नॉनगैजेटेड ऑफीसर्स द्वारा ओटी कैलकुलेशन की इस विसंगति को दूर करने के लिए ज्ञापन धरना आंदोलन इत्यादि के माध्यम से लंबी लड़ाई लड़ी, परंतु सरकार द्वारा सकारात्मक रुख न अपनाये जाने के कारण जीसीएफ मजदूर संघ हथौड़ा (लाल झंडा) तथा एसोसिएशन ऑफ नॉनगैजेटेड ऑफीसर्स द्वारा केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण (कैट) जबलपुर के समक्ष अपना पक्ष रखा। दलीलों एवं जिरह से संतुष्ट होकर कैट द्वारा कर्मचारियों के पक्ष में फैसला देकर मकान किराया भत्ता ट्रांसपोर्ट अलाउंस को ओवरटाइम कैलकुलेशन में शामिल कर एरियर्स के साथ कर्मचारियों को भुगतान करने हेतु आदेश दिया गया। परंतु प्रशासनिक गलियारों में व्याप्त चर्चा के आधार पर यूनियन को ऐसे संकेत मिले है की उच्चअधिकारी ओटी एरियर्स के केस को जबलपुर हाईकोर्ट में ले जाने की तैयारी कर रहे हैं। इस स्थिति में कर्मचारी हितों का ध्यान रखते हुए जीसीएफ मजदूर संघ हथौड़ा तथा एसोसिएशन ऑफ नॉनगैजेटेड ऑफीसर्स जीसीएफ ब्रांच ने संयुक्त रूप से उच्च न्यायालय जबलपुर के समक्ष 24 अप्रैल को कैविएट दायर कर दी गई है। कर्मचारी हितों को सर्वोपरि रखते हुए कर्मचारी नेताओं रोहित यादव विनय गुप्ता उत्तम विश्वास अमित चंदेल राजा पांडे अजय रजक राजेंद्र असाटी कुमार सुजीत मनीष चौरसिया नरेश बाजपेई ने न्याय के लिए दृढ़ संकल्पित होकर कर्मचारियों से संघर्ष हेतु सहयोग बनाए रखने का आवाहन किया है।




Terms and Conditions apply. **Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. **The interest rates, down payment, and tenure options are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. **The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. #Cashback Offer available on selected models for EMI transactions made using IDFC FIRST Bank credit cards through Pine Labs machines only. #Customers can avail 5% Instant cashback, up to a maximum of ₹ 5000. #Valid on one transaction per card/order during the offer period. #The scheme is available in selected outlets only. *3 Years Free Service Maintenance Package is available only on Deluxe variant of Activa 110 and Activa 125. *For detailed Terms and Conditions of the 3-Year Free Service Maintenance Package worth ₹ 5500, kindly contact authorised main dealers and associate dealers. *Above scheme can be withdrawn at any time without prior intimation. All offers are valid until 30th April 2025. ^Limited period special price is for Activa 110cc Std OBD2B variant in Madhya Pradesh State, for details on limited period special price kindly contact authorized main dealer and associate dealers. The features shown in the creative may not be available in all variants. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1 , Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships:** **BALAGHAT:** Dreams Honda - 8349272776, 07632244220; Dreams Honda (Baihar) - 8269793376, 7389353376; **CHHINDWARA:** Akshit Honda (Chourai) - 8989994445, 9770066639; Akshit Honda (Parasia Road, Chhindwara) - 8989994440, 9770066619; Akshit Honda (Seoni Road, Chhindwara) - 8989994441, 9770044415; Akshit Honda (Amarwara) - 8989994443, 9770066640; Akshit Honda (Parasia) - 8989994442, 9770066638; Shyam Honda (Pandhurna) - 9425818989; Ayush Honda (Junnardeo) - 9425871626, 6267013113; Maa Vaishnav Honda (Bichhua) - 8989994446, 9770066641; Manish Honda (Sausar) - 9244569009, 9200010004; **CHHATARPUR:** Namostu Honda (Chhatarpur) - 9407184511, 9425815111; KGN Automobiles (Luv Kush Nagar) - 7582807444, 9993920927; Sanvi Honda (Maharajpur) - 9907605858; **DAMOH:** Texol Honda - 9407071200, 9425096191; **JABALPUR:** Sahil Honda - 7771003865, 7771003887; Frontier Honda - 8226001881, 8226001882; Sahil Honda (Madan Mahal) - 7771003899, 7771003880; Sai Honda (Gadasarai) - 9926360842; SKR Honda (Sihora) - 9977448009; Sonico Honda (Dindori) - 9424508485, 6262908035; MP Sahu Honda (Shahpura Dindori) - 9753156094; Balaji Honda (Barela) - 8602391415; J P Honda (Bargi) - 9399374447; Sai Honda (Dhanpuri) - 8319138424; Shri Honda (Gosalpur) - 9732235782, 9479949844; **MANDLA:** Rajul Honda - 7642260711, 9893554611; **NARSINGHPUR:** Amisha Honda - 9425815655; Amisha Honda (Gadarwara) - 9425815655; Sudeep Honda (Kareli) - 8989252525; **SEONI:** Anurag Honda - 9827112711, 9827122712; Anurag Honda (Lakhnadon) - 7711884494; Vardhman Honda (Chhapara) - 8770068747; **KATNI:** Shri Sahil Honda - 9425156978; Jaishree Honda (Barhi) - 9009705200; Shri Shambhu Automobiles (Vijayraghavgarh) - 7987061672; JCM Aman Motors (Bilahri) - 7566056605; SK Motors (Bahoriband) - 7974267080; Murli Motors (Sleemnabad) - 7999077781; Quadri Honda (Umaria Pan) - 9074210324; **SHAHDOL:** Utsav Honda - 07652-298532, 8349283655; G L Honda (Umariya) - 9329523156; Virasini Honda (Anuppur) - 8770423634; Jay Ambe Honda (Kotma) - 9300416285; Keshav Honda (Beohari) - 9425887009; Gautam Honda (Burhar) - 9425182213; Hindustan Honda (Pali) - 9302180568; **SATNA:** Krishna Honda - 8109043900, 7024924444, 7225868641, 229900; Eagle Honda - 7583808564, 6267275500; Deepak Honda (Ramnagar) - 9098804444, 9981162343; MaaDurga Honda (Rampur Baghelan) - 9425887633; Abhishek Honda (Amarpatan) - 9993676313, 9584860650; **REWA:** Rewa Maa Honda - 6262613690, 6262613695; Baikunthpur Honda (Baikunthpur) - 8982388380; N.K. Honda - N.K. Honda - 7694018001, 7694018002; Dev Wheels Honda (Mauganj) - 9685226689; M.R. Honda,Mangawan - 9977095984; Prince Honda (Semariya) - 993885882; Pushpendra Honda (Garh) - 9419566621; **SIDHI:** Laxmipati Honda - 9826540577, 8349790577; Laxmipati Honda (Rampur Naikan) - 9713240577, 8349790577; Shubham Honda (Bahari) - 7415825564, 7610332359; **WAIDHAN:** Agrasen Honda - 233016, 7049925591, 7049925593, 07805-350279; **PANNA:** Selection Honda - 9993586233; BHOPAL: Surana Honda - 4074455, 7566665646; Rajpal Honda - 4254000, 9425019567; BGS Honda - 4044441, 4231111, 8889999743; Om Auto Honda - 9826331339, 4003018/19; Power Honda - 2981111, 7024877777; Power Honda (Gulmohar) - 4256062, 7880055510; BGS Honda (Kolar Road) - 4038111, 8889999481; BGS Honda (Karondh) - 08889994503; Rajpal Honda (MP Nagar Zone-2) - 2571100, 9424494542; Shubhi Honda (Udaipura) - 9893255494; Shiv Honda (Berasia) - 9827205909; Karma Honda (Begumganj) - 9893141574; Poorvi Honda (Khilchipur) - 9827828182; Rajeev Honda (Mandeep) - 07480401458, 07415427302; JB Honda (Obedullaganj) - 07480224232, 9926566102; **TIKAMGARH:** Arjav Honda - 9806223193, 9630828006; Dhanushdhari Honda (Khargapur) - 9826264944; Ram Ji Honda (Palera) - 9560855084, Jainam Honda (Prithvipur) - 9713029419; Shanti Traders (Jatara) - 8871205164; **MORENA:** The Roshan Honda - 9300422900; Gupta Honda (Shabalgarh) - 9893170387; Aryan Honda (Ambah) - 9826288045.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर ( मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर ( मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240




# तूफानी हवाओं के बीच बेमौसम बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त

## कई जगह पेड़ और शेड गिरे, आधे शहर में गुल रही बिजली

**हरिभूमि, जबलपुर। शहर में रविवार की दोपहर अचानक से मौसम बदला 50 किलोमीटर प्रति मिनट की रफ्तार से चली तूफानी हवाओ ने शहर को हिला कर रख दिया। इस दौरान मालवीय चौक में एक दुकान के बाहर लगा शेड हवा मे गिर गया। जगह जगह माननीयों के फ्लेक्स बोर्ड हवा में लहराते हुये सड़क पर गिरे। गोलबाजार दत्त मंदिर रोड पर एक भारी भरकम पीपल का वृक्ष और घंटाघर सिंधी धर्म शाला के पास एक गुलमोहर का पेड़ गिर गया। पेड़ गिरने से गोलबाजार में एक कार क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकी कोई जनहानी नहीं हुई। तूफानी हवाओं के बीच बारिश से विद्युत व्यवस्था छिन्न भिन्न हो गई।**



खरीदी केन्द्रों में तुलाई के लिये रखा गेहूं भीग गया, वहीं खेतों में लगी दलहनी फसल उड़द मूंग और चना की फसल को भी नुकसान पहुंचा है।

दराअसल पश्चिमी विक्षोभ की वजह से रविवार की दोपहर मौसम ने करवट बदली और करीब 3।45 पर अचानक बादलों ने ऐसा घेरा कि देर शाम का नजारा दिखने लगा। पश्चिमी विक्षोभ की वजह से मौसम में बदलाव आया और तूफानी हवाओं के बीच बेमौसम बारिश होने लगी।

बेमौसम बारिश से दलहनी फसलों को भारी नुकसान हुआ।

### कार पर पीपल का पेड़ गिरा

तूफानी हवाओं के दौरान कछियाना चौक से दत्त मंदिर जाने वाले मार्ग पर पीपल का एक विशाल वृक्ष जड़ समेत सड़क पर गिर गया। सड़क किनारे खड़ी कार इस पेड़ की चपेट में आ गई। बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। सौभाग्य से घटना के वक्त कार में कोई सवार नहीं था।

इसी तरह घंटाघर सिंधी धर्म शाला के पास एक गुलमोहर का पेड़ गिर जाने से यातायात अवरुध हो गया और विद्युत व्यवस्था प्रभावित हो गई। वहीं दूसरी ओर पुलिस ने मोर्चा संभाल कर यातायात व्यवस्थित किया। नगर निगम का अमला पेड़ों की कटाई करने में जुट गया। देर शाम विद्युत



व्यवस्था बहाल हो चुकी थी। इस दौरान आधे से ज्यादा शहर में बिजली गुल रही। विद्युत की शिकायतें भी बढ़ गई थीं।

### दलहनी फसलों को क्षति

बेमौसम बारिश की वजह से पनागर तहसील के ग्राम खजरी खिरिया,



बरौदा, मचला, सिहोरा तहसील के गोसलपुर, रामपुर, दर्शनी, पौड़ापौडी, पाटन तहसील के ग्राम खिरवा, बरगी तहसील के खिरका खेड़ा सहित अन्य गांव में कटाई के लिये तैयार गेहूं की फसल खराब हो गई। वहीं चना, मसूर, सरसों, उड़द, मूंग की फसल भी प्रभावित हुई।



### ऐसे रहे मौसम के मिजाज

मौसम विभाग की मानें तो उत्तरी महाराष्ट्र के ऊपर बने चक्रवात के कारण हालत बिगड़े। अचानक बादल छायें और बारिश होने लगी। उसके बाद मौसम खुल गया। बेमौसम पानी से पिछले 24 घंटे के दौरान तापमान में गिरावट आई।

### ऐंसा रहा तापमान

नगर का अधिकतम तापमान 37.5 डिग्री सामान्य से 3 डिग्री कम और न्यूनतम तापमान 24.2 सामान्य से 1 डिग्री कम दर्ज किया गया है। बेमौसम बारिश 4 मिमि दर्ज की गई। सुबह की आर्द्रता 38 प्रतिशत और शाम की 66 प्रतिशत दर्ज की गई है। सूर्योदय सुबह 5.39 मिनिट पर और सूर्यास्त शाम 6.36 मिनिट पर होगा। अगले 24 घंटों के दौरान भी संभाग के कुछ जिलों में बारिश के साथ तूफानी हवाएं चलने की संभावना बताई गई है। उत्तर पूर्वी हवायें 7 से 8 प्रतिघंटे की रफ्तार से चली। बारिश के दौरान 40-50 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चली। प्रदेश में सबसे अधिक 43.8 डिग्री तापमान खजराहो में दर्ज किया गया है।

# स्मार्ट मीटर में नहीं थम रहा विवाद

## अब विजय नगर में जबरन मीटर लगाने का आरोप

जबलपुर।

किसी उपभोक्ता के घर स्मार्ट मीटर बिना उसकी मर्जी नहीं लग सकता, फिर क्यों घर में घुसकर लगाया जा रहा है। कांग्रेस जो इस मामले में प्रदर्शन कर रही है तकनीकी और साक्ष्यों के तौर पर पूरी तरह मजबूत तो वो कोर्ट क्यों नहीं जा रही है। ऐसे 100 उपभोक्ता इस शहर में सामने आ चुके हैं, जिनके घर स्मार्ट मीटर लगने के बाद उनका बिजली कई गुना से कई सौ गुना तक बढ़ गया। फिर क्यों भाजपा और उसके नेता मैदान में नहीं आ रहे हैं। ऐसे कई सवाल हैं जिसका जवाब मिलना जरूरी है। क्योंकि स्मार्ट मीटर विवाद अब शहर में उस प्वाइंट पर पहुंच चुका हैं, जहां किसी भी दिन कोई बड़ा विवाद सामने आएगा।



स्मार्ट मीटर मामले में रविवार को विजयनगर में मामला सामने आया। बिजली प्रकोष्ठ के नगर अध्यक्ष अनुज श्रीवास्तव का कहना है कि विजयनगर क्षेत्र में बिजली विभाग मनमानी चरम पर है। रविवार को भी बिना अनुमति बिना वर्दी और पहचान पत्र के कर्मचारी घरों में जबरन घुसकर स्मार्ट मीटर लगाने का दबाव बना रहे हैं। उपभोक्ताओं ने इसका जोरदार विरोध किया और कर्मचारियों अधिकारियों को उल्टे पांव दौड़ा दिया। मौके पर पहुंची कांग्रेस बिजली समस्या निवारण प्रकोष्ठ की टीम ने सवाल उठाया की बिना आईडी कार्ड और बिना जनता की परमिशन के मीटर कैसे लगाया जा रहा है। जिसका जवाब बिजली विभाग के अधिकारी नही दे पाए।

### बिजली विभाग की चुप्पी

स्मार्ट मीटर मामले में आज तक बिजली विभाग के किसी सक्षम अधिकारी का आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। जिससे संशय और विवाद की स्थिति बढ़ती जा रही है। न बिजली विभाग ने आज तक यह कहा है की स्मार्ट मीटर लगाना अनिवार्य है, न यह कहा है की स्मार्ट मीटर लगाना उपभोक्ता की मर्जी पर निर्भर है। जिससे जनता में संशय और विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है।

## एमपी ट्रांसको ने कार्मिकों के गृह भाड़ा भत्ते को किया पुनरीक्षित

**जबलपुर।** एम पी ट्रांसको (मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी) ने अपने कार्मिकों के लिए गृह भाड़ा भत्ता के पुनरीक्षित आदेश जारी कर दिए हैं। एम पी ट्रांसको केअतिरिक्त मुख्य अभियंता धीरेंद्र सिंह ने बताया कि कंपनी ने मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग के आदेश क्रमांक एफ 4-1/2025/नियम/चार, दिनांक 3 अप्रैल 2025 के अनुसार, शासकीय सेवकों के लिए निर्धारित गृह भाड़ा भत्ते के प्रावधानों को आवश्यक संशोधनों सहित अपनाया है। 7 लाख या उससे अधिक जनसंख्या वाले नगरों में निवासरत कंपनी कार्मिकों को उनके मूल वेतन का 10% गृह भाड़ा भत्ते के रूप में देय होगा।

# फायर सेफ्टी सप्ताह के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों को दिलाई गई फायर सेफ्टी की शपथ

जबलपुर।

**मॉक ड्रिल का भी हुआ आयोजन**

राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में 21 अप्रैल से प्रारंभ हुये फायर सेफ्टी सप्ताह कल शनिवार 26 अप्रैल को समापन हुआ। इस दौरान अस्पतालों में फायर सेफ्टी पर केंद्रित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के अनुसार फायर सेफ्टी सप्ताह में जहां एक ओर शासकीय एवं निजी संस्थाओं में स्वास्थ्य कर्मियों को आग से बचाव के तरीके बताये गये, वहीं मॉकड्रिल के माध्यम से अग्निशमन यंत्रों का परिचालन एवं उपयोग तथा आपात स्थिति से निपटने का अभ्यास भी कराया गया। फायर सेफ्टी सप्ताह के दौरान स्वास्थ्य संस्थाओं में फायर सेफ्टी प्रतियोगितायें आयोजित की गई। इनमें चिकित्सक एवं नर्सिंग स्टाफ, सहित अस्पताल के सभी कर्मचारियों ने इसमें उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मचारियों को फायर सेफ्टी की शपथ भी दिलाई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार फायर सेफ्टी सप्ताह के दौरान रानी दुर्गावती चिकित्सालय एल्गिन में 24 अप्रैल को मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया तथा सभी उपस्थित चिकित्सकों एवं कर्मचारियों को शपथ दिलाई गई। इसी प्रकार सिविल अस्पताल रांझी में 25 अप्रैल को फायर सेफ्टी क्विज, पोस्टर मेकिंग कॉम्पटीशन जैसी गतिविधियां आयोजित की गई तथा फायर एक्सटिंग्विशर के इस्तेमाल के तरीके बताये गये। फायर सेफ्टी क्विज में पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर देने वाले कर्मचारियों को पुरस्कृत भी किया गया।

# महंगाई भत्ते की घोषणा से कर्मचारियों में हर्ष

## आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ने जताया मुख्यमंत्री का आभार

जबलपुर।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के सभी शासकीय कर्मचारियों को 1जुलाई 2024 से 3% और 1 जनवरी 2025 से 2% महंगाई भत्ते की अतिरिक्त किस्त स्वीकृत करने की घोषणा की। उक्त घोषणा होने पर संघ के पदाधिकारी संभागीय अध्यक्ष देवेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि अभी हाल में ही संघ के प्रांताध्यक्ष भरत पटेल के निर्देश पर भोपाल इकाई ने मुख्यमंत्री के समक्ष उक्त मांग प्रमुखता से उठाई थी। पांच प्रतिशत मंहगाई भत्ता बढ़ने से प्रदेश के लाखों कर्मचारी लाभान्वित होंगे। शिव चौबे चंद्रभान कौरव आशीष उपाध्याय दीनानाथ चौधरी के के साहू गुलाब वडगाईया सहित सभी पदाधिकारियों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है साथ ही प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना किये संबंधी आदेश जारी करने की अपील की है।

## सूने घर का ताला तोड़कर जेवर नगदी चोरी

**जबलपुर।** लार्डगंज थाना अंतर्गत गणेश नगर कछपुरा में एक सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर सोने चांदी के जेवर और 20 हजार रुपये नगद पार कर ले गये। घटना के संबंध में लार्डगंज पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार कछपुरा गणेश नगर निवासी राजेश कुशवाहा 23 अप्रैल की सुबह 11।30 बजे अपने बच्चों के साथ घर में ताला लगाकर रिश्तेदारी में तेरहवीं में गये थे। अगले के दिन शाम 5 बजे घर लौटे तो उनके होश उड़ गये। मेन गेट का ताला गायब था, दरवाजे का सेंट्रल लॉक टूटा हुआ था। ताला तोड़कर घर में घुसे चोर अलमारी का लॉकर तोड़कर उसमें रखा सोने का 1 मंगलसूत्र चांदी की 2 जोड़ी पायल, 1 करधन, 1 खुसना, तथा नगदी 20 हजार नगदी ले गये। रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया है।

### प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात कार्यक्रम

# जिले में 967 बूथों में सुनी गई पीएम के मन की बात

जबलपुर।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ''मन की बात'' कार्यक्रम को जबलपुर महानगर के सभी 967 बूथों में सुना गया। मन की बात कार्यक्रम को भाजपा जिला अध्यक्षरत्नेश सोनकर ने पूर्व विधानसभा अंतर्गत बूथ क्रमांक 140 में, सांसदआशीष दुबे उत्तर विधानसभा अंतर्गत बूथ क्रमांक 101 में, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन ने बूथ क्रमांक 144 में, विधायक अभिलाष पांडे उत्तर विधानसभा के बूथ क्रमांक 153 में, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने पश्चिम विधानसभा अंतर्गत नरसिंह वार्ड में कार्यकर्ताओ एवं स्थानीय जानो के साथ मन की बात सुनी। इसी के साथ ही जबलपुर महानगर के सभी 967 बूथों में मन की बात का प्रसारण हुआ जिसे भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओ ने क्षेत्रीय जनों के साथ सुना।प्रधानमंत्रीनरेंद्र मोदी जी ने



पहलगाम आतंकी हमले को लेकर देशवासियों के भीतर व्याप्त पीड़ा और आक्रोश को साझा किया और आतंकवाद के विरुद्ध 140 करोड़ भारतीयों की एकजुटता को राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत बताया। उन्होंने बताया कि जम्मू-कश्मीर में लौटती शांति, विकास और लोकतंत्र को देखकर देश विरोधी ताकतें बौखला गई हैं। प्रधानमंत्री जी ने 'मन की बात' के माध्यम से देशवासियों के साथ बने इस आत्मीय रिश्ते का भी उल्लेख किया और सेवा व समर्पण से समाज में परिवर्तन लाने वाले लोगों की प्रेरणादायक कहानियाँ साझा करने का आह्वान किया, साथ ही, शिक्षा, संस्कृति और विविधता जैसे अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा करते हुए देश को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का संदेश दिया।

भाजपा जिला अध्यक्षरत्नेश सोनकर ने इस अवसर पर कहा प्रधानमंत्री जी का उद्बोधन हम सभी में नई ऊर्जा और राष्ट्रीय एकता के प्रति और अधिक दृढ़ विश्वास भरता है। हमारे नेताओं एवं कार्यकर्ताओ ने सामूहिक रूप से महानगर के 967 बूथों में मन की बात सुनी और प्रेरणा ली।

इस अवसर पर पूर्व विधायक शरद जैन, अंचल सोनकर, हरेंद्रजीत सिंह बब्बू, निगम अध्यक्ष रिंकू विज, पूर्व जिला अध्यक्ष जीएस ठाकुर, प्रभात साहू, आंनद बर्नार्ड, डॉ जितेंद्र जामदार, दीपांकर बैनर्जी, एस के मुद्दीन, राममूर्ति मिश्रा, अरविंद पाठक, महामंत्री पंकज दुबे, रजनीश यादव, राजेश मिश्रा, कमलेश अग्रवाल के साथ जिला पदाधिकारियों, बूथ अध्यक्षों ने स्थानीय जनों के साथ मन की बात सुनी।

### सरस्वती घाट में पहाड़ी को काटकर हो रहा अतिक्रमण

# भेड़ाघाट में प्राकृतिक सुंदरता नष्ट कर रहे भू-माफिया

हरिभूमि भेड़ाघाट।

भेड़ाघाट क्षेत्र में वन विभाग और शासन प्रशासन में बैठे अधिकारियों की वजह से वन परिक्षेत्र में अंधाधुध वृक्षों की कटाई के साथ ही भू-माफियाओं द्वारा प्राकृतिक सुंदरता को नष्ट किया जा रहा है। सरस्वती घाट में पहाड़ी को जेसीबी मशीन से छलनी किया जा रहा है यहां पर सागौन के झाड़ भी लगे हुए हैं उनको भी जड़ से उखाड़ा जा रहा है ग्राम पंचायत बिल्हा नगर परिषद भेड़ाघाट की सीमा में यह क्षेत्र लगा है मां नर्मदा की प्राकृतिक सुंदरता को सरस्वती घाट संगम कहा जाता है ग्राम पंचायत नगर परिषद के चक्कर में भूमाफिया वन भूमि पर कब्ज़ा कर रहे हैं नर्मदा तट से 300 मीटर पर किसी प्रकार की खुदाई या पक्का निर्माण नहीं किया जा सकता है लेकिन हाई कोर्ट के आदेशों को शासन प्रशासन में बैठे अधिकारी ठेंगा दिखा रहे हैं। वन विभाग के अधिकारियों को यह नहीं दिख रहा है तभी तो भेड़ाघाट क्षेत्र का वन परिक्षेत्र का सफाया हो रहा है और राज्य शासन के सपनों पर पानी फेरा जा रहा है। वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी सो रहे हैं।

मध्य प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा प्राकृतिक सुंदरता को वृक्षों से ही बचाया जा सकता है वृक्ष है तो कल जीवन हैं लेकिन यह स्लोगन सुनने में तो अच्छा लगता है और मुख्यमंत्री की परिकल्पना भी साकार होगी यह कहा नहीं जा सकता है।

भूमाफियाओं द्वारा रातों-रात वृक्षों का कत्लेआम भी किया जाता है वन विभाग के अधिकारियों द्वारा कभी निरीक्षण नहीं किया जाता है जिससे भेड़ाघाट में घटते वृक्षों से पर्यावरण पर विपरीत असर पड़ रहा है। वृक्षों से ही हमें शुद्ध वायु मिलती हैं भेड़ाघाट क्षेत्र में कटते जगल से भूमाफियाओं ने कब्जा करके खेती कर रहे हैं और वन विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं करने से भूमाफियाओं के हौसले बुलंद हैं। समाज सेवी विजय पांडे, बीएसपी बरगी विधानसभा प्रभारी राम प्रसाद चड़ार सुखदेव धुर्वे दिलीप बर्मन राकेश चौहान ने आरोप लगाया कि वन विभाग की लापरवाही से भूमाफियाओं के हौसले बुलंद है और वृक्षों का सफाया हो रहा है।



**हाई कोर्ट के आदेशों की अवहेलना**

भेड़ाघाट क्षेत्र में शासकीय भूमि को लेकर भूमाफियाओं द्वारा अवैध कब्जा करने की होड़-सी लगी है सरस्वती घाट में भी बेजा कब्जा किये जा रहे हैं पहाड़ियों को खोद कर मकान बनाए जा रहे हैं और यह सब 300 मीटर के अंदर हो रहा है हाई कोर्ट के आदेश के बाद भी शासन प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा भूमाफियाओं को खुला छूट दी गई है। जिससे आए दिन वृक्षों का कत्लेआम हो रहा है। भेड़ाघाट का वन परिक्षेत्र सिकुडता जा रहा है। वृक्ष लगाने के नाम पर वन विभाग में करोड़ों रुपया खर्च किए जाते हैं और जो वृक्ष लगे हैं उनकी रक्षा भी नहीं की जा रही हैं।




### हाईवे एनएच 12 और भेड़ाघाट चौराहे पर दिशा मार्ग पर लगे विज्ञापन

## भेड़ाघाट बायपास से शहपुरा भिटौनी तक सरकारी संपत्ति पर विज्ञापनों की भरमार

**भेड़ाघाट।** राष्ट्रीय राजमार्ग 12 पर दिशा सूचक किस दिशा में मार्ग है और कितने किलोमीटर है इसको देखते हुए लोक निर्माण विभाग द्वारा दिशा सूचक लगाए गए हैं लेकिन दिशा सूचक किसी का जन्मदिन हो कोई नेता आ रहा हो धार्मिक कार्यक्रम हो या इसके विज्ञापन आपको दिशा सूचक पर लगे मिल जाएंगे। यहां से राजधानी भोपाल आने-जाने वाले अधिकारियों लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों का आना-जाना लगा रहता है लेकिन दिशा सूचक पर लगे विज्ञापनों पर किसी प्रशासनिक अधिकारी की हिम्मत नहीं पड़ती की अलग कराया जा सके। दिशा सूचक पर लगे विज्ञापनों से राहगीरों को भारी परेशानी होती हैं।

**दिशा सूचक पर लगे विज्ञापन से हो रही घटनाएं**

दिशा सूचक लगाने में केंद्र और राज्य सरकार का करोड़ों रुपया खर्च होता है की कोई भी व्यक्ति दिशा सूचक लगा होने से उसको आवागमन में परेशानियां नहीं होती हैं और कितने किलोमीटर में कौन सा स्थान है दिशा सूचक से आगे बढ़ता जाता है लेकिन दिशा सूचक पर विज्ञापनों की भरमार से दुर्घटनाएं तो घट रही हैं साथ ही आवागवन करने वाले राहगीरों को परेशानियों का सामना भी करना पड़ रहा है।आखिरकार विज्ञापन लगाने वालों पर लोक निर्माण विभाग एवं राष्ट्रीय राजमार्ग 12 के अधिकारी क्यों मेहरबान हैं।

## शोभा यात्रा को लेकर ब्राह्मण समाज की बैठक आयोजित

**जबलपुर।** भगवान श्री परशुराम जी के जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर आयोजित 29 अप्रैल को आयोजित शोभा यात्रा को लेकर अधारताल में सभी विप्र परिवारों की उपस्थिति में प्राचीन हनुमान मंदिर में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें विप्रजनों ने मालवीय चौक से 5 बजे विशाल शोभायात्रा की तैयारी के संबध में चर्चा की। बैठक में पंडित श्याम सुंदर चौबे, विजय कांत तिवारी, विनय पांडे, सोनल तिवारी, शैली त्रिपाठी, कंचन तिवारी, प्रवीना पाठक, सुशील पांडेय, नंद किशोर तिवारी, मंगल पांडे उपस्थित थे।

## अहंकार की भूख रिश्तों को खा जाती है : प्रमेश मिश्र



**जबलपुर।** अहंकार भूखा होता है वह रिश्तो को खाता है,अहंकार से रिश्ते समाप्त हो जाते है, जीव को धर्ममय जीवन जीना चाहिए , वाणी का उपयोग सम्हाल करना चाहिए,राजा परीक्षित ने मृत्यु की जानकारी होने के पश्चात भी धर्म को नहीं छोड़ा, जीव संसार में रहे लेकिन संसार को अपने में नहीं बसाना चाहिए। उक्त उदगार कजरवारा में सप्ताहिक ज्ञान यज्ञ के प्रथम दिवस पर बनारस से पधारे श्रीमद् भागवत कथावाचक पंडित प्रमेश मिश्रा ने व्यक्त किए। महराज श्री ने कहा श्री मद्भागवत कथा के श्रवण से भक्तों को समस्त पुण्य लाभ प्राप्त हो जाते हैं। शोभायात्रा में शामिल कन्याओं ने कलश, ध्वज लेकर समस्त मंदिरों में पूजन अर्चन कर ध्वजा स्थापित किए गए शोभा यात्रा में समस्त उपनगरीय कजरवारा की धर्म मय जनता शामिल थी।

## पहलगाम में हुई आतंकी घटना के विरोध में किया पुतला दहन

**जबलपुर।** कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकी घटना के विरोध में पनागर विधानसभा अंतर्गत कुदवारी चौराहा स्थित, अमखेरा रोड पर हजारों की संख्या क्षेत्रिय नागरिकों ने घटना में मारे गए भारतीय नागरिकों की आत्मा की शांति हेतु केंडल मार्च करते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की साथ ही आतंकवाद के विरोध में पुतला दहन करते हुए देशभक्ति के नारों से वातावरण को भावपूर्ण एवं ओजस्वी बना दिया। इस अवसर माया इंदु तिवारी ने माननीय नरेन्द्र मोदी द्वारा की जा रही कार्रवाई का समर्थन करते हुए,आम नागरिकों के साथ दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी, पार्षद श्री सुभाष तिवारी जी ने भारत शासन की आतंक की सफाई को भारत सरकार का विशेष लक्ष्य बताया। इस अवसर पर, पूर्व सैनिक समाजसेवी श्री श्याम सुंदर चौबे ने आतंकवाद की इस घटना में धर्म पूछकर गोली मारने को इंसानियत का काला अध्याय निरुपित करते हुए बताया इस घटनाक्रम ने समस्त भारतीय को आक्रोशित कर दिया है हम आतंक का साफया करके ही दम लेंगे। श्रीमती माया इंदु तिवारी, डॉक्टर सुभाष तिवारी पार्षद, श्याम सुंदर चौबे, डॉ विजयकांत तिवारी चीफ़ कमिश्नर भारत स्काउट एंड गाइड ,चंद्रिका प्रसाद द्विवेदी, नरेंद्र कुशवाहा, सुरेंद्र गिरी , मुरारी गोस्वामी, सुभाष पटेल, अमित चौहान, चन्द्र मोहन सोनी, शिवानन्द गुप्ता,किशोर सोनी जी नितेश पटेल जी शैलेंद्र बिसेन ,संजय दिक्षित, ओमप्रकाश शर्मा अशोक पटेल, अमित सिंह चौहान, किशोर सोनी ,नेहा खेरा, के के वर्मा, दयाराम विश्वकर्मा, नरेंद्र हल्दकार, नितिन खेरा, कामिनी हल्दकार,तारा दुबेदी, रुचि गुप्ता, भगवती विश्वकर्मा ,शिवानम गुप्ता,नमो गिरी गोस्वामी सहित बड़ी संख्या में जनसमूह ने अपनी उपस्थिति दर्ज कर घटना पर आक्रोश जाहिर किया।



**आचार्य श्री समय सागर महाराज के मांगलिक प्रवचन**



## प्रतिकूलता में होती है समता की परीक्षा

**जबलपुर।** आचार्य श्री विद्यासागर सभा भवन में ससंघ विराजमान आचार्य श्री समयसागर महाराज ने अपनी मंगल देशना में कहा समता बहुत कठिन है। समता की परीक्षा विषमता में होती है। समता की परीक्षा अनुकूलता में नहीं प्रतिकूलता में होती है और जो परीक्षा देने बैठते हैं वे कभी पीछे नहीं हटते है। उपसर्ग परिग्रह आ जाए तो मी उसको शांत भाव से सहन करते हैं। करनी भी चाहिए ऐसा आगम कारो कहना है। आचार्य श्री कहते हैं की श्रमण को सौम्य भाव तक पहुँचना कठिन है। तीव्र साधना के बाद ही किसी-किसी को उपलब्ध होता है। समता की ऐसी विशेषता है। धर्म समा के प्रारंभ में आचार्य श्री विद्यासागर के तैल चित्र के समक्ष ब्रम्हचारी संजय कटंगहा, आनंद जैन ने दीप प्रज्ज्वलित किया। आलोक जैन ने शास्त्र भेंट किया। आचार्य श्री के पाद प्रक्षालन का सौभाग्य प्रदीप जैन, अमल, राजुल को प्राप्त हुआ' आचार्य श्री का महापूजन वरियावाला एवं गौर मंदिर के प्रतिनिधियों द्वारा किया गया। पूजन का वाचन साधना मामी द्वारा किया गया। इटारसी, भोपाल, नागपुर के श्रावकों ने श्री फल मेंट किया। आचार्यश्री के सानिध्य में युवाओं का निर्णय जैन समाज के समस्त मांगलिक कार्यक्रम शाकाहारी बारातघरों, होटलों एवं रिसोट में ही आयोजित होंगे। मल्टी क्वीजीन रसोई वाले होटलों में आयोजित शादी समारोह में समाज के व्यक्ति सम्मिलित नहीं होंगे धर्मसभा का संचालन अमित पड़रिया ने किया।

### डीजल पेट्रोल की चोरी नहीं रोकी गई तो बड़े हादसे की आशंका

## आग के शोलों के ढेर पर बैठा है शहपुरा क्षेत्र

**जबलपुर।** पिछले दिनों शहपुरा भिटौनी स्टेशन में पेट्रोल से भरी बोगी में आग लगने की घटना के बाद क्षेत्र के लोग दहशत में हैं क्षेत्रीय लोगों ने कल यहां पुलिस को ज्ञापन सौंपा आरोप लगाया कि स्थानीय लोगों द्वारा डीजल-पेट्रोल की चोरी की जाती है साथ ही यह आरोप लगाया गया कि आरपीएफ, जीआरपी और स्थानीय पुलिस के साथ साथ लोको पायलट की भी मिलीभगत होती है। डीजल पेट्रोल की चोरी करने वाले टेंकरों में पाईप डालकर कंटेनरों में और कई बार पन्नियों में डीजल पेट्रोल भरते रहते हैं और इसी दौरान बीड़ी सिंगरेट भी पीते रहते हैं ऐसी ही हरकतों के कारण गत दिवस भिटौनी स्टेशन में हादसा हुआ जिससे पूरा शहपुरा भिटौनी दहशत में आ गया। ज्ञापन में कहा गया है कि जिस वक्त आग लगी उस वक्त ट्रेन ब्रेक के नजदीक की बीपीसीएल आईओसी एचपीसीएल के प्लाट भी थे जिनके अंदर हजारों लीटर पेट्रोल डीजल एलपीजी की गैस भंडारण था यदि उसमें आग लग गई होती तो शहपुरा और उसके नजदीकी कई ग्राम आज की चपेट में आ जाते। लगभग 20 किलोमीटर का क्षेत्र प्रभावित होता और आग के प्रभाव से पूरा क्षेत्र खाक हो जाता विकट धन और जन की हानि होती। ट्रेनों से डीजल पेट्रोल चोरी की घटनाएं उस स्थान पर अंजाम दी जाती है जहां सीसीटीवी कैमरा की रेंज नहीं रहती विशेष कर दो नंबर प्लेटफार्म पौडी फाटक के नजदीक कैथरा स्थित शराब की दुकान के पास ईंधन चोरी की जाती है उक्त चोर नशे की हालत में बीड़ी सिगरेट शराब पीते हुए चोरी करते हैं जिससे हमेशा दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। उक्त तथ्यो की सूक्ष्मता से जांच की मांग की गई साथ ही सुरक्षा के उचित प्रबंध कर रेलवे स्टेशन के नजदीक 24 घंटे फायर ब्रिगेड की व्यवस्था रखी जाय एवं रेलवे स्टेशन पर असामाजिक तत्वों का प्रवेश पूर्णता प्रतिबंधित किया जाये। ज्ञापन सौपने के दौरान डॉ.नीलेश जैन, मोनू टहननगुरिया, आलोक जैन, सतीश जैन, रामबाबू सिंह, विवेक सिंह, राजेंद्र बंधु, मोनू जायसवाल, यश नहर, नरेंद्र जैन, रोहित गौड़, जानी गुमास्ता, रवि साहू, पार्षद घन्सू पटेल, शशि भूषण सिंह, अजय सोनी, अजय ताम्रकार, अरुणेश तिवारी, निखिल अग्रवाल, आकाश जैन, पिंटू बाबा सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जन उपस्थित रहे।

## एमपी ऑनलाइन ने सरकार को लगाया 20 करोड़ का चूना!

**जबलपुर।** एमपी ऑनलाइन छात्रों से वसुले जा रहे शुल्क का कुछ हिस्सा सरकार को देता था। मेमोरेंडम ऑफ अंडरटेकिंग (एमओयू) के अनुसार डीएचई को निर्धारित समय सीमा में न देकर शासन को लगभग 20 करोड रुपए का नुकसान पहुंचाया है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने यह आरोप लगाते हुए मप्र उच्च शिक्षा में एमपी ऑनलाइन के बदलें नई व्यवस्था लागू करने के निर्णय को स्वागत योग्य बताया। अभाविप ने कहा कि एमपी ऑनलाइन के कथित भ्रष्टाचार को उनके द्वारा ही उजागर किया गया था। प्रदेश में वर्ष 2018-19 से शासकीय विश्वविद्यालय से एफिलिएटेड कॉलेजों के समस्त विषयों, कोर्सेज में एडमिशन लेने के लिए एमपी ऑनलाइन पोर्टल का ही उपयोग किया जा रहा था। अभाविप ने जून 2024 में शिक्षा मंत्री का घेराव कर एमपी ऑनलाइन के भ्रष्टाचार से अवगत कराया था। संगठन ने एमपी ऑनलाइन एजेंसी को ब्लेक लिस्ट कर कार्रवाई की मांग की थी। उच्च शिक्षा में एमपी ऑनलाइन के बदलें नई व्यवस्था लागू करने को अभाविप ने अपने संघर्ष की जीत बताया। अभाविप के प्रांत मंत्री माखन शर्मा ने बताया कि विगत 6 वर्षों से एमपी ऑनलाइन ने शासन के नाम का भरपूर उपयोग कर बदले में शासन को करोड़ों का नुकसान पहुंचाया। आज का विद्यार्थी भ्रष्टाचार युक्त नहीं अपितु गुणवत्ता युक्त शिक्षा चाहता है। एमपी ऑनलाइन जैसे घोटालों से प्रदेश के विद्यार्थी और अभिभावकगण का भी शिक्षा के प्रति विश्वास घटता है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 से ऑनलाइन सेंट्रलाइज्ड प्रवेश प्रक्रिया के लिए उच्च शिक्षा में एमपी ऑनलाइन के बदलें नई व्यवस्था लागू करने का निर्णय को स्वागत योग्य बताया। संगठन ने संभावना व्यक्त कि नई आउटसोर्सिंग एजेंसी को जिम्मेदारी देने से पारदर्शी तंत्र विकसित होगा।

### वेटरनरी यूनिवर्सिटी में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉफ्रेंस का समापन

## वन्य जीवों पर काम करने असीम संभावनाएं : विश्नोई

हरिभूमि जबलपुर।

नानाजी देशमुख वेटरनरी साइंस यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ वाइल्ड लाइफ एंड फॉरेंसिंक हेल्थ, वन विभाग मप्र एवं भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादून के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय चिड़ियाघर एवं वन्यजीव (एआईजेडडब्ल्यूवी) का 15 वां वार्षिक सम्मेलन एवं तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉफ्रेंस का समापन शनिवार दोपहर 1 बजे वेटरनरी कॉलेज के सभागार में हुआ। समापन समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. अजय विश्नोई विधायक पाटन, विशिष्ट अतिथि डॉ. एबी श्रीवास्तव नवागत अध्यक्ष एआईजेडडब्ल्यूवी, अध्यक्षता नानाजी देशमुख वेटरनरी साइंस यूनिवर्सिटी के कुलगुरु प्रोफेसर डॉ. मनदीप शर्मा, डॉ. अपूर्वा चक्रवर्ती, डॉ. पराग निगम एआईजेडडब्ल्यूवी के सचिव, वेटरनरी कॉलेज डॉ. आरके शर्मा, कार्यक्रम संयोजक डॉ. शोभा जावरे ने किया। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि की आसंदी से संबोधित करते हुए डॉ. अजय विश्नोई ने कहा कि वेटरनरी यूनिवर्सिटी के वाइल्ड लाइफ सेंटर की स्थापना के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। उन्होंने कहा यह गौरव का विषय है कि जबलपुर में देश-विदेश के वन्यजीव विशेषज्ञ एक मंच पर एकत्र होकर वन्य हेल्थ पर काम करने की तैयारी कर रहे हैं।



वेटनेरियन्य का दायरा असमिति है और काम करने के लिए बहुत अवसर हैं। वेटनेरियन्स के काम को अब समाज और सरकार के सामने लाने की जरूरत है और यह बताने कि हम इससे भी बेहतर बहुत कुछ कर सकते हैं। नए-नए आयाम खुल रहे हैं। सरकार की नजर भी आपके काम पर है ऐसे में इस तरह की अंतरराष्ट्रीय कॉफ्रेंस तकनीकों के आदान-प्रदान के लिए एक बेहतर मंच होती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विवि के कुलगुरु प्रोफेसर डॉ. मनदीप शर्मा ने वर्ल्ड वेटरनरी डे की सभी को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा वन हेल्थ पर काम करना आज की महती आवश्यकता है। इसके लिए सभी के बीच बेहतर समन्वय होना चाहिए तभी अनुसंधान के परिणाम वन्यजीवों के संरक्षण की दिशा में आएंगे। कार्यक्रम संयोजक डॉ. शोभा जावरे ने तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया । समारोह में स्वागत भाषण अधिष्ठाता वेटरनरी कॉलेज डॉ. आरके शर्मा ने दिया। समापन समारोह में अतिथियों ने डॉ. बीएम अरोरा मेमोरियल अवार्ड अरुण ए शाह को प्रदान किया। इसी क्रम में डॉ. वैद्यनाथ कृष्णमूर्ति मेमोरियल अवार्ड डॉ. कृष्णमूर्ति द्वारा डॉ. एस इलियाराजा, डॉ. जेएल निगम एक्सीलेंस इन वाइल्ड लाइफ सर्जरी गीता निगम द्वारा डॉ. केश्रीधर को, डॉ. अपूर्वा चक्रवर्ती एक्सीलेंस वाइल्ड एंड पैथोलॉजी डॉ. एन कॅरिकलन, वाइल्ड लाइफ हेल्थ पर काम करने के लिए डॉ. एबी श्रीवास्तव एपीरिसिएशन पुरस्कार डॉ. श्वेता मंडल, डॉ. एके शर्मा एपीरिसिएशन यंग रिसर्च इन वाइल्ड लाइफ साइंस डॉ. हमजा एन फारुकी, एआईजेडडब्ल्यूबी एपीरिसिएशन अवार्ड फॉर फ्री रेंजिंग वाइल्ड लाइफ डॉ. संदीप अग्रवाल, वन गिरि अवार्ड बेस्ट रिसर्च एवं रिव्यू आर्टिकल वाइल्ड एंड हेल्थ डॉ. राजेश नाकुलन, वन गिरि बेस्ट क्लीनिक केस डॉ. शरद कुमार साहू, लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड डॉ. एलएन आचार्यों, द्वितीय अवार्ड डॉ. अपूर्वा चक्रवर्ती प्रदान किया गया। इसी क्रम में ओरल प्रेजेंटेशन जू एडं वेट मेडिसिन डॉ. दीपिका वालसयन, वन हेल्थ इंट्रीग्रेशन डॉ. एसबी लक्ष्मी नारायण, कर्जवेशन स्टेटजी डॉ. सी स्मिथ, एडवांस इन वाइल्ड लाइफ डॉ. ए एस सुंदरम, डॉ. वाइल्ड लाइफ हेल्थ एंड सिस्टम डॉ. निधि राजपूत, कर्जवेशन पर डॉ. एन वासे, कर्जवेशन जैनेटिक्स एंड बायो इनफार्मेशन डॉ. ए जोशी को सर्टिफिकेट प्रदान पुरस्कृत किया गया।

**प्रतियोगिताओं में इन विजेतओं को किया गया सम्मानित**

विश्व वेटरनरी दिवस के उपलक्ष्य में कॉलेज में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें ड्राइंग में विजेता छात्रा मंजुला, हर्षिता एवं सिमरन पटेल, निबंध प्रतियोगिता में विजेता छात्रा युक्ति सिंग, डॉ. कणिका, डॉ. संध्या, पोस्टर में डॉ. आर माथूर, पोस्ट प्रेजेंटेशन डॉ. आर तिवारी, वाइल्ड लाइफ मेडिसिन डॉ. आर माथूर, वाइल्ड लाइफ मैनेजमेंट डॉ. एके ठाकुर, वाइल्ड लाइफ फॉरेंसिंक एंड वन हेल्थ डॉ. एस तमेलियन को सर्टिफिकेट देकर पुरस्कृत किया गया। मंच का संचालन डॉ. पूनम शाक्य ने किया एवं आभार प्रदर्शन डॉ. आदित्य मिश्रा डीन स्टूडेंट वेलफेयर वीयू ने किया।




**श्रीमती सिया बाई-** दाना बाबा मंदिर रोड प्रेरमनगर मदनमहल निवासी श्री रामदयाल की धर्मपत्नी श्रीमती सिया बाई (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री प्रशांत शुक्ला-** नरसिंह नगर रांझी निवासी श्री शशांक शुक्ला के पुत्र श्री प्रशांत शुक्ला (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती उषा चौधरी-** वल्दी कोरी की दफाई सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री रमेश चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती उषा चौधरी (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती फुल्ला बाई मरकाम-** गुजराती कॉलोनी गंगानगर गढ़ा निवासी श्री शिव लाल मरकाम की धर्मपत्नी श्रीमती फुल्ला बाई मरकाम (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रंजन साखरे-** भानतलैया बढ़ई मोहल्ला निवासी श्री रंजन साखरे (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में गत दिवस किया गया।

**श्री प्रदीप कुमार-** शिवपुरी कजरवारा निवासी श्री द्वारका प्रसाद के पुत्र श्री प्रदीप कुमार (34) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रतन कुमार नायडू-** गली नं. 15, सदर काली मंदिर के पास निवासी श्री रतन कुमार नायडू (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री महेंद्र मलिक-** नानक नगर मानेगांव रांझी निवासी श्री अमरनाथ मलिक के पुत्र श्री महेंद्र मलिक (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शिव कुमार कुशवाहा-** जयप्रकाश वार्ड पनागर निवासी श्री शिव कुमार कुशवाहा (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती फूला बाई कुशवाहा-** रांझी गांधी व्यायाम शाला के पास निवासी श्री मुकंदी लाल कुशवाहा की धर्मपत्नी श्रीमती फूला बाई कुशवाहा (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती गनेशी बाई बजाज-** आदित्य कॉलोनी नर्मदा रोड निवासी श्री मूलचंद बजाज की धर्मपत्नी श्रीमती गनेशी बाई बजाज (105) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री सीएम वर्मा-** न्यू रामनगर अधारताल निवासी श्री सीएम वर्मा (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती गिरानी बाई रजक-** शंकर नगर करमेता निवासी श्री पुसऊ रजक की धर्मपत्नी श्रीमती गिरानी बाई रजक (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री आशीष विश्वकर्मा-** सुहागी निवासी श्री ओम प्रकाश विश्वकर्मा के पुत्र श्री आशीष विश्वकर्मा (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | से.मी. | ब्लेक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | से.मी. | रंगीन | 1100/- |

संपर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303308294, 9407362100

# प्रदेश के 10 हजार पुलिसकर्मियों का अटक सकता है वेतन

## वित्त विभाग के अल्टीमेटम के बाद पीएचक्यू ने तत्काल समग्र आईडी को पोर्टल पर अपडेट करने के लिए कहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के लगभग 10 हजार पुलिसकर्मियों का वेतन अटक सकता है। इसका कारण है इन पुलिसकर्मियों की ट्रेजरी के पोर्टल पर समग्र आईडी लिंक न होना। इसे लेकर वित्त विभाग ने पुलिस महकमे समेत सभी विभागों को अल्टीमेटम दे दिया है। वित्त विभाग द्वारा जारी पत्र के अनुसार जिन भी पुलिसकर्मियों की समग्र आईडी वित्त विभाग के एकीकृत वित्तीय प्रबंधन सूचना प्रणाली (आईएफएमआईएस) पोर्टल पर लिंक नहीं होगी, उनका वेतन जारी नहीं होगा।

इसके बाद पीएचक्यू के निर्देश पर पुलिस की सभी 119 यूनिटों ने अपने यहां तैनात उन सभी स्टाफ को नोटिस जारी कर तत्काल समग्र आईडी को आईएफएमआईएस पोर्टल पर अपडेट कराने को कहा है। इस काम के लिए कई जिलों में एसपी ऑफिस और बटालियन में स्पेशल विंडो भी बना दिए गए हैं।

### कई पुलिसकर्मियों के आधार और समग्र आईडी का नहीं हो रहा मिलान



अधिकांश पुलिसकर्मियों के पास समग्र आईडी है, लेकिन एक बड़ी समस्या यह भी आ रही है कि पोर्टल पर इसे लिंक करने के लिए आधार के विवरण से इसका पूरी तरह मिलान होना जरूरी है। प्रदेश में सैकड़ों ऐसे पुलिसकर्मी हैं जिनका आधार और समग्र मैच नहीं हो रहा है। हालांकि कई पुलिसकर्मियों ने वेतन अटकने के डर से तत्काल आधार और समग्र में बदलाव के लिए प्रयास किए हैं, लेकिन इसमें एक सप्ताह तक का समय लग सकता है। ऐसे में अब पुलिसकर्मी परेशान हैं। हालांकि वित्त विभाग ने इसे लेकर कई बार गृह विभाग को पत्र और रिमाइंडर भेजे थे, लेकिन निचले स्तर के पुलिस कर्मियों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। अब वित्त विभाग ने अल्टीमेटम देते हुए साफ कर दिया है कि जिस भी पुलिसकर्मी की समग्र आईडी पोर्टल पर अपडेट नहीं होगी, उसका वेतन ही जारी नहीं होगा। इसी तरह के पत्र अन्य विभागों को भी जारी किए गए हैं लेकिन पुलिस के पास एक लाख 5 हजार के लगभग स्टाफ हैं, जिसमें से अब भी लगभग 10 हजार कगी समग्र आईडी लिंक नहीं हो पाई है।

**समग्र और आधार का मैच होना अनिवार्य, यही बन रहा दिक्कत**

### 20 हजार पुलिसकर्मियों की समग्र आईडी अपडेट

*अपने पत्र के साथ वित्त विभाग ने एक फाइल भी अटेच करके विभागों को भेजी है। इसके तहत ये बताया गया है कि 3 मार्च 2025 की स्थिति में गृह विभाग के केवल 72305 कर्मचारियों ने ही अपनी समग्र आईडी ट्रेजरी के पोर्टल पर लिंक कराई है। हालांकि अब पीएचक्यू के अफसरों का दावा है कि शेष बचे लगभग 30 हजार स्टाफ में से 20 हजार की समग्र आईडी इस माह के अंत तक पोर्टल पर ऑनलाइन अपडेट कर दी जाएगी। इसके बाद भी लगभग 10 हजार पुलिसकर्मी ऐसे होंगे, जिनका समग्र आईडी लिंक होना बाकी रह सकती है। इन कर्मचारियों का अप्रैल माह का वेतन रोका जा सकता ह।*

---

### एमपी-सीजी में पदस्थ 27 आयकर अफसरों के तबादले

# अति. आयकर निदेशक मिश्रा को इंदौर से एडिशनल कमिश्नर भोपाल पदस्थ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आयकर विभाग के एमपी सीजी सर्किल के नए प्रिंसिपल चीफ कमिश्नर नवरतन सोनी के कामकाज संभालने के हफ्ते भर के भीतर ही विभाग में पदस्थ 27 अफसरों का ट्रांसफर किया गया है। इसके अलावा 13 अफसरों को अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। इन सभी अधिकारियों को 9 मई तक अपनी नई पदस्थापना का चार्ज संभालने के निर्देश भी जारी किए गए हैं।

ट्रांसफर लिस्ट के अनुसार अतिरिक्त आयकर निदेशक अभिषेक मिश्रा को इंदौर से एडिशनल कमिश्नर भोपाल, आलोक भूरा को जॉइंट कमिश्नर रेंज 2 से जबलपुर से जॉइंट कमिश्नर इनकम टैक्स ट्रिब्यूनल 2 जबलपुर, भरत देवराज सेगांवकर जॉइंट कमिश्नर जबलपुर से डायरेक्टर जनरल इन्वेस्टिगेशन रायपुर, बिपिन अहिरवार एडिशनल कमिश्नर सेंट्रल रायपुर को एडिशनल कमिश्नर रायपुर, धर्मेंद्र सिंह को यूनिट ऑफ प्रॉपर्टी से जॉइंट कमिश्नर रायपुर, गार्गी चौहान को यूनिट ऑफ प्रॉपर्टी से ज्वॉइंट कमिश्नर आडिट भोपाल पदस्थ किया गया है।

आयकर विभाग के आदेश के मुताबिक अब तक भोपाल में एडिशनल कमिश्नर टेक्निकल विंग की जिम्मेदारी संभाल रहीं गुंजन वार्ष्णेय को अब एडिशनल कमिश्नर एडमिन एंड टीपीएस विंग पीसीसीआईटी दफ्तर में पदस्थ किया गया है। कपिल कपूर जॉइंट कमिश्नर उज्जैन को उज्जैन ऑडिट यूनिट से बिलासपुर ऑडिट यूनिट, कुणाल किशोर को यूनिट ऑफ प्रॉपर्टी से जॉइंट कमिश्नर ग्वालियर, मौसमी मित्रा को यूनिट ऑफ प्रॉपर्टी से जॉइंट कमिश्नर भिलाई रायपुर, मुनमुन शर्मा एडिशनल डायरेक्टर टैक्स को डायरेक्टर जनरल इन्वेस्टिगेशन इंदौर, नरेंद्र मोलई प्रसाद जॉइंट कमिश्नर ग्वालियर को बिलासपुर भेजा गया है। आदेश के अनुसार पायल प्रकाश को डीजीआईटी इन्वेस्टिगेशन भोपाल विंग और प्रदुमन मीना को जॉइंट कमिश्नर रेंज 4 भोपाल, राहुल पढ़ा को ज्वॉइंट कमिश्नर जबलपुर, एडिशनल कमिश्नर राजेश कुमार मीना को डीजी इन्वेस्टिगेशन इंदौर, रमाकांत प्रधान को ज्वॉइंट कमिश्नर जबलपुर, रमेश कुमार शर्मा को जॉइंट कमिश्नर बिलासपुर ट्रांसफर किया गया है। आदेश के मुताबिक एस भुवनेश्वरी अब ज्वॉइंट डायरेक्टर भोपाल, एसजी मून ज्वॉइंट कमिश्नर छिंदवाड़ा, संदीप आहूजा ज्वॉइंट कमिश्नर इंदौर, संजय कुमार पांडे जॉइंट कमिश्नर भोपाल, संजीव एच भगत ज्वॉइंट कमिश्नर इंदौर, सौरभ कुमार शर्मा ज्वॉइंट कमिश्नर भोपाल, शशिकांत कुशवाहा एडिशनल कमिश्नर भोपाल, तरन्नुम वर्मा ज्वॉइंट कमिश्नर भिलाई और विजित पटेल ज्वॉइंट कमिश्नर इंदौर के पद पर पदस्थ किए गए हैं।

**गुंजन वार्ष्णेय, गार्गी चौहान, आलोक भूरा की नई पदस्थापना**

### 13 अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार

आलोक भूरा जॉइंट कमिश्नर को जॉइंट कमिश्नर अडिट जबलपुर, बाला मुरली कृष्ण कोर्रापति को उज्जैन, गार्गी चौहान को इटारसी, गुंजन वार्ष्णेय को एडिशनल कमिश्नर प्रिंसिपल चीफ कमिश्नर भोपाल, कुणाल किशोर को ग्वालियर, राहुल पढ़ा को जबलपुर, रमाकांता प्रधान को सागर, रत्नेश कुमार शर्मा को कोरबा के एडिशनल कमिश्नर और जॉइंट कमिश्नर का एडिशनल चार्ज सौंपा है। इनके अलावा एससी मून को कटनी, संदीप आहूजा को उज्जैन, संजीव एच भगत को खंडवा, तरन्नुम वर्मा को रायपुर में जॉइंट कमिश्नर पद की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है।

---

## खबर संक्षेप

### कोलार और बैरागढ़ तहसील में एसडीएम के कार्यों का विभाजन

**भोपाल।** कोलार तहसील और बैरागढ़ तहसील में एसडीएम के कार्यों का विभाजन किया गया है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार संयुक्त कलेक्टर आदित्य जैन को एसडीएम बैरागढ़ से हटाकर कोलार तहसील का जिम्मा सौंपा गया है। जबकि कोलार एसडीएम रविशंकर राय को बैरागढ़ पदस्थ किया गया है। सूत्रों के अनुसार कोलार तहसील में काम को लेकर लगातार शिकायतें मिल रहीं थी कि लोगों की सुनवाई नहीं की जा रही है। हालांकि एसडीएम द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा था कि प्रकरणों का निराकरण त्वरित किया जाए। स्थिति में सुधार नहीं होने की वजह से अधिकारियों के कार्य में परिवर्तन किया गया है।

### 29 को मुख्यमंत्री करेंगे लीप ई-पोर्टल का शुभारंभ

**भोपाल।** सूक्ष्म एवं लघु उद्योग क्षेत्र में कार्यरत राष्ट्रीय संगठन लघु उद्योग भारती, मप्र अपने 32वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य समारोह का आयोजन करने जा रहा है। यह कार्यक्रम दिनांक 29 अप्रैल को ग्लोबल स्किल पार्क, इंद्रपुरी, भोपाल में होगा। इस अवसर पर लीप ई-पोर्टल का शुभारंभ किया जाएगा तथा नवीन एमएसएमई नीति 2025 की जानकारी उद्यमियों को प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग, मंत्री चैतन्य कश्यप द्वारा की जाएगी। विशेष अतिथि के रूप में कौशल विकास एवं रोजगार विभाग राज्य मंत्री गौतम टेटवाल मौजूद रहेंगे।

### विकसित भारत की संकल्पना में युवा वैज्ञानिक महत्वपूर्ण

**भोपाल।** भारतवर्ष देश की युवा प्रतिभाओं के शोध और नवाचार के आधार पर आगामी समय में विकसित भारत की संकल्पना को पूरा करेगा। उक्त विचार तकनीकी शिक्षा, उच्च शिक्षा एवं आयुष विभाग के मंत्री इन्दर सिंह परमार ने शनिवार को राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के नॉलेज रिसोर्स सेंटर में सृजन के लिए आए हुए मॉडल एवं प्रोजेक्ट को चयन करने वाली ज्यूरी को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। इस अवसर पर तकनीकी शिक्षा मंत्री ने सभी ज्यूरी सदस्यों को शिक्षाविद डॉ. धर्मपाल का प्रेरणादायी साहित्य एवं पुष्प देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विवि के कुलगुरु प्रो. राजीव त्रिपाठी और कुलसचिव प्रो. मोहन सेन सहित सृजन की आयोजन समिति के सदस्य, ज्यूरी मेम्बर और प्रोफेसर्स उपस्थित रहे।

### विश्व बौद्धिक संपदा दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

**भोपाल।** शिक्षकों और विद्यार्थियों में बौद्धिक संपदा अधिकार और इसकी उपयोगिता के संबंध में जागरुकता पैदा करने के लिए शनिवार को मेपकास्ट ने विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन के रूप में डॉ. अजय चौबे, शैलेन्द्र कसेरा ने बौद्धिक संपदा के विविध पहलुओं जैसे कॉपीराइट, पेटेंट और ट्रेडमार्क की गहन जानकारी दी। उन्होंने रोचक उदाहरणों से यह समझाया कि कैसे विद्यार्थी नवाचार और मौलिक रचनाओं से पेटेंट प्राप्त कर सकते हैं और इससे आर्थिक लाभ भी अर्जित कर सकते हैं।

---

### प्रदेश में अवैध परिवहन की रोकथाम के लिए एआई पर आधारित मानव-रहित 41 चेक-गेट होंगे स्थापित

# अब मप्र में आर्टिफिशियल इन्टेलिजेंस से होगी अवैध खनन की 'निगरानी'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में अवैध खनन भंडारण एवं परिवहन की रोकथाम के लिए ऑर्टिफिशियल इन्टेलिजेंस (एआई) का उपयोग कर खनन निगरानी प्रणाली विकसित की जा रही है। इस प्रणाली के तहत प्रदेश की समस्त स्वीकृत 7502 खदानों की जियो टेगिंग कर खदान क्षेत्र का सीमांकन किया जा चुका है। सैटेलाइट इमेज एवं रिमोट सेंसिंग टेक्नोलॉजी की सहायता से प्रदेश में हो रहे अवैध उत्खनन एवं भंडारण पर निगरानी रखी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह प्रणाली खदान क्षेत्र के बाहर हो रहे अवैध उत्खनन का पता लगाने में सक्षम होगी। इसके तहत एक निश्चित समय अंतराल पर सतत रूप से प्राप्त सेटेलाइट इमेजेस का विश्लेषण कर सिस्टम से राज्य एवं जिला प्रशासन को अलर्ट भेजे जाएंगे।



क्षेत्रीय अमले की ओर से मोबाइल एप से परीक्षण एवं निरीक्षण कर पोर्टल अथवा मोबाइल एप पर रिपोर्ट दर्ज कर प्रकरण पंजीबद्ध किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर खदान या उसके बाहर ड्रोन सर्वे कर वॉल्युमेट्रिक एनालिसिस से वास्तविक उत्खनित मात्रा का पता लगाकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई कर अर्थदण्ड अधिरोपित करने की परियोजना भी प्रक्रियाधीन है।

### प्रदेश की 7502 खदानों की हुई जियो टेगिंग

**सैटेलाइट इमेज एवं रिमोट सेंसिंग टेक्नोलॉजी की सहायता लेंगे**



### विभिन्न प्रक्रियाओं को सरलीकृत किया जा रहा

नवीन पोर्टल ई-खनिज 2.0 सुशासन से एवं ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के अंतर्गत विभिन्न प्रक्रियाओं को सरलीकृत किया जा रहा है। नवीन पोर्टल ई-खनिज 2.0 को सिंगल विण्डों से विभाग से संबंधित विभिन्न सेवाओं को ऑनलाइन उपलब्ध कराने के लिए विभाग द्वारा विकसित किया जा रहा है। इसके तहत आवेदन-पत्र प्रस्तुत करने तथा इसके निराकरण के लिए ऑनलाइन व्यवस्था प्रदाय की जाएगी।

### ऑनलाइन ई-टीपी सेवाओं को किया जा चुका है लागू

*प्रदेश के 55 जिलों में ई-खनिज पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन ई-टीपी सेवाओं को लागू किया जा चुका है। इस व्यवस्था के सकारात्मक परिणाम प्राप्त हो रहे हैं। साथ ही अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण की जानकारी एमआईएस रिपोर्ट के रूप में प्राप्त की जा रही है। ई-टीपी की व्यवस्था लागू होने से पट्टेदार की ओर से ऑनलाइन रॉयल्टी का भुगतान किया जा रहा है। इससे केशलैस ट्रॉन्जेक्शन की मंशा भी पूरी की गई है। खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भंडारण पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए खनिज परिवहन किए जाने वाले वाहनों का ई-रजिस्ट्रेशन अनिवार्य किया गया है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत विभिन्न आवेदनों को ऑनलाइन ई-खनिज पोर्टल के माध्यम से जमा करने की व्यवस्था लागू की गई है। विभागीय पोर्टल से खनिज अन्वेषण एवं खदानों की जानकारी आमजन को उपलब्ध कराई जा रही है।*

### अवैध परिवहन की रोकथाम के लिए नवीन तकनीक एआई पर आधारितः मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खनिजों के अवैध परिवहन की रोकथाम के लिए नवीन तकनीक एआई पर आधारित मानव-रहित चेक-गेट पूरे प्रदेश में स्थापित किए जा रहे हैं। प्रदेश में 41 ऐसे स्थल चिन्हांकित किए गए हैं, जहां से खनिज परिवहन करने वाले वाहनों का सर्वाधिक आगमन होता है। चेक-गेट स्थापित करने के लिए टेण्डर के माध्यम से रेल टेल कॉर्पोरेशन को सर्विस प्रोवाइडर के रूप में चयनित किया गया है। उन्होंने कहा कि पॉयलेट प्रोजेक्ट के रूप में भोपाल के आस-पास 4 स्थानों पर ई-चेकगेट स्थापित किए गए हैं। निगरानी के लिए राज्य स्तर पर भोपाल में कमाण्ड एवं कंट्रोल सेंटर और जिला स्तर पर भोपाल एवं रायसेन में जिला स्तरीय कमाण्ड सेंटर स्थापित किया गया है।

#### वेरीफोकल कैमरा, आरएफआईडी रीडर से खनिज परिवहन में संलग्न वाहन की जांच के प्रावधान

मप्र में अब ई-चेकगेट में वेरीफोकल कैमरा, आरएफआईडी रीडर, ऑटोमेटिक नम्बर प्लेट रीडर की सहायता से खनिज परिवहन में संलग्न वाहन की जांच के प्रावधान हैं। प्रदेश में सूचना प्रौद्योगिकी के अंतर्गत विभाग की गतिविधियों को ऑनलाइन करने के लिए एनआईसी द्वारा वेब पोर्टल (ई-खनिज) बनाया गया है। ई-खनिज पोर्टल को परिवहन विभाग के पोर्टल के साथ लिंक किया गया है। इससे पट्टेदार, ट्रांसपोर्टर खनिज परिवहन करने के लिए ऑनलाइन वाहनों का रजिस्ट्रेशन ई-खनिज पोर्टल पर कर सकते हैं। डिजिटल इण्डिया के तहत विभाग की ओर से ई-खनिज पोर्टल से खनिजों के परिवहन के लिए ऑनलाइन परिवहन पारपत्र (ई-टीपी) की सेवाओं को सफलतापूर्वक लागू किया गया है। इस व्यवस्था के अंतर्गत कोई भी पट्टेदार रॉयल्टी एवं अन्य राशि का भुगतान करने के बाद ई-टीपी प्राप्त कर सकता है। खनिजों के परिवहन में संलग्न वाहनों के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन का प्रावधान किया गया है।

---

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा

# जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों का विस्तार करें, जिससे वर्षा का जल संग्रहित कर सकें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान की गतिविधियों को और अधिक विस्तारित किया जाए, जिससे वर्षा के जल को अधिक से अधिक संग्रहित किया जा सके। जल के संग्रहण से जहां एक ओर पेयजल स्रोत रिचार्ज हो सकेंगे, वहीं कृषि के लिए भी पर्याप्त जल उपलब्ध हो सकेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज की भागीदारी से जिस प्रकार अभियान के तहत काम हो रहे हैं, उसके सकारात्मक प्रभाव आने वाले समय में देखने को मिलेंगे। उन्होंने वर्षा की एक-एक बूंद के संग्रहण के लिए समाज के सभी वर्गों से सहभागी बनने का आह्वान किया है।

### होमगार्ड जवानों ने क्षिप्रा शुद्धिकरण के लिए किया श्रमदान

*देवास के होम गार्ड की टीम ने ग्राम हिरली में क्षिप्रा नदी के किनारों पर सफाई अभियान चलाया। होम गार्ड टीम के साथ जनप्रतिनिधि, ग्रमीण, और स्कूली बच्चे भी जुटे और हिरली गांव के तटों से 40 ट्रॉली कचरा बाहर निकाला गया। उज्जैन सिंहस्थ से पहले क्षिप्रा को शुद्ध बनाने के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है।*

*छिंदवाड़ा में पानी बचाने के लिए नुक्कड़ नाटक जल गंगा संवर्धन अभियान में छिन्दवाड़ा में विकासखंड-मोहखेड़ के गांव खुनाझिर कलां में नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। पंचायत परिसर में नवांकुर संस्था-प्रभात युवा विकास मंडल के अभिनेताओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जल संरक्षण, स्वच्छता, ठोस कचरा प्रबंधन का संदेश दिया। नुक्कड़ नाटक के बाद जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई।*

### मेहगांव में कुओं की मरम्मत कार्य का भूमिपूजन

भिण्ड में मंत्री राकेश शुक्ला ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगर परिषद मेहगांव में 55.63 लाख रुपए की लागत से वाटर बॉडी और कुओं की मरम्मत कार्य का भूमि-पूजन किया।

---

### उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम करमंदी की घटना

# वैवाहिक कार्यक्रम से ठीक पहले युवती ने लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम करमंदी में कविता (24) ने सगाई से एक दिन पहले फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी सगाई 28 अप्रैल को होनी थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

करमंदी निवासी सालिक राम खेती-किसानी करते हैं। उनकी तीन बेटियों में कविता सबसे छोटी थी। बीएससी की पढ़ाई पूरी करने के बाद वह घर के कामकाज में सहयोग करती थी। रविवार दोपहर सगाई की तैयारियों के बीच सालिक और उसकी पत्नी घरेलू कार्यों में व्यस्त थे। कविता बाथरूम गई और वहां पाइप के एंगल में चुनरी से फांसी लगा ली।लंबे समय तक बाहर न आने पर मां को अनहोनी की आशंका हुई। खिड़की से देखने पर कविता फांसी के फंदे पर लटकी मिली। मां की चीख-पुकार सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे, उसे फंदे से उतारा और जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिला अस्पताल चौकी प्रभारी दौड़ कुजुर ने बताया कि जर्रा मेडिकल कॉलेज से प्राप्त मेमो के आधार पर परिजनों के बयान दर्ज किए गए हैं। मर्ग कायम कर पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है। घटना से गांव में मातम छाया हुआ है और आसपास के लोग स्तब्ध हैं।

### कुनकुरी थाना क्षेत्र की घटना, मुखबिर की सूचना पर पकड़ाया आरोपी

# युवती से पानी मांगकर रेप करने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुर

कुनकुरी थाना क्षेत्र से दिल दहलाने वाला मामला सामने आया है। एक युवती के साथ किराये के मकान में जबरन घुसकर दुष्कर्म किया गया। आरोपी ने खुद एक ऐसा सुराग छोड़ा, जिससे पुलिस 24 घंटे के भीतर उसके गिरेबान तक पहुंच गई। जानकारी के अनुसार, 25 अप्रैल की रात करीब 8:30 बजे कुनकुरी थाने से मात्र 200 मीटर दूर एक युवती अपने किराये के मकान के बाहर टहल रही थी, तभी एक अनजान युवक ने उससे पानी मांगा। युवती ने मानवीयता दिखाते हुए पानी की बोतल दी, लेकिन युवक अचानक कमरे में घुस गया।

उसने दरवाजा बंद कर युवती का मुंह दबाकर जान से मारने की धमकी देते हुए दुष्कर्म किया। पीड़िता ने इसकी शिकायत पुलिस से की। एसडीओपी विनोद मंडावी और थाना प्रभारी राकेश यादव के नेतृत्व में पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर जांच शुरू की। युवती ने आरोपी को नहीं पहचाना, लेकिन उसका हुलिया बताया। पुलिस ने कुनकुरी के 15 वार्डों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। यहीं से पुलिस को सुराग मिल गया। एक ब्लर फुटेज में हुलिए से मिलता-जुलता युवक दिखा। चेहरा साफ नहीं था, लेकिन चाल-ढाल से संदेह पुख्ता हुआ। मुखबिर से सूचना मिली कि आदर्श नगर कुनकुरी में एक युवक इस हुलिए से मेल खाता है। एएसआई ईश्वर वारले और मनोज साहू की टीम ने त्वरित कार्रवाई कर उसे आदर्श नगर से हिरासत में लिया। पीड़िता ने आरोपी की शिनाख्त की और पूछताछ में उसने अपराध कबूल कर लिया। आरोपी की पहचान अंकित खाखा (30) के रूप में हुई। उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।



---

### इसका उद्देश्य शिक्षा को और भी आकर्षक और प्रयोगात्मक बनाना, बच्चों की शिक्षा में साबित हो रहा मददगार

# दंतेवाड़ा का विज्ञान केन्द्र अच्छी पहल 'मन की बात' में पीएम ने किया जिक्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा

जिले में स्थापित विज्ञान केंद्र में बच्चों को मिल रही अच्छी जानकारी का पीएम मोदी ने मन की बात में जिक्र किया है। बता दें कि दंतेवाड़ा में स्थापित साइंस सेंटर एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसे स्कूल के बच्चों को विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में प्रेरित करने के उद्देश्य से बनाया गया है।

इस साइंस सेंटर का निर्माण जिला परिषद की मदद से जिला कलेक्टर के नेतृत्व में किया गया है, जिसका उद्देश्य शिक्षा को और भी आकर्षक और प्रयोगात्मक बनाना है। इस साइंस सेंटर में अलग-अलग थीम वाले कमरे बनाए गए हैं, जो बच्चों को विभिन्न विषयों को गहराई से समझने में मदद करेंगे। ये कक्ष उनके अनुभवात्मक ज्ञान को बढ़ाने के लिए डिजाइन किए गए हैं।




### ये हैं इसकी विशेषताएं


- . इंडस्ट्री रूम झ्र यहां बच्चे औद्योगिक विकास की समयरेखा के माध्यम से उद्योगों के विकास को समझ सकते हैं। इसमें एक 3डी प्रिंटिंग जोन भी होगा, जहां अलग-अलग प्रकार के तीन 3डी प्रिंटर होंगे। साथ ही, डॉग रोबोट, ह्यूमनॉइड रोबोट, स्पाइडर रोबोट, राइटिंग रोबोट और पाथ-गाइडेड इंडस्ट्री रोबोट्स भी होंगे प्रदर्शित।
- फिजिक्स रूम झ्र इस कमरे में बच्चे भौतिकी के मूल सिद्धांतों को हैंड्स-ऑन प्रयोगों के माध्यम से सीख सकेंगे।
- इमर्सिव रूम झ्र यह एक 360 डिग्री डिजिटल स्पेस होगा, जहां बच्चे वर्चुअल दुनिया का अनुभव ले सकेंगे।
- मिनीवर्ल्ड रूम झ्र इसमें एक 8x4 फीट का HO स्केल ट्रेन मिनिएचर सेट होगा, जिसमें गांव और शहर दोनों के दृश्य दर्शाए जाएंगे।
- हार्वेस्ट हब (फार्मिंग जोन) झ्र इसमें विभिन्न कृषि तकनीकों का प्रदर्शन किया जाएगा, जो किसानों और विद्यार्थियों के लिए उपयोगी होगा।

### रोबो एरीना की खासियतें

यहां एक रोबो एरीना तैयार किया जा रहा है, जहां बच्चे अपने रोबोट बनाकर उनका रोबो वॉर करवा सकेंगे। यह एक रोमांचक और शैक्षिक गतिविधि होगी, जो बच्चों को रोबोटिक्स और ऑटोमेशन की दुनिया से परिचित कराएगी। इस परियोजना का कार्य हिडन लैम्प प्राइवेट लिमिटेड को सौंपा गया है, जो इसे एक आधुनिक और इंटरैक्टिव विज्ञान केंद्र बनाने के लिए कार्य कर रही है। यह साइंस सेंटर दंतेवाड़ा के बच्चों के लिए एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक केंद्र बनेगा, जो उन्हें विज्ञान और तकनीक में रुचि बढ़ाने और नई तकनीकों से परिचित कराने में मदद करेगा।



# पांच सबसे खतरनाक रेल मार्ग, यात्रा के दौरान आपके खड़े हो जाएंगे रोंगटे



### सल्टा पोलवेरिलो ट्रैक

यह रेल मार्ग अर्जेंटीना-साल्टा को चिली पोलवेरिलो से जोड़ता है। 217 किमी लंबा यह रेल मार्ग अर्जेंटीना में बना है। साल 1948 में इस रेल मार्ग को खोला गया था। इसका निर्माण कार्य 27 सालों तक चला था। यह रेल मार्ग 4,200 की ऊंचाई पर स्थित है। यात्रा के दौरान ट्रेन 29 पुलों और 21 सुरंगों को पार करती है।

**टोक्यो।** अधिकतर लोग ट्रेन से यात्रा करना पसंद करते हैं। ट्रेन यात्रा के लिए ट्रेन आरामदायक और सस्ता परिवहन है। इसके साथ ही कई रूटों पर ट्रेन से यात्रा करना रोमांचित करने वाला होता है। ट्रेन से पहाड़, जंगल और नदियों समेत कई प्राकृतिक सुंदरता देखने को मिलती है। प्राकृतिक सुंदरता के साथ ही दुनिया में कई ऐसे रेल रूट हैं जिन पर यात्रा के दौरान डर भी लगता है। आज हम आपको कुछ रेलमार्गों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां से लोगों को यात्रा करने में डर लगता है। इन रेलमार्गों को दुनिया का सबसे खतरनाक रेलमार्ग माना जाता है।

## जहां लोगों को यात्रा करने में लगता है डर



### इक्वाडोर का डेविल्स नोज

यह रेल रूट समुद्र तल से नौ हजार फीट की ऊंचाई पर है। इस रेल मार्ग का निर्माण करीब 33 साल में पूरा हुआ था। यह 1872 में बनना शुरू हुआ और 1905 में बनकर तैयार हो पाया। पहाड़ की वजह से होने वाली समस्याओं को दूर के लिए सरकार ने इसका निर्माण कराया था। यह दक्षिण अमेरिका में इंजीनियरिंग का बेजोड़ नमूना है।

### आरगो गेडे रेलमार्ग

इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता से बैनडंग के बीच चलने वाली रेलगाड़ी एक बेहद ऊंचे और खतरनाक पुल से होकर गुजरती है। इसे आरगो गेडे रेलमार्ग कहा जाता है। इस पुल के दोनों तरफ बाड़े नहीं लगे हैं, जिससे यह और भयानक लगता है। यही वजह है कि इस पुल से गाड़ी गुजरते ही यात्रियों की सांसें अटक जाती हैं। डरकर कुछ यात्री चीखने भी लगते हैं। लेकिन, इस डर के अलावा पुल से नीचे अगर देखें तो काफी शानदार नजारा दिखता है।



### दक्षिण अफ्रीका में केप टाउन मार्ग

दक्षिण अफ्रीका के एक रेल मार्ग पर यात्रा करने से लोग डरते हैं। केप टाउन रेलवे ट्रैक चोरी और हमलों की वजह से जाना जाता है। केप टाउन रेल मार्ग पर ट्रेनों में अक्सर चोरी और हमले की घटनाएं होती रहती हैं। इन हमलों और चोरी की वजह से हर दिन कोई न कोई ट्रेन रद्द की जाती है।

### एसो मियामी मार्ग

जापान में अलास्का से व्हाइटहॉर्स, युकोन बंदरगाह को जोड़ने वाला व्हाइट पास और युकोन रेल मार्ग रोमांच से भरा हुआ है। इस रेल मार्ग में आपको प्रकृति की सुंदरता देखने को मिलती है। इस रूट पर ट्रेन तीन हजार फुट की चढ़ाई करती है जो काफी डरावना होता है। इसलिए यह रूट खतरनाक माना जाता है।

## रोचक खबरें



## छोड़ी पीएचडी, शुरू किया अजीब बिजनेस, शादियों में पालतू कुत्तों को लगी संभालने!

**बेलफास्ट।** आजकल बिजनेस करने का लोगों को ऐसा शौक चढ़ा है कि वो अच्छी खासी नौकरियां या कॉलेज की डिग्रियां छोड़कर बिजनेस करने में उतारू हो जा रहे हैं। ऐसा ही शौक एक आयरलैंड की लड़की को भी लगा. इस वजह से उसने अपनी पीएचडी की डिग्री बिना पूरी किए बिजनेस शुरू कर दिया. बिजनेस भी इतना अजीब है कि भारत में कोई सुनेगा तो मजाक ही उड़ाएगा। लड़की अब शादियों में दूल्हा-दुल्हन के पालतू कुत्तों को संभालती है और बदले में फीस चार्ज करती है। एक रिपोर्ट के अनुसार बेलफास्ट की रहने वाली 26 साल की रेबेका मैकब्राइड ने 2023 में पीएचडी को बीच में ही छोड़ दिया था। वो बायोलॉजी से पीएचडी कर रही थीं। उसके बाद उन्होंने अपना बिजनेस शुरू किया। वो अब शादियों में दूल्हा-दुल्हन के पालतू कुत्तों को संभालती हैं। विदेशों में जब लोग शादी करते हैं, तो वो चाहते हैं कि उनके पालतू कुत्ते भी उस दौरान उनके साथ रहें, पर ऐसे फंक्शन्स में, जहां भीड़भाड़ होती है, जानवर काफी परेशान हो जाते हैं। रेबेका उन्हीं कुत्तों की देखरेख करती हैं। आपको जानकर हैरानी होगी कि वो एक कुत्ते के लिए 400 डॉलर (34 हजार रुपए) तक चार्ज करती हैं। वो कुत्तों को शादी वाले दिन के लिए तैयार करती हैं, उन्हें वेडिंग फोटोज में साथ खड़ा करने के लिए उन्हें शांत कराती हैं, ये सुनिश्चित करती हैं कि कुत्ते किसी को ज्यादा परेशान न करें और खुद भी ज्यादा परेशान न हों।

## सेलिब्रिटी सोशल मीडिया पोस्ट हैं शार्क के बढ़ते हमलों के लिए जिम्मेदार

**पेरिस।** दुनिया में कई जगह समुद्र किनारे पर शार्क पाई जाती हैं। पिछले कुछ समय से शार्क के इंसानों पर हो रहे हमले भी बढ़ रहे हैं। पर इन सबके लिए जिम्मेदार कौन है? एक रिसर्च में वैज्ञानिकों ने दावा किया है कि शार्क के काटने और सेलिब्रिटी सोशल मीडिया पर इन जीवों को छूने के लिए जिस तरह के संदेश दे रहे हैं, दोनों में संबंध है। शोध में दावा किया गया है ज्यादातर मामलों में शार्क इंसानों के दखल देने के बाद केवल आत्मरक्षा में काम करती हैं। रिसर्च सीधे सीधे



सवाल उठा रही है कि सेलिब्रिटी अपने वीडियोज़ और सेल्फी के जरिए लोगों को भी उकसा रहे हैं कि उन्हें भी इसी तरह की सेल्फी लेने में संकोच नहीं करना चाहिए। वहीं, वैज्ञानिक इस कोशिश को गलत ठहरा रहे हैं और जोखिम भरा बता रहे हैं। उनका कहना है कि यह इंसानों के लिए खतरनाक तो है ही, खुद शार्क के लिए भी ठीक नहीं है।

**गलत जा रहा है संदेश :** फ्रांस की पीएसएल यूनिवर्सिटी के एरिक क्लूआ ने इस रिसर्च की अगुआई की है। उन्होंने साफ कहा, 'जैसा कि बहुत सारे इन्फ्लूएंसर्स सोशल मीडिया पर कर रहे हैं, मैं उन्हें प्रोत्साहित नहीं करता हूं. वे किसी शार्क की पीठ के पंख से लटकते हैं उसे छूते हैं, उसे सहलाते हैं। वे यह साबित करना चाहते हैं कि शार्क नुकसान नहीं पहुंचा सकती और वे शार्क के संरक्षण के लिए काम कर रहे हैं।'

## 31400000 रुपए में बिका 113 साल पुराना खत लिखी थी टाइटैनिक जहाज की भविष्यवाणी

**लंदन।** टाइटैनिक जहाज के एक यात्री का लिखा हुआ एक पत्र ब्रिटेन में नीलामी में रिकॉर्ड दाम पर बिका है। कर्नल आर्चीबाल्ड ग्रेसी का यह पत्र एक गुप्त खरीदार ने 3.41 करोड़ रुपए (300,000 पाउंड) में खरीदा। यह नीलामी रविवार को इंग्लैंड के विल्टशायर में 'हेनरी एलड्रिज एंड सन' नीलामी घर में हुई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस पत्र की शुरुआती अनुमानित कीमत करीब 60,000 पाउंड थी, लेकिन यह पांच गुना ज्यादा दाम में बिका। इस पत्र को



'भविष्यवाणी जैसा' कहा जा रहा है, क्योंकि इसमें कर्नल ग्रेसी ने अपने एक दोस्त को लिखा था कि 'ये जहाज तो अच्छा है पर इसके बारे कोई फैसला लेने से पहले अपनी यात्रा खत्म होने का इंतजार करेंगे।' यह पत्र 10 अप्रैल 1912 को लिखा गया था, उसी दिन जब कर्नल ग्रेसी टाइटैनिक पर सवार हुए थे। पांच दिन बाद, जहाज उत्तरी अटलांटिक महासागर में एक हिमखंड से टकराकर डूब गया था। इस हादसे में करीब 1,500 लोगों की जान चली गई थी। बचने के बाद कर्नल ग्रेसी ने 'द ट्रुथ अबाउट द टाइटैनिक' नामक एक किताब लिखी थी, जिसमें उन्होंने हादसे का अपना अनुभव साझा किया था। उन्होंने बताया था कि कैसे वह ठंडे पानी में एक पलटी हुई लाइफबोट पर चढ़कर बच पाए थे। हालांकि, लाइफबोट पर पहुंचने वाले कई लोग ठंड और थकावट से मर गए थे। कर्नल ग्रेसी इस हादसे में तो बच गए थे, लेकिन उनका स्वास्थ्य काफी बिगड़ गया। बाद में वे कोमा में चले गए और 4 दिसंबर 1912 को मधुमेह (डायबटीज) से जुड़ी परेशानियों के कारण उनका निधन हो गया।

# दुनिया की इन जगहों पर इंसानों के जाने पर है रोक, भारत में भी एक स्थान

**न्यूयार्क।** दुनिया में घूमने वाले लोगों की चाहत होती है कि वह धरती की हर जगह पर जाएं। लोग खूबसूरत समुद्री तट, पहाड़ों पर, भूतिहा जगह और रहस्यमयी जगहों पर भी जाना चाहते हैं। दुनियाभर में कई खूबसूरत जगहे हैं, जहां पर हर साल हजारों लोग घूमने के लिए जाते हैं। लेकिन हम आपको आज कुछ ऐसी जगहों के बारे बताते हैं, जहां पर पर्यटकों के जाने पर रोक है। इनमें एक स्थान भारत में भी है।

### स्वालबार्ड ग्लोबल सीड वॉल्ट

नॉर्वेजियन आर्कटिक के पर्माफ्रॉस्ट में स्वालबार्ड ग्लोबल सीड वॉल्ट स्थित है। यहां पर भविष्य में दुनिया में होने वाली विनाशकारी घटनाओं की आशंकाओं को देखते हुए पौधों के बीजों को संरक्षित करने का एक वैश्विक भंडार है। इसका उद्देश्य जैव विविधता की रक्षा करना है। इस जगह पर आम लोगों के जाने की अनुमति नहीं है।

### एरिया-51

अमेरिका के नवादा में रेगिस्तान के बीच स्थित एरिया-51 एक खुफिया जगह है। इस जगह के बारे में तरह-तरह के दावे किए जाते हैं। एरिया-51 में किसी को भी आने-जाने की इजाजत नहीं है। यहां पर हमेशा कड़ी सुरक्षा रहती है। कुछ कांस्पिरेसी




थ्योरी में दावा किया जाता है कि अमेरिका ने एरिया-51 में एलियन को कैद रखा है। बताया जाता है कि यहां अमेरिका एलियन पर प्रयोग कर रहा है। इस जगह के बारे में अमेरिका के लोगों को भी नहीं पता था, लेकिन साल 2013 में अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए ने पहली बार दुनिया को एरिया-51 के बारे में बताया। एरिया 51 को आधिकारिक तौर पर मिलिट्री टेस्टिंग साइट और एयरफोर्स फैसिलिटी सेंटर के रूप में जाना जाता है।


## अमेरिका ने एरिया-51 में एलियन को कैद रखा है



### चेर्नोबिल

वर्तमान समय में यूक्रेन एक युद्ध क्षेत्र बना है और ऐसे में दूसरे देशों के लोग यहां नहीं जा रहे हैं। लेकिन यूक्रेन का चेर्नोबिल अपवर्जन क्षेत्र 1986 की परमाणु आपदा की जगह होने की वजह से धरती की सबसे प्रसिद्ध निषिद्ध जगहों में से एक है। लंबे समय तक विकिरण की वजह से यहां के सबसे ज्यादा प्रदूषित जगहों पर लोगों को जाने की अनुमति नहीं है।

**स्नेक आइलैंड :** ब्राजील के तट पर 'इल्हा दा क्यूइमाडा ग्रांडे' एक छोटा सा भूभाग है। इस स्थान को आमतौर पर स्नेक आइलैंड के नाम से जाना जाता है। यहां पर बहुत जहरीले सांप पाए जाते हैं। सांपों की वजहों से यह जगह खतरनाक स्थानों में शामिल है। ब्राजील की सरकार ने लोगों और सांपों की इस दुर्लभ प्रजाति की सुरक्षा के लिए इस द्वीप पर लोगों के जाने पर बैन लगा दिया है।



### सेंटिनल द्वीप

भारत के उत्तर सेंटिनल द्वीप पर बाहरी लोगों के जाने की सख्त मनाही है। अंडमान के उत्तरी सेंटिनल द्वीप पर नेग्रिटो समुदाय के लोग रहते हैं। इनका बाहरी दुनिया से कोई संपर्क नहीं है और यह पूरी तरह से अलग-थलग रहते हैं। उत्तरी सेंटिनल द्वीप सेंटिनली जनजाति की मूल जनजाति का घर है। यह स्थान एक संरक्षित क्षेत्र है। जनजाति की जीवनशैली और बाहरी लोगों को संभावित नुकसान से बचाने के लिए यहां पर जाने की इजाजत नहीं है।

# इंसान को कमजोर करना शुरू कर दिया है एआई, 10 साल में हो जाएगा हावी

**लंदन।** हर कुछ दिन में हम सुनते हैं कि आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस यानी एआई जल्दी ही इंसानों को पीछे छोड़ कर उन पर हावी तक हो जाएगी। कुछ लोग इस बारे में अनुमान भी लगाते पाए जाते हैं कि ऐसा कब होगा। लेकिन वैज्ञानिकों का कहना है कि एआई तेजी से इंसानों को मंदबुद्धि या मूर्ख बना कर रहेगी। उनकी दलील है कि एआई दिमाग चलाने वाले बडे बड़े कामों को अपने हाथ में ले रही है और इससे हम इंसान सोचने की काबिलियत खोते चले जा रहे हैं और जल्दी ही ऐसा वक्त आएगा कि एआई इंसानों को बेकार कर देगी और ऐसा केवल एक दशक में हो जाएगा।




### केवल देखते रह जाएगा इंसान

वैज्ञानिकों को कहना है कि एआई तेजी से ज्यादा से ज्यादा बुद्धिमान होती चली जा रही है। लेकिन इंसान केवल इसे देखते रह जाने के अलावा और कुछ नहीं कर सकेंगे. एक्सपर्ट्स ने पाया है कि इंसान अपनी दिमागी ताकत खो रहे है, जैसे जैसे हम जनेरेटिव एआई का इस्तेमाल कर रहे हैं। एआई अब बिना इंसानी दखल के नया कटेंट तक बना सकता है।

**हर साल बुद्धि में कमजोर होते जा रहे हैं हम :** वैज्ञानिकों ने प्रोफेसर जेम्स फ्लिन के नाम पर फ्लिन प्रभाव का जिक्र किया है। उन्होंने पाया था कि पीढ़ी दर पीढ़ी इंसान बुद्धिमत्ता परीक्षणों में ज्यादा अंक लाते जाते हैं, पर यह चलन अब पलट रहा है। ज्यादा बुद्धिमान होने और आईक्यू टेस्ट में ज्यादा स्कोर करने की जगह हम अब लगातार कम अंक ला रहे हैं और ये स्कोर हर साल कम होता जा रहा है।

### घटता जा रहा है आईक्यू

वैज्ञानिकों को कहना है कि बीचे तीन दशकों से हमारा आईक्यू स्कोर लगातार गिर रहा है। ऐसा तब से है जब से इंटरनेट आया है, बल्कि 1949 में जब से इस तरह के टेस्ट शुरू हुए हैं। हाल का स्कोर सबसे कम है। नोबेल पुरस्कार विजेता और गूगल डीपमाइंड के सह संस्थापक सर डेमिस हसाबिस तो यह तक कह रहे हैं कि हो सकता है कि इंसान अगले एक दशक में ही बेकार साबित होने लगेंगे।



## कमजोर हो गई है इंसानी बुद्धि

अध्ययन बताते हैं कि एआई पर निर्भरता बढ़ रही है, जबकि आईक्यूस्कोर घटता जा रहा है। हमारी आलोचनात्मक सोच और ध्यान देने क्षमता दोनों मे कमी देखने को मिल रही है, क्योंकि इंसान सीखने की क्षमताओं और विशेषज्ञताओं से वंचित हैं। कॉर्नेल यूनिर्सिटी के मनोविशेषज्ञ रॉबर्ट स्टैमबर्ग का कहना है कि एआई ने पहले ही मानव बुद्धिमत्ता को कमजोर कर दिया है। स्विट्जरलैंड में कोल्टन के एसबीएस स्विस बिजनेस स्कूल के माइकल गेरलिटच ने 666 ब्रिटिश नागरिकों की आलोचनात्मक सोच का परीक्षण किया और पाया कि एआई का इस सोच से गहरा नाता है। वे कहते हैं कि सोशल मीडिया का ओलोचनात्मक सोच पर बहुत ज्यादा असर पड़ा है।

# इन जगहों पर महीनों नहीं डूबता है सूरज रात में दिखता है अनोखा नजारा



**लंदन।** दुनिया में एक पूरा दिन 24 घंटे का होता है। इसमें 12 घंटे का दिन और इतने ही घंटे की रात होती है। प्रकृति का नियम है कि दिन के बाद रात होती है और रात के बाद दिन होता है। हम में से ज्यादातर लोगों को लगता है कि पूरी दुनिया में यही नियम है। लेकिन धरती पर कई ऐसी जगहें हैं, जहां पर महीनों तक सूर्य अस्त नहीं होता है और रात नहीं होती है। दुनिया की इन जगहों पर सूर्य 70 दिन से अधिक नहीं डूबता है। यह जानकर आपको हैरानी हो रही होगी।

**नार्वे :** नार्वे आर्कटिक सर्कल में स्थित है जिसे लैंड ऑफ मिडनाइट सन भी कहा जाता है। इस देश में मई महीने से लेकर जुलाई महीने के आखिरी तक सूर्य अस्त नहीं होता है। यहां पर लगातार 76 दिनों तक रात नहीं होती है और दिन रहता है। इस देश में स्वालबार्ड में भी सूर्य 10 अप्रैल से 23 अगस्त तक नहीं डूबता है। अगर आप गर्मियों में घूमने की तैयारी कर रहे हैं, तो यहां पर जा सकते हैं।

**कनाडा :** कनाडा के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में नुनावुत शहर स्थित है। आर्कटिक सर्कल से लगभग दो डिग्री ऊपर स्थित यह शहर बेहद खूबसूरत है। इस शहर में लगातार दो महीने सूर्य अस्त नहीं होता है। सर्दी के मौसम में यहां पर 30 दिन तक सिर्फ रात रहती है और सूर्य नहीं निकलता है।

**आइसलैंड :** यूरोप के सबसे बड़े द्वीपों में शामिल आइसलैंड में जून में कभी सूर्य अस्त नहीं होता है। यहां पर 24 घंटे दिन रहता है। ग्रेट ब्रिटेन के बाद आइसलैंड यूरोप का सबसे बड़ा द्वीप है।

# एक खास उम्र में शुरू हो जाता है बुरी आदतों का असर, रिसर्च ने किया चौंकाने वाला खुलासा!

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंसान को सेहत बनाने के लिए बहुत अनुशासित और कई बुरी आदतों से दूर रहना होता है। इनमें सिगरेट शराब का सेवन, सबसे प्रमुख और खतरनाक माना जाता है। वैज्ञानिक और डॉक्टर ये तो बताते हैं कि खराब आदतों और गड़बड़ लाइफस्टाइल इंसान को लंबे जीवन जीने से रोकती है। पर यह बताना मुश्किल है कि ऐसा कब से शुरू होने लगेगा और इनके रहते समय के साथ सेहतमंद बने रहना भी मुश्किल होता चला जाता है। अब एक अनूठी रिसर्च में वैज्ञानिकों ने यह पता लगा लिया है कि आखिर किस उम्र में ये बुरी आदतें शरीर पर दिखाना शुरू कर देती हैं

### कैसे की रिसर्च

इस रिसर्च के लिए वैज्ञानिकों की एक टीम ने 1959 के बाद पैदा हुए सैंकड़ों बच्चों पर उनकी 61 साल की उम्र तक नजर रख पड़ताल की। रिसर्च में उन्होंने एक चौंकाने वाला नतीजा मिला कि जो लोग नियमित तौर से शराब पीते हैं, सिगेरट पीते हैं , और बहुत ही कम कसरत करते हैं, उनमें बीमार होने या निराश होने की संभावना कम हो जाती है। और यह सब केवल 36 साल की उम्र में ही शुरू हो जाता है।



## बुरा होने लगता है सेहत का हाल

फिनलैंड में लॉरिया यूनिवर्सिटी की डॉ. टिया केकेलेनेन का कहना है कि उनकी पड़ताल के नतीजों से पता चला है कि लंबे समय तक होने वाले नुकसान को रोकने के लिए सेहत संबंधी बर्ताव से जल्दी निपट लेना चाहिए। खराब आदतें आखिर में बुरी मानसिक और शारीरिक अवस्था में पहुंचा देती हैं। रिसर्च के नतीजे एनल्स ऑफ मेडिसिन में प्रकाशित हुए हैं।

### उस खास उम्र से ही

एक्सपर्ट्स का कहना है कि सुस्त और गतिहीन लाइफस्टाइल कई तरह की सेहत संबंधी समस्याएं देती हैं जिनमें सबसे प्रमुख शारीरिक समस्याएं होती हैं। वहीं, दूसरी तरफ धूम्रपान का संबंध मानसिक स्वास्थ्य से है और शराब का सेवन पूरी के पूरे स्वास्थ्य पर ही बुरा असर डालता है। पर शोधकर्ताओं का कहना हैकि अगर इन बुरी आदतों को मिडिलएज में यानी 36 साल से पहले ही छोड़ दिया तो बुढ़ापे में सेहत बेहतर रहेगी। केकेलेनेन का कहना है कि दिल के रोग और कैंसर से दुनिया में तीन चौथाई मौतें होती हैं। लेकिन, केवल अच्छी लाइफ स्टाइल से इसका जोखिम काफी कम किया जा सकता है।



# मैडम तुसाद संग्रहालय की शोभा बढ़ाएंगे राम चरण...

**मुंबई।** साउथ अभिनेता राम चरण की मोम की प्रतिमा सिंगापुर के मैडम तुसाद संग्रहालय में लगाई जाएगी। अभिनेता टॉलीवुड के चौथे सितारे होंगे, जिनकी मोम की प्रतिमा इस प्रसिद्ध संग्रहालय में लगाई जाएगी। पहले यह घोषणा की गई थी कि अभिनेता राम चरण के प्रिय पेट डॉग राइम का मोम का पुतला लंदन के मैडम तुसाद संग्रहालय में उनके मोम के पुतले के साथ ही लॉन्च किया जाएगा। अब उनके वैक्स स्टैच्यू के लॉन्च की तारीख भी सामने आ गई है। पिछले साल अबू धाबी में आयोजित आइफा अवार्ड्स के दौरान इस सम्मान का परिचय देने के लिए एक विशेष वीडियो दिखाया गया था।



लाइफ Style

# कृति

## मेंटल हेल्थ के लिए सरकार से की ये अपील

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की पूरे बॉलीवुड ने आलोचना की और कठोर कार्रवाई की मांग की है। इस बीच अभिनेत्री कृति खरबंदा ने हमले से प्रभावित हुए लोगों के लिए सरकार से मदद मांगी। उन्होंने पीड़ितों द्वारा मानसिक आघात का सामने किए जाने पर प्रकाश डाला।

अभिनेत्री ने पहलगाम हमले से प्रभावित परिवारों के लिए अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट की। इस पोस्ट में अभिनेत्री ने लिखा, 'कुछ विचार हैं, जो मेरे दिल को भारी कर रहे हैं। मैं उन्हें साझा करने के लिए बाध्य महसूस कर रही हूं।' अभिनेत्री ने पोस्ट-ट्रॉमेटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर के वास्तविक संघर्षों के बारे में बात की। उन्होंने मेंटल हेल्थ पेशेवरों से पीड़ितों की सहायता के लिए आग्रह किया। अभिनेत्री ने अपनी स्टोरी में लिखा, 'मैं हमारी सरकार, मानसिक स्वास्थ्य पेशेवरों, गैर सरकारी संगठनों और भावनात्मक उपचार के क्षेत्र में काम करने वाले किसी भी व्यक्ति से आग्रह करती हूं। कृपया इन परिवारों तक तक पहुंचें। जो चले गए वो चले गए, लेकिन जो अभी भी यहां हैं, उन्हें हमारी जरूरत है। वो कभी ठीक नहीं हो सकते हैं। उन्हें इससे निपटने में मदद की जा सकती है।' अभिनेत्री ने अपनी इस पोस्ट में जोर देते हुए कहा कि 'आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता है।' अभिनेत्री ने कहा, 'यह किसी आस्था का काम नहीं है, बल्कि व्यक्तियों का काम है- एक विकृत, कायर मानसिकता का। लोगों पर उनके सबसे कमजोर समय में हमला करने के लिए क्रूरता के अलावा और कुछ नहीं चाहिए।

हॉलीवुड मसाला




## ज्वेलरी चोरी मामले में संदिग्ध मांगेगा माफी

**लॉस एंजिल्स।** किम कार्दशियन के साथ हुई डकैती में 10 लोग शामिल थे, जिन पर सशस्त्र डकैती और अपहरण जैसे गंभीर आरोप हैं। उन्हीं में से एक ने कहा है कि वह पेरिस ट्रायल के समय माफी मांगेगा। 2016 में किम कार्दशियन के साथ पेरिस में हुई सशस्त्र डकैती के एक संदिग्ध, 71 साल के यूनिस अब्बास ने कहा है कि वह सोमवार से शुरू होने वाले पेरिस ट्रायल के मुकदमे में अपनी गलती स्वीकार करेगा और माफी मांगेगा। अब्बास ने कहा, 'मैं ईमानदारी से माफी मांगूंगा।' पेरिस फैशन वीक के दौरान किम कार्दशियन जिस अपार्टमेंट में रुकी थीं।



## जस्टिन बीबर पर टूटा दुखों का पहाड़...

**लॉस एंजिल्स।** कैनेडियन पॉप सिंगर जस्टिन बीबर पर दुखों का पहाड़ टूट गया है। उनके नाना ब्रूस डेल का 80 साल की उम्र में निधन हो गया है। बताया जाता है कि जस्टिन पहले से ही हेल्थ से जुड़ी समस्याओं का सामना कर रहे हैं। हाल ही में उनके कुछ वीडियोज वायरल हुए थे, जिसमें उनका बर्ताव देखकर उनके फैंस हैरान-परेशान हो गए थे। वाइफ हैली बीबर संग उनके रिश्ते में अनबन और तनाव की अफवाह भी उड़ी थी। जस्टिन बीबर ने इंस्टाग्राम पर अपने दिवंगत नाना को भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए कहा, 'पापा, मैं हमेशा आपके सारे पैसे ले लेता था। मुझे याद है कि आपने मुझे खास तौर पर बताया था कि नानी ने आपको हफ्ते के लिए 20 डॉलर का भत्ता दिया था! मैं हमेशा आपको शुक्रवार की रात हॉकी खेल के दौरान स्नैक्स पर खर्च करने के लिए मनाता था।



## 'सितारे जमीन पर' 20 जून को देगी दस्तक

**मुंबई।** अभिनेता आमिर खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'सितारे जमीन पर' को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। इस फिल्म का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब फिल्म को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है। आमिर ने ये कंफर्म किया कि 'सितारे जमीन पर' 20 जून को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। वहीं, फिल्म के मुख्य विषय के बारे में बात करते हुए आमिर ने कहा कि यह कई मायनों में मानसिक स्वास्थ्य के बारे में है। आमिर के इस खुलासे के बाद अब दर्शकों में फिल्म को लेकर उत्साह और भी बढ़ गया है। आरएस प्रसन्ना द्वारा निर्देशित यह फिल्म 2007 में आई आमिर खान द्वारा निर्देशित 'तारे जमीन पर' की अगली कड़ी बताई जा रही है। 'तारे जमीन पर'में डिस्लेक्सिया से पीड़ित एक बच्चे के संघर्ष को संवेदनशील तरीके से दिखाया गया था।



## टेबल टेनिस खिलाड़ी की भूमिका में...

**मुंबई।** फिल्म 'छावा' में छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका में सभी का दिल जीत चुके विक्की कौशल अब जल्द ही एक अनोखे किरदार में नजर आएंगे, जो लोगों के बीच पहले से ही मशहूर है। दरअसल, विक्की टेबल टेनिस खिलाड़ी की बायोपिक में नजर आने वाले हैं। ओटीटी प्ले की एक खबर के मुताबिक, 'छावा' में छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका निभाकर खूब वाहवाही बटोर चुके विक्की कौशल मे इस फिल्म के अलावा 'सरदार उधम' और 'सैम बहादुर' जैसी फिल्मों में भी वास्तविक किरदार निभाए हैं। अब, मशहूर टेबल टेनिस खिलाड़ी और ओलंपियन शरत कमल ने अपनी बायोपिक में विक्की कौशल को देखने की इच्छा जताई है। शरत कमल ने कहा कि वह अपनी बायोपिक के लिए विक्की कौशल को देखना पसंद करेंगे।

टीवी मसाला



## 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में आएगा नया ट्विस्ट

**नई दिल्ली।** लंबे समय से दर्शकों को एंटरटेन कर रहा टीवी शो ये रिश्ता क्या कहलाता में फैंस को चौथी पीढ़ी देखने को मिल रही है। जहां अभीरा और अरमान के किरदार में समृद्धि शुक्ला और रोहित पुरोहित की कैमेस्ट्री पसंद आ रही है तो वहीं लोगों का ध्यान सीरियल की कहानी पर जा रहा है। ये रिश्ता क्या कहलाता है के लेटेस्ट एपिसोड में पोद्दार परिवार कावेरी का बर्थडे सेलिब्रेट करता हुआ नजर आता है। जबकि अभीरा और अरमान जश्न में शामिल होते हैं। हालांकि, पूरा परिवार जान जाते हैं कि अभीर और चारू एक दूसरे को पसंद करते हैं, जिसके चलते शो के मेकर्स ने नया ट्विस्ट लाने का फैसला किया है। अपकमिंग एपिसोड में आप देखेंगे कि अरमान, विद्या से वादा करेगा कि अगर अभीर और कियारा अलग हो गए तो वे गोयनका से रिश्ता तोड़ देंगे। जबकि, दूसरी तरफ अभीर और अरमान के बीच एक और तीखी बहस देखने को मिलेगी। दरअसल, अभीर और कियारा को अभीरा तलाक लेने की सलाह देगी। हालांकि, कियारा ऐसा करने से मना कर देगी और अपने रिश्ते को एक और मौका देने की बात कहेगी। इससे अभीर और चारू हैरान रह जाएंगे। वहीं, अभीर कियारा के फैसले पर सवाल उठाएगा और कहेगा कि वह क्यों उस इंसान के साथ रहना चाहती है, जो किसी और से प्यार करता है। दूसरी तरफ मनीष माफी मांगता है। जबकि मनोज कहता है कि अगर अभीर सच में चारू को पसंद करता है तो वह घर आ सकती है।

## माधुरी के गाने पर 9 आंटियों ने किया डांस

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की धक धक गर्ल माधुरी दीक्षित का हर कोई दीवाना है। वहीं, उनके गाने एक दो तीन से लेकर चने के खेत में को फैंस का खूब प्यार मिलता है। इसी बीच सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जो कि एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित के शो डांस दीवाने का है। वीडियो में नौ मांएं एक्ट्रेस को उनके अब तक फिल्मों में दिए किरदार को कॉपी करते हुए डांस परफॉर्मेंस देती हुई नजर आ रही हैं। वीडियो को देखते ही फैंस भी दिल हार बैठे हैं। वहीं फैंस शानदार कहते हुए नजर आ रहे हैं। कलर्स टीवी के इंस्टाग्राम पेज पर यह वीडियो शेयर किया गया था, जो कि एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित के 57वें बर्थडे स्पेशल एपिसोड था। इसमें भारती सिंह को हंसी मजाक करते हुए देखा जा सकता है। जबकि माधुरी स्टेज पर आकर नौ माओं के साथ परफॉर्म करती हैं।



## वीकएंड पर 'ग्राउंड जीरो' ने हासिल की बढ़त, 'केसरी 2' ने लगाई छलांग

**मुंबई।** इमरान हाशमी की फिल्म 'ग्राउंड जीरो'ने बॉक्स ऑफिस पर शनिवार को बढ़त हासिल की। बीएसएफ कमांडेंट नरेंद्र नाथ धर दुबे की कहानी कहती इस फिल्म को सोशल मीडिया पर भी काफी प्यार मिल रहा है। वहीं, अक्षय कुमार की 'केसरी 2' ने वीकएंड पर अच्छी बढ़त हासिल की है। सनी देओल की 'जाट'को भी छुट्टी का लाभ मिला है।



***ग्राउंड जीरो :*** ग्राउंड जीरो' का फैंस लंबे समय से इंतजार कर रहे थे। फिल्म की कहानी दुर्दांत आतंकवादी 'गाजी बाबा' के खात्मे की कहानी दिखाती है। पहले दिन इसने महज 1.15 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। शनिवार को इसने 1.9 करोड़ का कलेक्शन किया। फिल्म की दो दिनों में कुल कमाई 3.05 करोड़ रुपए हो गई है। फिल्म में इमरान हाशमी के अलावा साई तम्हणकर, जोया हुसैन, मुकेश तिवारी, रॉकी रैना और गुनीत सिंह जैसे कलाकार भी शामिल हैं।

***केसरी 2 :*** अक्षय कुमार की फिल्म 'केसरी 2' जलियांवाला बाग हत्याकांड के बाद की घटनाओं पर आधारित है। फिल्म 'केसरी 2' ने शनिवार को एक अच्छी बढ़त हासिल की। बॉक्स ऑफिस से इसने सात करोड़ रुपये बटोरें। शुक्रवार को इसने 50 करोड़ का आंकड़ा छू लिया था। 'केसरी 2' ने ओपनिंग डे पर 7.75 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। पहले सप्ताह में इसने 46.1 करोड़ तक का कारोबार किया। दूसरे हफ्ते के पहले दिन यानी शुक्रवार को 4.42 करोड़ की कमाई करते हुए इसने 50.52 करोड़ रुपए का आंकड़ा छू लिया। अब शनिवार को आए उछाल की बदौलत इसने 57.15 करोड़ रुपए बटोरे हैं। फिल्म का बजट लगभग 150 करोड़ रुपये बताया जा रहा है।

***जाट :*** सनी देओल की 'जाट'ने भी शनिवार को कमाई में बढ़त हासिल की। फिल्म ने 1.36 करोड़ रुपये बॉक्स ऑफिस से जोड़े। इससे पहले शुक्रवार को इसकी कमाई लाख के आंकड़े में थी। हालांकि सनी देओल की 'जाट' को रिलीज हुए 17 दिन हो गए। फिल्म अब तक 100 करोड़ का आंकड़ा छू नहीं पाई है।

## इस वजह से साथी कलाकार को मौसमी चटर्जी ने मारा था थप्पड़, हाथ से निकलीं कई फिल्में...

**नई दिल्ली।** मौसमी चटर्जी अपने बेबाक अंदाज के लिए जानी जाती हैं। वह हमेशा मुखर रहीं और किसी भी तरह के दुर्व्यवहार को बर्दाश्त नहीं करती हैं। अगर कोई पुरुष कलाकार सीमा लांघता तो वह उस पर भड़क जाती थीं। बात हद से ज्यादा बढ़ जाती थी तो वह थप्पड़ तक मार देती थीं। हालांकि, अपनी बेबाकी के लिए उन्हें नुकसान भी उठाना पड़ा। हाल ही में अभिनेत्री ने इस बारे में बात की। उन्होंने बताया बेबाक होने की वजह से उनके हाथ से कई फिल्में निकल गईं।

### पुरुष करते थे फ्लर्ट

सुभाष के झा के साथ बातचीत में मौसमी चटर्जी ने बताया कि वह हद से ज्यादा बढ़ने वाले अभिनेता को थप्पड़ मार चुकी हैं। उन्होंने कहा 'वह इसी के लायक थे। वह सेक्सीस्ट थे, लेकिन मैं इसके लिए उन्हें दोष नहीं देती। आपको सिक्के के दोनों पहलू देखने होंगे। हीरो-हीरोइनों के साथ फ्लर्ट करते थे और वे उम्मीद करते थे कि हीरोइनें भी वैसा ही करें। यही तरीका था, जो वे जानते थे। उन्हें कोई और तरीका नहीं पता था। पुरुषों को उनकी मां लाड़-प्यार करके बड़ा करती हैं, फिर उनकी पत्नियां और बहनें भी उन्हें लाड़-प्यार करती हैं।'



### बड़े कलाकारों के साथ किया काम

आपको बता दें कि मौसमी चटर्जी ने साल 1967 में 'बालिका वधू' फिल्म से अपने एक्टिंग करियर की शुरूआत की। इसके बाद वह 'अनुराग' में नजर आईं। मौसमी ने अमिताभ बच्चन, विनोद खन्ना, राजेश खन्ना जैसे बड़े कलाकारों के साथ काम किया।

### हाथ से निकल गए कई रोल

*मौसमी चटर्जी ने बताया कि समझौता न करने की वजह से उन्हें कई फिल्मों से हाथ धोना पड़ा। उनसे पूछा गया कि फिल्म 'कोशिश' में उनकी जगह पर जया बच्चन को क्यों लिया गया? इस पर उन्होंने कहा 'इसकी वजह यह थी कि मैं अपनी गरिमा से समझौता नहीं करती, चाहे कुछ भी हो। वह बीते वक्त की बात है। बाद में गुलजार और मेरे बीच सुलह हो गई थी। कई साल बाद 'अंगूर' में साथ काम किया। हरिभाई (संजीव कुमार) 'कोशिश' और 'अंगूर' में भी मेरे हीरो थे। मैंने कई रोल खो दिए थे, क्योंकि मैं किसी के अहंकार को संतुष्ट नहीं कर सकती।'*

## बॉलीवुड की कई फिल्मों ने लोगों को गलत रास्ते पर चलने की दी है प्रेरणा

# इन फिल्मों को देखकर लोगों को मिला अपराध का आइडिया

*__नई दिल्ली।__ एक युवा सॉफ्टवेयर इंजीनियर धोखे से एक बड़ी कंपनी में नौकरी पाने में कामयाब हो गया। वर्चुअल इंटरव्यू में किसी और को अपनी जगह बैठाकर उसने नौकरी तो पा ली, लेकिन कुछ समय बाद ही उसका भांडा फूट गया। यह कहानी फिल्म ड्रैगन जैसी लगती है, लेकिन आपसे कहा जाए कि असल जीवन में ऐसी घटना हो चुकी है तो आप क्या कहेंगे? तेलंगाना के एक युवा सॉफ्टवेयर इंजीनियर रापा साई प्रशांत को इस फिल्म ने इतना प्रभावित किया कि उसने वास्तविक जीवन में ऐसा ही करने की ठान ली। हालांकि, उसका यह कारनामा 15 दिनों में कंपनी के सामने आ गया। दरअसल, कंपनी में काम शुरू करने के बाद सहकर्मियों को शक हुआ, क्योंकि प्रशांत की आवाज इंटरव्यू वाले व्यक्ति से अलग थी। इंटरव्यू में वह धाराप्रवाह अंग्रेजी बोल रहा था, लेकिन ऑफिस में उसे बेसिक बातचीत में भी दिक्कत हो रही थी। कंपनी के एचआर विभाग ने जांच शुरू की और वर्चुअल इंटरव्यू के स्क्रीनशॉट को प्रशांत की असली तस्वीरों से मिलाया। तब पता चला कि इंटरव्यू में कोई और था। इस मामले में युवक पर केस दर्ज हो चुका है। प्रशांत का यह कारनामा अकेला नहीं है। बॉलीवुड की कई फिल्मों ने लोगों को गलत रास्ते पर चलने की प्रेरणा दी है। आइए, उन फिल्मों और उनसे जुड़ी वास्तविक घटनाओं को विस्तार से जानते हैं।*

**डर :** इस फिल्म में शाहरुख खान एक सनकी प्रेमी, राहुल मेहरा, की भूमिका में नजर आए थे, जो अपने एकतरफा प्यार को पाने के लिए किरण (जूही चावला) का पीछा करता है। वह न केवल उसका अपहरण करने की कोशिश करता है, बल्कि हिंसा और धमकियों का सहारा लेता है। इस किरदार की सनक ने दिल्ली के एक युवक को इतना प्रभावित किया कि उसने वास्तविक जीवन में ऐसा करना शुरू कर दिया। उसने स्नैपडील में काम करने वाली एक लड़की का एक साल तक पीछा किया। वह उसकी हर गतिविधि पर नजर रखता था। आखिरकार, उसने लड़की का अपहरण करने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उसे समय रहते पकड़ लिया।




**हिंदी मीडियम :** इरफान खान की इस फिल्म में एक परिवार अपने बच्चे को अच्छे स्कूल में दाखिला दिलाने के लिए अपनी आर्थिक स्थिति को झूठा दिखाता है। 2013 में ऐसा ही एक मामला सामने आया, जहां एक परिवार ने फर्जी आय प्रमाण पत्र बनवाया। उन्होंने दिखाया कि वे झुग्गी में रहते हैं और उनकी सालाना आय 67 हजार रुपये है, जबकि हकीकत में वे करोड़ों कमा रहे थे।



**स्पेशल 26 :** अक्षय कुमार की यह फिल्म 1987 की एक सच्ची घटना पर आधारित है, जहां नकली सीबीआई अधिकारी बनकर एक व्यापारी से 35 लाख रुपए लूटे गए। फिल्म रिलीज के बाद मुंबई में 2013 में एक ऐसा ही मामला सामने आया। कुछ लोग नकली अधिकारी बनकर कारोबारियों पर छापे मारकर 21 लाख रुपए लूटकर फरार हो गए।





**धूम :** इस एक्शन फिल्म ने सुपरबाइक्स को भारत में लोकप्रिय बनाया। हालांकि, फिल्म में जॉन अब्राहम और उनके गिरोह द्वारा कसीनो की दीवार तोड़कर लूट का दृश्य कई अपराधियों को भा गया। केरल में एक गिरोह ने शोरूम की दीवार तोड़कर 8 करोड़ रुपए की चोरी की जो धूम की शैली से मिलती-जुलती थी।

***बंटी और बबली :*** *अभिषेक बच्चन और रानी मुखर्जी की यह फिल्म दो ठगों की कहानी है, जो चालाकी से लोगों को लूटकर ऐशो-आराम की जिंदगी जीते हैं। इस फिल्म से प्रेरित होकर दिल्ली में एक जोड़े ने 2013 में ठगी का धंधा शुरू किया। वे लोगों को बेवकूफ बनाकर पैसे लूटते और फरार हो जाते। पुलिस ने उन्हें पकड़ा तो उन्होंने बंटी और बबली से प्रेरणा लेने की बात कबूली।*



***दृश्यम :*** *अजय देवगन की यह थ्रिलर फिल्म एक ऐसी कहानी है, जहां एक आम आदमी अपनी बेटी और पत्नी द्वारा की गई हत्या को चतुराई से छिपाता है। उसकी योजना इतनी सटीक है कि पुलिस को भनक तक नहीं लगती। इंदौर में एक राजनेता ने इस फिल्म की नकल करने की कोशिश की। उसने एक लड़की की हत्या की और पुलिस को चकमा देने के लिए अपने घर के पीछे एक कुत्ते के बच्चे को मारकर सबूत छिपाने की कोशिश की। लेकिन, उसका अपराध जांच में सामने आ गया।*



भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव पर रख रहे नजर

# पहलगाम हमले के बाद लिया बड़ा फैसला: ब्रिक्स की अहम बैठक में शामिल नहीं होंगे विदेश मंत्री और एनएसए डोभाल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम आतंकवादी हमलों के बाद पाकिस्तान के साथ तनाव बढ़ने के कारण विदेश मंत्री एस जयशंकर एवं एनएसए अजीत डोभाल अगले हफ्ते होने वाली ब्रिक्स एनएसए और विदेश मंत्रियों की बैठक में शामिल नहीं होंगे। इस बैठक 30 अप्रैल को ब्राजील में होगी। रिपोर्ट के अनुसार, इस बैठक में अजीत डोभाल की जगह डिप्टी एनएसए पवन कपूर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। ब्रिक्स एनएसए बैठक में सीमा पार आतंकवाद के साथ-साथ दूसरे अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मुद्दों पर भी चर्चा होगी। सूत्रों ने बताया कि सीमा पार आतंकवाद, आतंकियों को मिलने वाली फंडिंग और उनके नेटवर्क को खत्म करना इस बैठक के सबसे अहम मुद्दों में शामिल रहेगा।

पहलगाम के बैसरन घाटी में 22 अप्रैल को हुए इस आतंकी हमले में ज्यादातर पर्यटकों सहित 26 लोगों की मौत हो गई थी। इस हमले के बाद से सुरक्षाबलों ने आतंकियों और उनके ठिकानों के खिलाफ सख्त अभियान शुरू कर दिया है। भारत सरकार ने स्पष्ट किया है कि सुरक्षा के नजरिए से ये फैसले लिए गए हैं।ब्राजील में होने वाली ब्रिक्स बैठक में 11 सदस्य देशों के विदेश मंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार शामिल होंगे। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य जुलाई में होने वाले ब्रिक्स सम्मलेन के लिए एजेंडा तैयार करना और उसे अंतिम रूप देना है। बैठकों में एआई, क्लाइमेट फाइनेंस, क्रॉस बॉर्डर पेमेंट्स इनीशियेटिव और मल्टीलेटरल संस्थानों में सुधार जैसे मामलों पर चर्चा की जाएगी।

ब्रिक्स की बैठक 30 अप्रैल को ब्राजील में होगी




## विदेश मंत्री और एनएसए क्यों नहीं जा रहे ब्राजील?

विदेश मंत्रियों की बैठक में यूक्रेन और पश्चिम एशिया जैसी अंतरराष्ट्रीय समस्याओं पर भी चर्चा होने की उम्मीद है। एनएसए और विदेश मंत्री ने इस बैठक में शामिल नहीं होने का फैसला इसलिए किया है, क्योंकि पहलगाम हमले के बाद सुरक्षा चिंताओं की वे निगरानी कर रहे हैं।

## देश को मौत के मुंह में धकेला: मुनीर और भुट्टो ने अपने परिवार को विदेश भगाया




पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर और पीपीपी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टों को मौत का डर सता रहा है। इन नेताओं ने पाकिस्तान की जनता को मौत के मुंह में धकेलकर खुद के परिवारों को विदेश में शिफ्ट कर दिया है। खबर है कि मुनीर ने अपने परिवार को ब्रिटेन और न्यूजर्सी भेज दिया है। जबकि पीपीपी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो का परिवार पाकिस्तान छोड़ कनाडा भाग गया है।

## पाक सेना में लगी इस्तीफे की झड़ी, दो दिनों में 5 हजार जवानों ने नौकरी छोड़ी

एलओसी पर भारत व पाक सेना के बीच बढ़ते तनाव से पाक सेना के जवान व अधिकारी अपनी जान बचाने के लिए इस्तीफे पर इस्तीफा दे रहे है। अधिकतर जवान व अधिकारी परिवार वालों के दबाव में आकर नौकरी छोड़ रहे है और कुछ मौत के डर से। पिछले दो दिनों में पाक सेना के पांच हजार के करीब जवान व अधिकारी अपने अपने पदों से इस्तीफा देकर अपने घरों को लौट चुके है और कई जवान व अधिकारी इस्तीफा देने की पूरी तैयारी कर चुके है। जिसके बाद से पाक सेना में हड़कंप सा मच चुका है। पाक सेना के उच्च अधिकारी लगातार पाक सेना प्रमुख को पत्र लिख रहे है और कह रहे है कि इस्तीफे के सिलसिले को बंद करवाए अगर ऐसा नहीं हुआ तो हमारे जवानों का मनोबल पूरी तरह से गिर जाएगा जिसके बाद हम कुछ भी नहीं कर पाएंगे।

## बिलावल की निकली हेकड़ी, बोले- बातचीत से समाधान होगा

पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के नेता बिलावल भुट्टो जरदारी के बयान के बाद भारत में एक बड़ा उबाल आ गया है। भुट्टो के बयान पर भारत ने कड़ा ऐतराज जताया है और इसकी कड़ी निंदा की है। अब भुट्टो अपने बयान को लेकर बैकफुट पर आ गए हैं। उन्होंने दोनों देशों से विवादों के समाधान के लिए बातचीत का सहारा लेने का आग्रह किया है। एक निजी चैनल को दिए गए साक्षात्कार में पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के नेता बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा कि पाकिस्तान और भारत को आपस में बातचीत कर के समाधान निकालना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान ने भारत के साथ बातचीत करने की पेशकश की थी, लेकिन भारत ने इसको अस्वीकार कर दिया। गौरतलब है कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पीपीपी नेता ने सिंध प्रांत में एक रैली के दौरान कहा था कि सिंधु हमारा है और हमेशा हमारा रहेगा या तो हमारा पानी इसमें बहेगा या उनका (भारतीयों का) खून बहेगा।

## दहशत

परमाणु हमले की दी धमकी

## हमले के डर से पाकिस्तानी रेल मंत्री ने दी गीदड़भभकी



पाकिस्तान के रेल मंत्री मोहम्मद हनीफ अब्बासी ने खुलेआम भारत को परमाणु हमले की धमकी देकर तनाव बढ़ा दिया है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद उन्होंने चेतावनी दी है कि घोरी, शाहीन और गजनवी मिसाइलों के साथ-साथ 130 परमाणु हथियार को केवल भारत के लिए रखा गया है। उन्होंने कहा कि हमारी मिसाइलें हमारे 130 परमाणु हथियार चौकों में सजाने के लिए नहीं है। वो भारत के लिए रखे गए हैं। अब्बासी की खुलेआम भारत पर परमाणु हमले की धमकी देने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।

# दिल्ली में 5000 पाकिस्तानी नागरिकों की हुई पहचान, मिली लिस्ट, अब छोड़ना होगा भारत

आईबी ने राष्ट्रीय राजधानी में रह रहे करीब 5000 पाकिस्तानी नागरिकों की सूची दिल्ली पुलिस को सौंपी है, ताकि इन लोगों की घर वापसी सुनिश्चित की जा सके।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम जिले में पर्यटकों पर हुए हालिया आतंकवादी हमले के बाद केंद्र के हालिया निर्देश के मद्देनजर पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द कर दिए गए हैं।

विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) ने सूची को दिल्ली पुलिस की एक विशेष शाखा के साथ साझा किया है और इसे आगे के सत्यापन और पहचान के लिए संबंधित जिले के साथ भी साझा किया गया है।



सूची में हिंदू पाकिस्तानी नागरिकों के नाम शामिल हैं, जिनके पास दीर्घकालिक वीजा (एलटीवी) है और उन्हें छूट दी गई है।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, सत्यापन के लिए सूची को संबंधित जिले को सौंप दिया गया है और पाकिस्तानी नागरिकों से उनके देश लौटने के लिए कहा गया है। मध्य और उत्तर-पूर्व जिलों में बड़ी संख्या में पाकिस्तानी नागरिक रह रहे हैं।

## पाकिस्तान में सुरक्षा बलों ने टीटीपी के 41 आतंकियों को किया ढेर

*पाकिस्तान में प्रतिबंधित संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से जुड़े कम से कम 41 आतंकियों को सुरक्षा बलों ने मार गिराया। यह मुठभेड़ उस वक्त हुई जब आतंकवादी अफगानिस्तान से पाकिस्तान में घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार रात को यह झड़प उत्तरी वजीरिस्तान के बीबाक गर क्षेत्र के करीब हुई। एक अधिकारी ने जानकारी दी कि आतंकियों ने बीबाक गर के इर्द-गिर्द डेरा डाल रखा था। तभी सुरक्षा बलों ने उन्हें घेरकर कार्रवाई शुरू की। अधिकारी के मुताबिक, "मारे गए आतंकवादियों में बड़ी तादाद अफगान शहरीयों की थी।*

## वरिष्ठ अधिकारी स्थिति की निगरानी कर रहे

*अधिकारी ने बताया कि इस मामले पर एक बैठक बुलाई गई थी और दिल्ली पुलिस को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। वरिष्ठ अधिकारी स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा और खुफिया ब्यूरो (इंटेलिजेंस ब्यूरो) के अधिकारियों को दिल्ली में रह रहे इन पाकिस्तानी नागरिकों के बारे में जानकारी एकत्र करने और उन्हें जल्द से जल्द भारत छोड़ने के लिए कहने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।*

## सिग्नेचर ब्रिज के पास 700 लोग रह रहे

सरकार ने बाद में स्पष्ट किया कि हिंदू पाकिस्तानी नागरिकों को पहले से दिए गए दीर्घकालिक वीजा (एलटीवी) मान्य रहेंगे। अनुमान के अनुसार, मजनू का टीला के पास लगभग 900 लोग और सिग्नेचर ब्रिज के पास 600-700 लोग रह रहे हैं।

## कई पाकिस्तानी नागरिक पहले ही देश छोड़ चुके

एक अन्य अधिकारी ने पुष्टि की कि उनके पास दिल्ली में रह रहे 3000 और 2000 पाकिस्तानी नागरिकों की दो सूचियां हैं। कुछ नाम इन सूचियों में दोहराए गए हैं और उनके ठहरने की स्थिति का सत्यापन किया जा रहा है, क्योंकि कई पाकिस्तानी नागरिक पहले ही देश छोड़ चुके हैं।

### मेडिकल वीजा भी 29 अप्रैल के बाद अमान्य

शुक्रवार को, गृह मंत्रालय ने पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द करने का आदेश जारी किया, जिसमें मेडिकल, डिप्लोमैटिक और दीर्घकालिक वीजा (एलटीवी) को छोड़कर सभी वीजा शामिल हैं। यह आदेश 27 अप्रैल, 2025 से प्रभावी होगा। मौजूदा मेडिकल वीजा भी 29 अप्रैल, 2025 के बाद अमान्य हो जाएंगे।

## पहलगाम हमले की एनआईए कर रही जांच

# 1500 से पूछताछ, 15 की हुई पहचान आतंकियों के मददगारों की खैर नहीं!



पहलगाम हमले के पीछे पाकिस्तानी आतंकियों की मदद करने वाले 15 लोकल कश्मीरी ओवरग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) और आतंकी सहयोगियों की पहचान की गई है। इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस से पता चला कि ये लोग हमले में शामिल आतंकियों के लिए जरूरी चीजें जुटाते थे। संभव है कि इन्होंने पाकिस्तान से हथियारों की खेप भी मंगवाई हो। सूत्रों ने कहा कि जांच एजेंसियां पांच मुख्य संदिग्धों पर नजर रख रही हैं। इनमें से तीन को पकड़ लिया गया है। पुलिस बाकी दो ओवरग्राउंड वर्कर्स की तलाश कर रही है। हमले के दिन ये पांचों संदिग्ध घटनास्थल के आसपास ही थे और उनके फोन भी उसी इलाके में एक्टिव थे। इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस में पता चला कि पकड़े गए तीन संदिग्ध आपस में पहलगाम में मौजूद पाकिस्तानी आतंकियों की मदद करने के बारे में बात कर रहे थे। सूत्रों के अनुसार, हमले से पहले की घटनाओं का पता लगाने के लिए 200 से ज्यादा ओवरग्राउंड वर्कर्स को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि सुरक्षाकर्मी बैसरन के आसपास के जंगलों में भागे हुए आतंकियों की तलाश कर रहे हैं और उन्होंने तलाशी अभियान और तेज कर दिया है। आसपास के कस्बों और जिलों में हमलावरों का कोई सुराग नहीं मिलने के बाद यह शक है कि वे अभी भी घने जंगलों में छिपे हो सकते हैं। ये जंगल उस घास के मैदान में मिलते हैं।

### पाकिस्तान के मददगारों पर शिकंजा

सूत्रों का कहना है कि पांचों संदिग्धों की भूमिका को लेकर पर्याप्त सबूत मिले हैं। एनआईए, जम्मू-कश्मीर पुलिस, इंटेलिजेंस ब्यूरो और रॉ की संयुक्त टीम 10 अन्य ओवरग्राउंड वर्कर्स से भी पूछताछ कर रही है। ये लोग पहले भी कश्मीर में पाक आतंकियों की मदद करते रहे थे और 22 अप्रैल को हमले के दिन घटनास्थल के पास ही मौजूद थे।

### ओवरग्राउंड वर्कर्स डेटाबेस छाना जा रहा

अधिकारी ने बताया कि हम ओवरग्राउंड वर्कर्स डेटाबेस को छान रहे हैं। इसमें हमने 1,500 से ज्यादा लोगों से पूछताछ की है। अब हमने 15 संभावित संदिग्धों पर खास फोकस किया है। इसके साथ ही दक्षिण कश्मीर में सक्रिय अन्य ओवरग्राउंड वर्कर्स से भी पूछताछ की जा रही है।

## कैसे करते थे आतंकियों की मदद

माना जा रहा है कि इन्होंने पिछले कुछ सालों में दक्षिण कश्मीर में कई हमलों में शामिल पाकिस्तानी आतंकियों की मदद की है। ये उन्हें जरूरी सामान मुहैया कराते थे। जंगलों में रास्ता दिखाते थे और यहां तक कि पाकिस्तान से हथियारों की खेप भी मंगवाते थे। जिनका इस्तेमाल आतंकी हमलों में किया जाता था। एक अधिकारी ने कहा कि हमारे पास इस बात के पर्याप्त सबूत हैं कि ये लोग पहलगाम हमले में शामिल आतंकियों के मददगार थे और उन्होंने उनके लिए जरूरी सामान का इंतजाम किया था। इस हमले में 4-5 आतंकी शामिल थे। इनमें से कम से कम दो पाकिस्तानी और दो स्थानीय कश्मीरी थे। हम इन 15 हिरासत में लिए गए ओवरग्राउंड वर्कर्स से और जानकारी निकालने की कोशिश कर रहे हैं। ताकि साजिश को पूरी तरह से समझा जा सके।

## पहलगाम अटैक पर विवादित पोस्ट, 7 राज्यों में 28 गिरफ्तार



*पहलगाम आतंकी हमले को लेकर सोशल मीडिया पर विवादित टिप्पणी करने पर 7 राज्यों से 28 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इन सभी गिरफ्तारियों में असम के विपक्षी पार्टी एआईयूडीएफ के विधायक, एक पत्रकार, एक वकील, 2 रिटायर्ड टीचर और 23 स्टूडेंट शामिल हैं। सोशल मीडिया पर विवादित पोस्ट करने पर उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, असम, मेघालय और त्रिपुरा में गिरफ्तारियां हुई हैं। सबसे अधिक 16 गिरफ्तारी असम से की गई है। पहलगाम हमले पर सोशल मीडिया पर विवादित टिप्पणी करने को लेकर पहली गिरफ्तारी 24 अप्रैल को असम के एक विधायक की हुई। गिरफ्तार विधायक अमीनुल इस्लाम असम की विपक्षी पार्टी एआईयूडीएफ से हैं। उन्होंने 2019 के पुलवामा हमले और 22 अप्रैल के पहलगाम हमले को 'सरकार की साजिश' बताया था।*

## 200 से ज्यादा ओवरग्राउंड वर्कर्स हिरासत में

*शनिवार तक पहलगाम हमले से पहले की घटनाओं का पता लगाने के लिए 200 से ज्यादा ओवरग्राउंड वर्कर्स को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। एक अधिकारी ने बताया कि लगभग 20-25 ओवरग्राउंड वर्कर्स को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। ये वे ओवरग्राउंड वर्कर्स हैं जो पाकिस्तानी आतंकियों के संपर्क में रहते हैं। उन्हें शरण देते हैं और उनके 'गाइड' के तौर पर काम करते हैं।*

### गुफा के अंदर एक बड़ा सा मैदान और पानी भी मिला

# सर्चिंग में नक्सलियों की बड़ी गुफा मिली इसमें छिप सकते हैं एक हजार नक्सली

बीजापुर और तेलंगाना की सीमा पर स्थित कर्रेगट्टा की पहाड़ियों में नक्सलियों के खिलाफ सबसे बड़े ऑपरेशन में जवानों को बड़ी सफलता मिली है। सर्चिंग के दौरान एक गुफा मिला है, जहां एक हजार से ज्यादा लोग आराम से रह सकते हैं।

एजेंसी ▶▶ बीजापुर

जिले के उसूर थाना क्षेत्र के कर्रेगुट्टा की पहाड़ी में नक्सलियों के खिलाफ पिछले पांच दिनों से चल रहे अब तक के सबसे बड़े ऑपरेशन कगार में शामिल जवान नक्सलियों के एक ठिकाने तक पहुंच गए है।

जवान जिस गुफा में पहुंचे हैं। उसके अंदर एक बड़ा सा मैदान और पानी मिला है। बीजापुर और तेलंगाना की सीमा पर स्थित कर्रेगट्टा की पहाड़ियों में नक्सलियों के खिलाफ सबसे बड़े ऑपरेशन में जवानों को सफलता मिली है।

सर्चिंग के दौरान एक गुफा मिली है, जहां एक साथ एक हजार से ज्यादा लोग आराम से रह सकते हैं। पांच दिनों की मशक्कत और 45 डिग्री की भीषण गर्मी के बीच जवान नक्सलियों के एक ठिकाने तक पहुंचने में सफल हो गए हैं। जवान जिस गुफा तक पहुंचे है। वहां का एक वीडियो वायरल हो रहा है।

## कर्रेगट्टा की पहाड़ियों में बनी है गुफा

## पांच दिन से जारी ऑपरेशन



## गुफा में आराम करने लायक वातावरण

गुफा के भीतर जवानों का तलाशी अभियान चल रहा है। नक्सलियों की मौजूदगी नहीं मिली पर साफ हो गया कि यहां नक्सली सुरक्षित ठिकाना बनाकर रह रहे थे। भीषण गर्मी और 45 डिग्री तापमान के बीच पांच दिनों के कड़ी मशक्कत के बाद आखिर जवान नक्सलियों के एक ठिकाने तक पहुंचने में कामयाब हो गए।

### हमें जानकारी नहीं; डीआईजी

इस मामले में दक्षिण बस्तर यानी दंतेवाड़ा के डीआईजी कमलोचन कश्यप ने कहा कि हमें इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है। इस मामले में हम कुछ नहीं कह सकते हैं। मौके पर नक्सल ऑपरेशन जारी है।

# ईरान में मरने वालों की संख्या 28 हुई, 800 घायल

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान के सबसे बड़े व्यवसायिक बंदरगाह बंदर अब्बास पर हुए भीषण विस्फोट में मरने वालों की संख्या बढ़कर 28 हो गई है, जबकि 800 से अधिक लोग घायल हुए हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक शुरुआती जांच में पता चला है कि घटनास्थल पर ज्वलनशील पदार्थों के स्टोरेज में लापरवाही से यह हादसा हुआ। ईरानी अधिकारियों ने



बताया कि यह विस्फोट बंदर अब्बास पोर्ट के ठीक बाहर शाहिद राजाई पोर्ट के सिना कंटेनर यार्ड में हुआ। यहां पर ट्रांसपोर्ट कंटेनर्स को रखा जाता है, जिसमें ऑयल और अन्य पेट्रो केमिकल फेसिलिटी भी है।

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में फैसला

# सेना की वर्दी की बिक्री और सिलाई करने पर बैन

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में सेना की वर्दी और युद्ध के पैटर्न वाले कपड़ों की बिक्री, सिलाई और उनकी स्टोरेज पर प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया गया है, ताकि राष्ट्र विरोधी तत्वों द्वारा इनका दुरुपयोग रोका जा सके। किश्तवाड़ के डिप्टी कमिश्नर राजेश कुमार शवन ने प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया। उन्होंने शनिवार को जारी आदेश में



कहा, विध्वंसक तत्वों द्वारा उत्पन्न यह खतरा सार्वजनिक सुरक्षा, सार्वजनिक शांति, सौहार्द और सुरक्षा के लिए आसन्न खतरा है, जिसके लिए तत्काल रोकथाम की आवश्यकता है।

## कुपवाड़ा में समाजसेवी को गोली मारी, मौत

कुपवाड़ा जिले में अज्ञात बंदूकधारियों ने एक नागरिक की गोली मारकर हत्या कर दी। मारा गया व्यक्ति समाजसेवी बताया जा रहा है, जिसका भाई कुछ साल पहले पाकिस्तान चला गया था और लश्कर में शामिल है।

### 17 नवंबर 2024 को उसके पास एक लिंक आया, थाईलैंड का एक टिकट भी भेजा

सेना के जवानों ने छुड़ाए 600 युवक

# नौकरी के बहाने थाईलैंड बुलाया, बंधक बनाकर म्यांमार में कराई थी साइबर ठगी

एजेंसी ▶▶ मुजफ्फरनगर

मंसूरपुर के जावेद के पास 17 नवंबर 2024 को टेलीग्राम से एक लिंक आया, जिसमें टाइपिंग का काम करने पर विदेश में डॉलरों में कमाई का झांसा दिया गया था। इसके बाद उसे बुलाकर जबरन साइबर ठगी के काम में लगा दिया गया। पहली बार एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसमें साइबर ठगों ने एक युवक को अपने जाल में फंसा कर विदेश में काम दिलाने के नाम पर बंधक बना लिया। साइबर ठगों ने पीड़ित युवक को म्यांमार में ठगी के धंधे में लगाया। पीड़ित युवक को म्यांमार की सेना ने बंधन मुक्त कराया।



इसके बाद पीड़ित अपने वतन वापस आ सका। सेना ने पीड़ित युवक सहित 600 युवकों को बंधन मुक्त कराया।

मंसूरपुर थाना क्षेत्र निवासी जावेद को नौकरी की तलाश थी। 17 नवंबर 2024 को उसके पास एक लिंक आया, जिसमें विदेश में टाइपिंग का काम करने के लिए लिखा गया था। लिंक टेलीग्राम के माध्यम से मिला था। उसे बताया गया कि कर्मचारी के आने -जाने का खर्च भी कंपनी वहन करेगी। उसे अगले ही दिन थाईलैंड का एक टिकट भी भेज दिया गया। पीड़ित युवक 20 नवंबर को थाईलैंड चला गया। थाईलैंड पहुंचने पर उसे वहां मिले लोगों ने म्यांमार भेज दिया। वहां पर उसे टाइपिंग का काम नहीं दिया गया। बल्कि क्रिप्टो करेंसी में निवेश कराने के धोखाधड़ी के काम में लगा दिया। युवक ने घर वापस भेजने के लिए कहा तो उसे बंधक बना लिया गया। घर भेजने के नाम पर उसे रुपये जमा कराने को कहा गया।

## म्यांमार की सीमा पर चलता है ठगी का धंधा

*पीड़ित युवक ने बताया कि ठगों ने उसे दो माह का टूरिस्ट वीजा दिलाया था, विश्वास कर वह चला गया। थाईलैंड से उसे व अन्य युवकों को अवैध तरीके से नदी पार कराकर म्यांमार ले जाकर सीमा के निकट बड़े अहाते में रखा गया। वहां पहले ही लगभग डेढ़ हजार युवक काम कर रहे थे। वहां उसे क्रिप्टो करेंसी के ठगी के धंधे में लगाया गया। वहां सभी युवक कंप्यूटर पर काम करते थे। सभी का अलग-अलग वेतन था, उसे 800 डालर प्रतिमाह देते थे। उसने घर जाने के लिए कहा तो उससे खर्च के रुपये मांगे गए। एक माह का उसे वेतन नहीं दिया। किसी तरह म्यांमार की सेना सूचना पाकर वहां पहुंची। वापस जाने के इच्छुक युवकों से पूछा तो उसने भी हां कर दी।*